ख़बरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

नई दिल्ली, शुक्रवार 26 सितम्बर 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 175 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

अधिकतम :33°C
न्यूनतम: 24°C

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आश्विन शुक्ल पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2082 | 3 रबी उल सानी1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**बेटियों को अच्छी शिक्षा और संस्कार दें माता-पिता: आनंदीबेन** पेज 2



**वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज के लिए टीम इंडिया का ऐलान, गिल बने कप्तान** खेल टाइम्स



**फलस्तीन से उसका अलगाव साबित करती है भारत की चुप्पी** सम्पादकीय



**यूएन में ट्रिपल तोड़फोड़ का शिकार हुआ: ट्रम्प** पेज 12

## धर्मेंद्र प्रधान बने बिहार के चुनाव प्रभारी, भूपेंद्र को प. बंगाल की कमान

**नई दिल्ली।** बिहार में चुनाव से ठीक पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने गुरुवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्री एवं वरिष्ठ नेता धर्मेंद्र प्रधान को बिहार विधानसभा चुनाव का प्रभारी बना दिया है। दूसरी ओर केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव को पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव का प्रभारी बनाया गया है जबकि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं सांसद बैजयंत पांडा को तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए प्रभारी नियुक्त किया गया है। भाजपा ने आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर अपने तीन प्रदेशों बिहार, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु के चुनाव प्रभारियों की घोषणा की है। इसके तहत नवम्बर में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव के लिए धर्मेंद्र प्रधान को चुनाव प्रभारी नियुक्त किया गया है। जबकि केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल चुनाव प्रभारी और उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री कैशव प्रसाद मौर्य को सह प्रभारी बनाया गया है। वहीं, भूपेंद्र यादव को पश्चिम बंगाल के चुनाव के लिए प्रभारी पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जबकि सांसद बिप्लव देव को पश्चिम बंगाल का सहप्रभारी बनाया गया है।

## भारत, केन्या व अमेरिका के तीन उद्यमियों को UNEP का शीर्ष पुरस्कार

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र ने अपने संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) के तहत भारत, केन्या और अमेरिका के तीन पर्यावरण उद्यमियों को वर्ष 2025 के लिए युवा पृथ्वी चैम्पियन पुरस्कार से सम्मानित करने का ऐलान किया है। ये पुरस्कार भारत की जिनाली मोदी, केन्या के जोसेफ नगुथिरु और अमेरिका के नोएमी फ्लोरिया को दिया जाएगा है। ये विजेता, गंदे पानी का उपचार करके स्वच्छ बनाने, स्वच्छ जल तक पहुंच, प्लास्टिक प्रदूषण घटाने और टिकाऊ विकल्प सामग्रियां विकसित करने जैसे कार्यों के जरिये अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में अपना योगदान दे रहे हैं।

## 'अतिपिछड़ा न्याय संकल्प पत्र' उपेक्षित वर्ग को मजबूत बनाने का वादा : राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बिहार की जमीनी राजनीति में पकड़ और मजबूत बनाने के लिए पार्टी के 'अतिपिछड़ा न्याय संकल्प पत्र' को इस उपेक्षित वर्ग की उन्नति के लिए कांग्रेस की प्रतिबद्धता का परिणाम बताया और कहा कि अति पिछड़ों के साथ अन्याय नहीं होने देंगे और उनके हित के लिए बराबर काम करेंगे। श्री गांधी ने बिहार की राजधानी पटना में कांग्रेस की सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था कांग्रेस कार्यसमिति की विस्तारित बैठक के पश्चात पार्टी का 'अति पिछड़ा न्याय संकल्प पत्र' जारी करने के एक दिन बाद गुरुवार को यहां सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि कांग्रेस अति पिछड़ों को उनका हक दिलाने के लिए संकल्पित है। उनका कहना था कि पार्टी का मकसद कमजोरों को मजबूत बनाना है और इसीलिए यह संकल्प पत्र जारी किया गया है।

# भारत में पहली बार ट्रेन से अग्नि-प्राइम मिसाइल का टेस्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो



- चीन, उत्तर कोरिया और रूस के बाद यह क्षमता हासिल करने वाला चौथा देश बना भारत
- मिसाइल दो हजार किमी तक की मारक क्षमता और कई उन्नत सुविधाओं से लैस

**नई दिल्ली।** लड़ाकू विमानों, युद्धपोतों और ड्रोन से मिसाइल दागने की क्षमता हासिल करने के बाद भारत ने अपनी सामरिक क्षमता को बढ़ाते हुए रेल से भी मिसाइल को सफलतापूर्वक दागकर सैन्य हथियार प्रणाली के क्षेत्र में नई उपलब्धि हासिल की है। चीन, उत्तर कोरिया और रूस के बाद यह क्षमता हासिल करने वाला भारत चौथा देश बन गया है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को बताया कि रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने विशेष रूप से तैयार रेल पर बनाई गई लॉन्चर प्रणाली से ओडिशा की चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज में अग्नि मिसाइल श्रृंखला की नई पीढ़ी की मिसाइल अग्नि प्राइम का सफल परीक्षण किया है। इस सफलता के साथ भारत यह क्षमता रखने वाले चीन, उत्तर कोरिया और रूस जैसे चुनिंदा देशों के क्लब में शामिल हो गया है। श्री सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में कहा कि डीआरडीओ ने रेल आधारित मोबाइल लॉन्चर प्रणाली से मध्यम दूरी की अग्नि-प्राइम मिसाइल का सफल परीक्षण किया है। अगली पीढ़ी की यह मिसाइल दो हजार किलोमीटर तक की मारक क्षमता के लिए डिजाइन की गई है और कई उन्नत सुविधाओं से लैस है। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से डिजाइन किए गए रेल आधारित मोबाइल लॉन्चर से किया गया अपनी तरह का यह पहला परीक्षण है। यह प्रणाली अपने आप में सक्षम और अत्याधुनिक संचार प्रणालियों तथा सुरक्षा तंत्रों सहित सभी स्वतंत्र प्रक्षेपण क्षमता सुविधाओं से सुसज्जित है। इसे देश भर में कहीं भी और कम दृश्यता के साथ कम समय में प्रक्षेपित किया जा सकता है। श्री सिंह ने सफल परीक्षण पर रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन, सामरिक बल कमान और सशस्त्र बलों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि इस सफल उड़ान परीक्षण ने भारत को उन चुनिंदा देशों के समूह में शामिल कर दिया है, जिनके पास चलते-फिरते रेल नेटवर्क से कैनिस्टराइज्ड प्रक्षेपण प्रणाली विकसित करने की क्षमता है।

# हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स को 97 तेजस फाइटर जेट का ऑर्डर

- केंद्र ने 62 हजार करोड़ की डील साइन की, आज रिटायर हो रहे मिग-21 की जगह लेगा तेजस

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने वायुसेना के लड़ाकू विमानों के बेड़े को बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 62 हजार 370 करोड़ रुपये की लागत से हिंदुस्तान ऐरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ 97 हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए मार्क 1 ए) की खरीद के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं।

रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि वायुसेना को मिलने वाले इन 97 विमानों में से 68 लड़ाकू विमान और 29 दो सीट वाले विमान शामिल हैं। वायुसेना को ये विमान सभी संबंधित उपकरणों के साथ मिलेंगे। विमानों की कीमत 62 हजार 370 करोड़ रुपये में कर की राशि शामिल नहीं है। वायुसेना को ये विमान वर्ष 2027-28 से मिलने शुरू हो जाएंगे और छह वर्षों की अवधि में सभी विमानों की आपूर्ति हो जाएगी। इस विमान में 64 प्रतिशत से अधिक कलपुर्जे और साजो-सामान स्वदेशी होंगे।

# जारी रहेंगे GST में सुधार: मोदी

## अपनी नाकामी छिपाने के लिए लोगों को भ्रमित कर रही कांग्रेस: प्रधानमंत्री

शाह टाइम्स ब्यूरो

**कहा: भारत और उप्र निवेश के लिए सबसे उपर्युक्त व आकर्षक जगह**

**नोएडा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में सुधारों पर देशवासियों को भ्रमित करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि कांग्रेस अपनी सरकारों की नाकामियों को छिपा रही है और देश की आर्थिक मजबूती के लिए मोदी सरकार में जीएसटी सुधारों का सिलसिला अनवरत जारी रहेगा।

पीएम मोदी ने दुनिया भर की कंपनियों का आह्वान करते हुए कहा कि भारत और उत्तर प्रदेश निवेश के लिए सबसे उपर्युक्त और आकर्षक जगह है तथा यहां पर निवेश भारत के साथ-साथ विदेशी कंपनियों के लिए भी फायदे का सौदा है। श्री मोदी ने गुरुवार को यहां उत्तर प्रदेश अंतर्राष्ट्रीय व्यापार प्रदर्शनी का उद्घाटन करने के बाद अपने संबोधन में जीएसटी व्यवस्था लागू किए जाने और बाद में उसमें किए गए नई पीढ़ी के सुधारों का उल्लेख किया और कहा कि इससे देश में आर्थिक मजबूती का सूत्रपात हुआ है। जीएसटी सुधारों पर विपक्ष की बयानबाजी पर उसे आड़े हाथों लेते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दल 2014 से पहले की अपनी सरकारों की नाकामियों को छिपाने के लिए लोगों को भ्रमित कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि कुछ राजनीतिक दल देश के लोगों को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं।



गौतम बुद्धनगर: ग्रेटर नोएडा में 'उत्तर प्रदेश अंतर्राष्ट्रीय व्यापार शो 2025' के उद्घाटन के दौरान उप्र के मुख्यमंत्री योगी द्वारा पीएम मोदी को सम्मानित किया गया।

# महिलाओं के खिलाफ अपराध मामले में राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों को नोटिस

शाह टाइम्स ब्यूरो



- सुप्रीम कोर्ट ने चार सप्ताह में अपना-अपना पक्ष रखने का दिया निर्देश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दुष्कर्म सहित महिलाओं के प्रति बढ़ती अन्य अपराधिक घटनाओं के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में अपना-अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता आबाद हर्षद पोंडा की याचिका यह निर्देश दिया।

याचिका में 2012 के निर्भया कांड के बाद लागू किए गए कड़े कानूनों के बावजूद यौन अपराधों की बढ़ती घटनाओं पर चिंता व्यक्त की गई है। याचिका में तर्क दिया गया है कि केवल कठोर दंड से इस समस्या (महिलाओं के खिलाफ अपराध) पर अंकुश नहीं लगा है। याचिका में निवारक उपायों तथा व्यापक जागरूकता की आवश्यकता पर जोर दिया गया है। इसमें यौन अपराधों पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और पोक्सो प्रावधानों को स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल करने, लैंगिक समानता और महिलाओं के प्रति सम्मान को बढ़ावा देने वाली नैतिक शिक्षा प्रदान करने, बच्चों में उनके अधिकारों के बारे में जागरूकता बढ़ाने, बलात्कार के प्रति शून्य सहानुभूति और सभी लिंगों के लिए समान सम्मान को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया है। शीर्ष अदालत ने अप्रैल 2025 में ऐसे अपराधों के मूल कारणों का पता लगाने के लिए स्कूलों के अलावा अशिक्षित और स्कूल छोड़ चुके लोगों को शामिल करने के लिए एक बहुआयामी जागरूकता अभियान की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया था। पीठ ने कहा कि उत्तर प्रदेश और मिजोरम को छोड़कर बुधवार को सभी राज्यों के अधिवक्ता उपस्थित थे। पीठ ने सुनवाई के दौरान राज्यों से पूछा कि क्या आपने प्रार्थनाओं (याचिका में की गई) का अध्ययन कर लिया है? इस पर राज्यों सरकारों की ओर से पेश वकीलों ने जवाब दाखिल करने के लिए अतिरिक्त समय का अनुरोध किया।

### उप्र में स्कूल मैदान में रामलीला की अनुमति

**नई दिल्ली।** न्यायमूर्ति सूर्य कांत, न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के संबंधित आदेश पर रोक लगाते हुए फिरोजाबाद के टूंडला स्थित जिला परिषद विद्यालय मैदान में रामलीला जारी रखने की अनुमति इस शर्त पर दी कि विद्यार्थियों को कोई असुविधा न हो।

# लद्दाख हिंसा पर बोला केंद्र: वांगचुक ने लोगों को भड़काया

- हालात काबू करने के प्रयास की जगह अपने घर चले गए वांगचुक

**लेह।** केंद्र सरकार ने लद्दाख में हिंसा के लिए सोशल एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक को जिम्मेदार ठहराया।

गृह मंत्रालय ने देर रात बयान में कहा कि वांगचुक ने भड़काऊ बयानों से भीड़ को उकसाया, हिंसा के बीच अपना उपवास तो तोड़ा, लेकिन हालात काबू करने के प्रयास की जगह एम्बुलेंस से अपने गांव चले गए। मंत्रालय ने कहा कि कई नेताओं ने वांगचुक से हड़ताल खत्म करने की अपील की थी, लेकिन उन्होंने हड़ताल जारी रखी। उन्होंने अरब स्प्रिंग शैली और नेपाल में जेन-जी विरोध प्रदर्शनों का जिक्र करके लोगों को गुमराह किया।

# मतगणना प्रक्रिया में बड़ा बदलाव

- बिहार चुनावों से लागू होगा डाक मतपत्रों की गिनती का नया नियम

**नई दिल्ली।** लोकसभा और विधानसभा चुनावों में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए चुनाव आयोग ने डाक मतपत्रों की गिनती की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित कर दिया है। अब गिनती के दौरान यह सुनिश्चित किया जाएगा कि डाक मतपत्रों की गिनती पूरी होने से पहले ईवीएम की गिनती का अंतिम चरण शुरू न हो।

अब तक प्रचलन यह था कि गिनती के दिन सुबह 8 बजे डाक मतपत्रों की गिनती शुरू होती थी और सुबह 8:30 बजे ईवीएम की गिनती। पहले के नियमों के मुताबिक, ईवीएम की गिनती डाक मतपत्रों की गिनती पूरी होने से पहले भी खत्म हो सकती थी। हालांकि, अब आयोग ने तय किया है कि ईवीएम की गिनती का दूसरा अंतिम चरण तभी शुरू होगा जब डाक मतपत्रों की गिनती पूरी हो जाएगी। नई व्यवस्था का पहला प्रयोग बिहार विधानसभा चुनावों में होगा, जो नवंबर में होने जा रहे हैं। आयोग ने स्पष्ट किया है कि इससे गिनती प्रक्रिया अधिक एकरूप और पारदर्शी बनेगी। इससे मतदाताओं और उम्मीदवारों के बीच किसी भी तरह के भ्रम की स्थिति नहीं रहेगी। चुनाव आयोग ने यह भी निर्देश दिया है कि जिन निर्वाचन क्षेत्रों में डाक मतपत्रों की संख्या अधिक होगी, वहां पर्याप्त संख्या में टेबल और गिनतीकर्मी लगाए जाएं।

# इरफान सोलंकी को मिली जमानत

**प्रयागराज।** कानपुर के जाजमऊ क्षेत्र में आगजनी मामले में सजा काट रहे समाजवादी पार्टी (सपा) नेता इरफान सोलंकी उनके भाई रिजवान सोलंकी और इसराइल आटेवाला की जमानत अर्जी इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने मंजूर कर ली है। न्यायाधीश समीर जैन की अदालत में राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल और अपर शासकीय अधिवक्ता ने जमानत का विरोध किया, वहीं इरफान सोलंकी की ओर से अधिवक्ता इमरान उल्लाह ने अपना पक्ष रखा। सोलंकी के वकील का कहना था कि इसी प्रकरण में अन्य सह आरोपियों को जमानत मिल चुकी है, इसलिए इनके वादियों को भी समानता के सिद्धांत के आधार पर जमानत दी जानी चाहिए।

**Global HR Solutions**
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्ध:
- वेल्डर (3G & 4G ARC)
- राज मिस्त्री
- कंस्ट्रक्शन लेबर
- सिलाई टेलर

वेतन: 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़:
- रेफरेन
- योग्यता प्रमाणपत्र
- सर्विस सर्टिफिकेट
- वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट

सम्पर्क करें :-
+91 8630026067

# सोनिया गांधी ने फलस्तीन मामले पर केंद्र को घेरा

शाह टाइम्स ब्यूरो




**नई दिल्ली।** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने केंद्र सरकार की फलस्तीन नीति को मानवता और नैतिकता की उपेक्षा करार दिया है।

मोदी सरकार को इस मामले में नेतृत्व करना चाहिए, लेकिन सरकार का रवैया मौन और व्यक्तिगत मित्रता के आधार पर दिखाई दे रहा है। श्रीमती गांधी ने फलस्तीन मुद्दे पर केंद्र सरकार की नीतियों की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि इस संबंध में सरकार का जो रवैया है उसमें मानवता और नैतिकता की उपेक्षा स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। श्रीमती गांधी ने एक समाचार पत्र में अपने लेख में कहा कि सरकार का रुख देश के संवैधानिक मूल्यों या रणनीतिक हितों के बजाय मुख्य रूप से श्री मोदी और उनके इजरायली समकक्ष बेंजामिन नेतन्याहू के बीच व्यक्तिगत दोस्ती से प्रेरित प्रतीत लगता है। फलस्तीन के मुद्दे पर भारत को नेतृत्व दिखाने की जरूरत है, लेकिन सरकार की प्रतिक्रिया में गहरी चुप्पी और मानवता और नैतिकता दोनों का परित्याग शामिल है। उन्होंने आगे लिखा कि यह व्यक्तिगत कूटनीति कभी भी स्थायी नहीं हो सकती और भारत की विदेश नीति का मार्गदर्शक सिद्धांत नहीं बन सकती। इस शैली के प्रयास विशेष रूप से अमेरिका में हाल के महीनों में सबसे अपमानजनक तरीके से विफल हुए हैं। लेख में कहा गया है कि फ्रांस, फलस्तीन राष्ट्र को मान्यता देने में ब्रिटेन, कनाडा, पुर्तगाल और ऑस्ट्रेलिया के साथ शामिल हो गए हैं। उन्होंने उल्लेख किया कि संयुक्त राष्ट्र के 193 सदस्य देशों में से 150 से अधिक देशों ने अब ऐसा कर दिया है। उन्होंने लिखा है कि भारत इस मामले में अग्रणी रहा है, जिसने फलस्तीन मुक्ति संगठन को वर्षों के समर्थन के बाद 18 नवम्बर, 1988 को औपचारिक रूप से फलस्तीनी राष्ट्र के तौर पर मान्यता दी थी।

## संक्षिप्त समाचार

### केशव प्रसाद मौर्य बने बिहार के सह प्रभारी

**लखनऊ।** बिहार चुनाव को लेकर तेज राजनीतिक सरगर्मी के बीच भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री और भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष केशव प्रसाद मौर्य को बिहार विधानसभा चुनाव में सह प्रभारी नियुक्त किया है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह की तरफ़ से जारी किए गए बयान के अनुसार भाजपा ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को चुनाव प्रभारी, केंद्री जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल को सह प्रभारी बनाया गया है। गौरतलब है कि भगवान बुद्ध से जुड़े पवित्र अवशेषों को रूस में प्रदर्शित करने वाले प्रतिनिधिमंडल की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य कर रहे हैं। इस नाते वह फ़िलिहाल रूस में हैं। संस्कृति मंत्रालय रूस के काल्मिकिया में 24 सितम्बर से एक अक्टूबर तक भगवान बुद्ध से संबंधित पिपरहवा (कपिलवस्तु) के पवित्र अवशेषों की प्रदर्शनी लगाई है।

### योगी ने पंडित दीन दयाल की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। योगी ने कहा है कि दीनदयाल जी का 'अंत्योदय दर्शन' आज भी वंचितों के उत्थान हेतु पथ-प्रदर्शक है। मुख्यमंत्री योगी ने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर अपना संदेश पोस्ट करते हुए लिखा है कि अंत्योदय और एकात्म मानववाद के प्रणेता, भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि!

# बेटियों को अच्छी शिक्षा व संस्कार दें माता-पिता:आनंदीबेन

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ 5100 कन्याओं के पूजन कार्यक्रम में बोलीं राज्यपाल पटेल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा है कि बेटियों के सामने कई चुनौतियां होती हैं, इसलिए उन्हें सशक्त बनाने के लिए उनको शिक्षित करना, संस्कारित करना और उनके स्वास्थ्य की रक्षा करना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि पूरे देश में बेटियों के लिए अनेक कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, जिनसे वे लगातार आगे बढ़ रही हैं। माता-पिता को जागरूक कर बेटियों को अच्छी शिक्षा और संस्कार देना आवश्यक है, क्योंकि बेटियां भविष्य में मातृत्व के रूप में समाज को सशक्त और संस्कारवान नागरिक प्रदान करती हैं। गुरुवार को नवरात्रि के पावन पर्व पर प्रेरणा संस्था के सहयोग से राजभवन, लखनऊ में 5100 कन्याओं का पूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। यह आयोजन प्रेरणा संस्था के सौजन्य से किया गया। इस अवसर पर 100 बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षा प्रदान करने हेतु निशुल्क एचपीवी टीकाकरण भी किया गया। इस पहल का उद्देश्य बालिकाओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। राज्यपाल ने इस कार्यक्रम से जुड़े सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, अध्यापकों एवं संचालकों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि इतनी बड़ी संख्या में बालिकाओं के राजभवन में आगमन ने राजभवन के गौरव को और बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि समाज में फैली गंदगी और नकारात्मकता से बेटियों को बचाना है। उन्हें संस्कारित और शिक्षित बनाकर ही हम उत्तम नागरिक तैयार कर सकते हैं।

### राष्ट्रपति ने कृष्ण कुब्जा मंदिर में किए दर्शन



**मथुरा।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गुरुवार की सुबह करीब सवा 10 बजे स्पेशल ट्रेन से धार्मिक यात्रा पर वृंदावन पहुंचीं। वृंदावन रोड रेलवे स्टेशन पर उनका शाहनाई की धुन के साथ भव्य स्वागत किया गया। राष्ट्रपति ने वृंदावन में साधु-संतों के साथ मुलाकात की और श्री ठाकुर बांके बिहारी मंदिर श्री कृष्ण जन्म स्थान मंदिर के दर्शन किए। इसके बाद निधि भवन में 500 मीटर की परिक्रमा की। वृंदावन में निर्धारित कार्यक्रम पूर्ण करके राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का काफिला मथुरा श्री कृष्ण कुब्जा मंदिर दर्शन के लिए पहुंचा। यहां राष्ट्रपति ने विधि-विधान से दर्शन-पूजन किया।

# ध्वस्तीकरण आदेश का पालन न होने पर हाईकोर्ट सख्त, तलब किया रिकॉर्ड

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ ने राजधानी के खुर्रम नगर इलाके में एक अवैध निर्माण के ध्वस्तीकरण के आदेश का अनुपालन न होने पर सख्त रुख अपनाया है। इस मामले में एकल पीठ ने अपील के निस्तारण तक ध्वस्तीकरण पर रोक लगा दी थी। दो सदस्यीय खंडपीठ ने इस पर आश्चर्य जताते हुए एकल पीठ के समक्ष दाखिल याचिका का रिकॉर्ड तलब किया है।

खंडपीठ ने कहा कि हम देखना चाहते हैं कि आखिर मामले में ऐसी क्या तात्कालिकता थी कि जिस दिन एकल पीठ के समक्ष याचिका दाखिल हुई, उसी दिन उसकी सुनवाई भी हो गई। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 27 अक्तूबर की तिथि नियत की है। न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार की खंडपीठ ने यह आदेश हेमंत कुमार मिश्रा की ओर से वर्ष 2016 में दाखिल जनहित याचिका पर दिया। याचिका में कहा गया है कि 10 मई 2016 को सक्षम अधिकारी ने इस अवैध निर्माण के ध्वस्तीकरण का आदेश दिया था। बजाय ध्वस्तीकरण के, एलडीए की सील को हटाकर इस अवैध निर्माण को और विस्तार देते हुए शॉपिंग कॉम्प्लेक्स बना लिया गया। मामले की सुनवाई के दौरान एलडीए के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि 2016 के ध्वस्तीकरण आदेश के बाद बिल्डर्स ने कम्पाउंडिंग प्रार्थना पत्र दिया था। इसे निरस्त करते हुए 2022 में नया ध्वस्तीकरण आदेश पारित किया गया। कहा गया कि कोर्ट के 13 अगस्त 2025 के आदेश के बाद एलडीए कोई कार्रवाई करता, इसके पहले ही 11 सितम्बर 2025 को बिल्डर फारुक सिद्दीकी व एक अन्य की याचिका दायर हुई।

# आई लव मोहम्मद पर बोले रजवी: हिंसा व विरोध गलत

शाह टाइम्स संवाददाता



■ विवाद पर मौलाना का साफ संदेश

**बरेली।** देशभर में आई लव मोहम्मद को लेकर हो रहे विरोध और विवाद पर ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने स्पष्ट प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद से मोहब्बत करना हर मुसलमान का ईमान और अकीदा है, लेकिन इसके साथ-साथ उनकी शिक्षाओं पर अमल करना सबसे अहम है।

मौलाना ने कहा कि पैगंबर-ए-इस्लाम ने हमेशा अमन और शांति का पैगाम दिया है। उन्होंने अपने विरोधियों से न टकराव किया, न विवाद, बल्कि हमेशा समझौते का रास्ता अपनाया। इसका सबसे बड़ा उदाहरण सुलह-ए-हुदैबिया है, जो इस्लामी इतिहास का अहम हिस्सा है। उन्होंने कहा कि मोहब्बत का इजहार सड़कों पर हुड़दंग मचाकर, धरना-प्रदर्शन कर, पुलिस से टकराकर या गैर-मुसलमानों से भिड़कर नहीं किया जा सकता। दुकानों में तोड़फोड़ और हिंसा करना पैगंबर-ए-इस्लाम की शिक्षा के खिलाफ है। पैगंबर ने फरमाया-अच्छा मुसलमान वही ह, जिसके हाथ, पैर और जबान से किसी को तकलीफ न पहुंचे। मौलाना ने यह भी कहा कि मोहब्बत का इजहार करने का सबसे अच्छा तरीका सीरत-उल-नबी के जलसे करना, मस्जिदों और मदरसों में उनकी शिक्षाओं पर रोशनी डालना और खुद की व परिवार की जिंदगी को उनके बताए रास्ते पर चलाना है।

## किसानों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं होगा: अखिलेश

# सपा सरकार बनने पर दाम बांधो नीति लागू होगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ नोएडा से जुड़े मुद्दे पर पत्रकारों से बोले सपा मुखिया

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को नोएडा से जुड़े मुद्दे पर बात करते हुए कहा कि दिल्ली से सटे इस इलाके में कारोबारी और निवेशक तो आ रहे हैं, लेकिन जिन किसानों की जमीन पर ये कारोबार फल-फूल रहा है, उनकी मांगें पूरी नहीं हो रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार षड्यंत्र और दबाव बनाकर किसानों से ज़मीन ले रही है।

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार आने पर किसानों को सर्किल रेट से अधिक मुआवजा मिलेगा और नोएडा से लखनऊ तक बेहतर सड़कें बनाई जाएंगी। गुरुवार को बसपा व अपना दल एस के कई नेता व समर्थकों ने समाजवादी पार्टी में आस्था जताते हुए सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान अखिलेश यादव ने कहा कि किसानों के साथ अन्याय की कीमत पर विकास को सही नहीं ठहराया जा सकता। उन्होंने कहा कि नोएडा इंटरनेशनल ट्रेड फेयर का आयोजन ऐसे वक्त पर हो रहा है, जब अमेरिका टैरिफ लगा रहा है और भारतीय कारोबार को भारी नुकसान झेलना पड़ रहा है। ओडीओपी को बचाने के लिए सरकार को बताना चाहिए कि वह क्या कर रही है। उन्होंने कहा कि महंगाई लगातार बढ़ रही है। इस पर काबू पाने के लिए कोई इंतजाम नहीं है। उन्होंने ऐलान किया कि 2027 में सपा की सरकार बनने पर नेताजी और डा. लोहिया की 'दाम बांधो' नीति लागू की जाएगी, ताकि महंगाई पर काबू पाया जा सके। अखिलेश यादव ने कहा कि यूपी में भाजपा ने भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। विधायक मंच से बोल रहे हैं कि 10 प्रतिशत कमीशन है उस पर बोलेंगे नहीं और हमें क्रीम, पाउडर और शैंपू में उलझा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग ज्यादा मुनाफा कमा रहे हैं, उन्हीं से बात की जा रही है। उन्होंने कहा कि वहां अपराधी, बीजेपी और पुलिस मिलकर जनता को परेशान कर रहे हैं। पुलिस खुद किडनैपिंग कर रही है और फिरौती मांग रही है।

### आजम से मिलने आठ को अखिलेश जाएंगे रामपुर



**लखनऊ।** लखनऊ में नौ अक्टूबर को बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती की रैली से एक दिन पूर्व आठ अक्टूबर को समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव आजम खान से मिलने जाएंगे। आजम के सीतापुर जेल से 23 माह बाद रिहा होने के बाद अभी तक समाजवादी पार्टी के किसी बड़े नेता ने उनसे मुलाकात नहीं की है।

नौ अक्टूबर को बसपा अध्यक्ष कांशीराम के परिनिर्वाण दिवस पर रैली के जरिए मिशन 2027 का आगाज करने जा रही हैं। इसको लेकर मायावती ने कार्यकर्ताओं को जुटने का निर्देश दिया है। इस बीच आजम खान के बसपा में जाने की चर्चाओं को पूर्ण रुप से विराम देने के लिए माना जा रहा है कि सपा ने रामपुर जाने का कार्यक्रम बनाया है। हालांकि बसपा में जाने के सवाल को अखिलेश यादव व आजम खान दोनों नेता नकार चुके हैं। गौरतलब है कि आजम खान के बसपा में जाने के सवाल पर अखिलेश यादव ने कहा कि आजम खान समाजवादी पार्टी के संस्थापक नेताजी और हम लोगों के साथ हैं। समाजवादी पार्टी आज से नही, न जाने कब से बीजेपी का मुकाबला कर रही है। जबकि आजम खान ने कहा है कि 23 माह वो जेल में बंद रहे, उनकी किसी से मुलाकात नही हुई है और न ही जेल के अंदर मोबाइल की सुविधा थी कि बात हो सके।



सेंसेक्स 81159.68
निफ्टी 24890.85



सोना रु. 115500
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 139900
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में लगातार पांचवें दिन गिरावट, सेंसेक्स 556 अंक लुढ़का



**मुंबई।** विदेशी निवेशकों की बिकवाली और अमेरिका के साथ जारी व्यापार तनाव की चिंता में घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को लगातार पांचवें दिन गिरावट रही और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स पिछले कारोबारी दिवस की तुलना में 555.96 अंक (0.68 प्रतिशत) लुढ़ककर 81,159.68 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 भी 166.05 अंक नीचे 24,890.85 अंक पर बंद हुआ। पांच दिन में सेंसेक्स लगभग 1854 अंक और निफ्टी-50 करीब 532 अंक गिरकर 9 सितम्बर के बाद के निचले स्तर पर आ चुके हैं। चौतरफा बिकवाली के बीच सिर्फ धातु सेक्टर की कंपनियों में निवेशकों ने विश्वास दिखाया। रियलिटी, आईटी, फार्मा, ऑटो, वित्तीय सेवा और स्वास्थ्य सेक्टरों पर ज्यादा दबाव रहा। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की अमेरिका यात्रा से उम्मीद लगाए बैठे निवेशकों में कोई सकारात्मक घोषणा न होने से निराशा हाथ लगी है। सेंसेक्स की कंपनियों में ट्रेंट का शेयर 3.19 प्रतिशत और पावर ग्रिड का 3.05 प्रतिशत टूट गया। टाटा मोटर्स में 2.71 फीसदी और टीसीएस में 2.50 फीसदी की गिरावट रही। एशियन पेंट्स, एनटीपीस, अडानी पोर्ट्स और बजाज फाइनेंस के शेयर भी डेढ़ से ढाई प्रतिशत के बीच लुढ़क गए। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से सिर्फ तीन के शेयर हरे निशान में बंद हुए। बीईएल में 2.05 प्रतिशत की तेजी रही। भारती एयरटेल और एक्सिस बैंक के शेयर भी बढ़त में बंद हुए। मझौली और छोटी कंपनियों पर भी दबाव रहा। निफ्टी मिडकैप.50 सूचकांक 0.66 प्रतिशत और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 0.57 फीसदी उतर गया। अधिकतर विदेशी बाजार भी गिरावट में रहे। हांगकांग का हैंगसेंग 0.13 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.01 प्रतिशत गिरकर बंद हुआ। वहीं जापान का निक्केई 0.27 प्रतिशत की बढ़त में रहा। यूरोप में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.65 प्रतिशत और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.23 प्रतिशत नीचे थे।

## नवरात्र के चौथे दिन अचानक सस्ता हुआ सोना-चांदी

**नई दिल्ली।** गुरुवार 25 सितंबर 2025 शारदीय नवरात्र के चौथे दिन सोना-चांदी की कीमतों में भारी गिरावट देखने को मिली। इससे सोना-चांदी के खरीदार काफी खुश है। कल यानी बुधवार के मुकाबले गोल्ड रेट 600 रुपये तक कम हुआ है। दिल्ली, जयपुर, नोएडा, लखनऊ, गाजियाबाद जैसे नॉर्थ इंडिया के शहरों में 10 ग्राम 24 कैरेट गोल्ड का रेट 1,15,500 रुपये के आसपास कारोबार कर रहा है। वहीं चांदी की कीमत 1,39,900 रुपये प्रति किलोग्राम है। वहीं मुंबई और कोलकाता जैसे मुख्य शहरों में गोल्ड रेट 1,15,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के पास है। चांदी की कीमत 1,39,900 रुपये प्रति केजी है।

देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने का भाव 1,15,510 रुपये, मुंबई में1,15,360, चेन्नई में 1,15,630, कोलकाता में 1,15,360, बेंगलुरु में 1,13,510 और हैदराबाद में 1,15,360 रुपये रहा। चांदी की बात करें तो दिल्ली में 1,39,900 रुपये प्रति किलोग्राम, मुंबई में 1,39,900 , बेंगलुरु में 1,42,700, चेन्नई में 1,49,900 और जयपुर में 1,44,097 रुपये प्रतिकिलोग्राम रही। सोना-चांदी की कीमतों में उतार-चढ़ाव विभिन्न कारकों से प्रभावित होते हैं, जैसे वैश्विक सोने की मांग, विभिन्न देशों की मुद्राओं का मूल्य और ब्याज दरें आदि।

# दिल्ली में भारत मंडपम में ताइवान एक्सपो इंडिया का हुआ उद्घाटन

नई दिल्ली, वार्ता

■ प्रौद्योगिकी दक्षता और नवाचार का प्रदर्शन

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के भारत मंडपम में गुरुवार को तीन दिवसीय ताइवान एक्सपो इंडिया 2025 का उद्घाटन हुआ जिसमें प्रौद्योगिकी और नवाचार क्षेत्र की कई कंपनियों ने भारत में व्यापार बढ़ाने के उद्देश्य से अपने उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई है।

इस प्रदर्शनी में 107 ताइवानी कंपनियां अपने उत्पादों का प्रदर्शन कर रही हैं। इनमें फॉक्सकॉन, डेल्टा इलेक्ट्रॉनिक्स, एडवांटेक आदि शामिल हैं। यहां ताइवान के आर्थिक मामलों के मंत्रालय की एक पहल ताइवान एक्सीलेंस (टीई) का एक विशेष ताइवान एक्सीलेंस पवेलियन भी है। इस पवेलियन का उद्घाटन ताइवान विदेश व्यापार विकास परिषद के चेयरमैन जेम्स सी-एफ- हुआंग ने किया। बॉलीवुड अभिनेत्री ईशा गुप्ता उद्घाटन समारोह में विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुईं। ताइवान एक्सीलेंस पवेलियन में आईटीसी, स्मार्ट लिविंग, हेल्थकेयर, आधुनिक गैजेट्स, और औद्योगिक समाधानों में काम करने वाली कंपनियां शामिल हैं। टोयो रोबोटिक्स के स्टॉल में इलेक्ट्रिक एक्चुएटर बनाने वाली मशीन का भी प्रदर्शन किया गया है। इस साल ताइवान एक्सीलेंस पवेलियन में 22 पुरस्कार विजेता ताइवानी ब्रांड्स शामिल हैं, जिनमें एडवांटेक, एएमए फैन्स, एवर, बीनबॉन, किमेई मोटर, साइप्रेस, आईबेस, आईपेवो, केंडा, लॉरिक, मैक्रोहाई, मेकॉम, माइक्रोबेस, एमएसआई, फिसन, प्रोसेन्ड, टीमग्रुप, टोयो, ट्रंसेन्ड, विंक्सपर, जेड-कॉम, और ज़ाइक्सेल प्रमुख हैं। इनमें से कई भारत में पहली बार प्रदर्शन कर रहे हैं। उद्योग मंडल फिक्की की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत ताइवानी निवेश के लिए एक प्रमुख गंतव्य के रूप में उभरा है, जिसमें इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट्स और इलेक्ट्रिक वाहन इन्फ्रास्ट्रक्चर जैसे क्षेत्रों में 15 अरब डॉलर निवेश आकर्षित करने की क्षमता है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि भारत का इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग, ग्रीन एनर्जी, ईवी, स्मार्ट सिटी, और आईसीटी में तेजी से विकास ताइवान की विशेषज्ञता और प्राथमिकताओं से मजबूती से मेल खाता है।

## पत्र वायरल होने पर भाजपा विधायक बोले, कैसे लीक हुआ करेंगे, जांच की मांग

**लखनऊ।** कासगंज सदर सीट से भारतीय जनता पार्टी के विधायक देवेंद्र सिंह राजपूत द्वारा भ्रष्टाचार को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लिखा गया पत्र वायरल हो गया है। पत्र वायरल होने के बाद स्वयं के द्वारा लिखा होने की पुष्टि लड़ते हुए विधायक ने कहा है कि पत्र कैसे लीक हुआ, इसके जांच की मांग वो मुख्यमंत्री से करेंगे। दरअसल पिछले दिनों शिक्षा विभाग में एक मामले को लेकर भाजपा विधायक देवेंद्र सिंह राजपूत ने भ्रष्टाचार का मुद्दा बताते हुए मुख्यमंत्री को पत्र लिख कर जांच कराने की मांग की थी। पत्र में भाजपा विधायक ने लिखा है कि कासगंज के बिलराम में स्थित सरदार भगत सिंह जूनियर हाई स्कूल विद्यालय में निरन्तर पठन-पाठन का कार्य किया जा रहा है। प्रार्थी के विद्यालय के माह मार्च 2011 से विद्यालय का वेतन भुगतान नहीं हुआ है, जबकि मा. उच्च न्यायालय इलाहाबाद खण्डपीठ लखनऊ द्वारा तीन माह के अन्दर एरियर भुगतान का आदेश पारित किया गया था। विधायक ने अपने पत्र में लिखा है कि बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल एवं बाबू अजय शंकर द्वारा रूपए 25 लाख की मांग की गई। जिसमें से प्रार्थी द्वारा 10 लाख रूपए की वसूली भी की गई है एवं वेतन भुगतान का आश्वासन दिया गया। परन्तु बकाया धनराशि मांग के लिए लगातार शिक्षा निदेशक द्वारा दबाव बनाया जा रहा है। अपितु विद्यालय के विरूद्ध कार्यवाही करने की धमकी दे रहे हैं।

# खड़गे-थरूर ने फलस्तीन के समर्थन में सोनिया के लेख को सटीक टिप्पणी बताया





**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पार्टी नेता शशि थरूर ने फलस्तीन पर कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के एक अखबार में छपे लेख में की गई टिप्पणियों को सटीक बताते हुए कहा है कि यह दोस्ती निभाने का समय नहीं है, इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मानवीय संवेदनाओं का ध्यान रखते हुए नैतिकता का परिचय देना चाहिए।

खड़गे ने कहा कि कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने एक बार फिर जोर देकर कहा कि भारत को फलस्तीन के मुद्दे पर अपनी क्षमता तथा नेतृत्व का परिचय देना होगा। श्रीमती गांधी के एक अखबार में प्रकाशित लेख के अंश उद्धृत करते हुए खड़गे ने उनके विचारों से सहमति जताई और कहा कि फलस्तीन में मानवाधिकार का गंभीर मुद्दा है और मोदी सरकार को इसको लेकर वैश्विक स्तर पर प्रमुखता से नेतृत्वकारी भूमिका निभानी चाहिए। उनका कहना था कि ऐसा प्रतीत होता है कि मोदी की फलस्तीन के नागरिकों पर हो रहे अत्याचार को लेकर कोई संवेदना नहीं है और वह इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से दोस्ती निभाने का काम कर रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष के अनुसार गांधी ने अपने लेख में कहा कि फलस्तीन में मानवीय संकट पर मोदी सरकार की गहरी चुप्पी मानवता तथा नैतिकता के खिलाफ है। ऐसा प्रतीत होता है कि उसकी कार्रवाई मुख्यत: भारत के संवैधानिक मूल्यों या उसके सामरिक हितों के बजाय इजराइली प्रधानमंत्री और मोदी के बीच व्यक्तिगत मित्रता से प्रेरित है। व्यक्तिगत कूटनीति की यह शैली कभी भी स्वीकार्य नहीं है और न ही यह भारत की विदेश नीति का मार्गदर्शक हो सकती है। विश्व मंच पर भारत की स्थिति किसी व्यक्ति के निजी गौरव-प्राप्ति के तरीकों तक सीमित नहीं हो सकती, न ही वह अपनी ऐतिहासिक उपलब्धियों पर निर्भर हो सकती है। इसके लिए साहस और ऐतिहासिक निरंतरता की भावना की सख्त जरूरत है। उन्होंने कहा कि भारत को फ़िलिस्तीन के मुद्दे को केवल विदेश नीति के रूप में नहीं, बल्कि अपनी नैतिक और सभ्यतागत विरासत की परीक्षा के रूप में देखना चाहिए। फिलिस्तीन के लोगों ने दशकों तक विस्थापन, लंबे समय तक कब्ज़ा, बस्तियों के विस्तार, आवाजाही पर प्रतिबंधों और नागरिक, राजनीतिक और मानवाधिकारों पर बार-बार हमलों को सहन किया है। उनकी दुर्दशा औपनिवेशिक काल के दौरान भारत द्वारा झेले गए संघर्षों की याद दिलाती है- एक ऐसा देश जिसे अपनी संप्रभुता तथा राष्ट्रीयता से वंचित कर अपने संसाधनों के लिए शोषित किया गया और सभी अधिकारों तथा सुरक्षा से वंचित रखा गया।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# अस्पतालों को मिली आधुनिक मशीनों की सौगात

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित सेवा पखवाड़े के अवसर पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने एक विशेष कार्यक्रम में स्वास्थ सेवाओं से जुड़ी कई महत्वपूर्ण योजनाओं का शुभारंभ किया। इनमें टीबी की आधुनिक जांच के लिए ४० ट्रूनैट मशीनें, १० पैथोडिटेक्ट मशीनें, २७ हैंडहेल्ड एक्स-रे मशीन, ११ नई कैट्स एंबुलेंस, ऑनलाइन अंगदान पोर्टल के साथ ही चाचा नेहरू बाल चिकित्सालय में जिला प्रारंभिक हस्तक्षेप केंद्र भी शामिल हैं।

दिल्ली सचिवालय में आयोजित इस कार्यक्रम में इस अवसर पर "टीबी हारेगा, देश जीतेगा" के संकल्प के साथ टीबी जागरूकता पुस्तिकाओं का विमा.चन और पोषण युक्त खाद्य किट का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने ऑनलाइन अंगदान पोर्टल का शुभारंभ करते हुए वर्ष २०११ से अपनी व्यक्तिगत अंग एवं देहदान की प्रतिबद्धता को याद करते हुए अंगदान को जीवन बचाने का एक पवित्र कार्य बताया। सीएम ने दिल्ली स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को इस दृष्टि को साकार करने के लिए दिल से बधाई दी।

मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में १५० नई डायलिसिस मशीनें पीप.ीपी मॉडल पर लगाई गई हैं, जिससे डायलिसिस मशीनों की क्षमता बढ़कर ३०० हो गई है। आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि आज ११ नई CATS एंबुलेंस को जोड़ने के बाद दिल्ली में कुल २७७ कैट्स एम्बुलेंस जनता की सेवा के लिए उपलब्ध हैं। अक्टूबर महीने तक ५३ और नई बेसिक लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस सेवा से जुड़ जाएंगी, जिससे एंबुलेंस के बेड़े की संख्या हमारी सरकार के दीर्घकालिक लक्ष्य १००० के बेहद करीब तक पहुंच जाएगी।

हमने ये लक्ष्य तय किया है कि दिल्ली में एम्बुलेंस पिज्जा से भी पहले जरूरत पड़ने पर लोगों के घरों तक पहुंचे। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि आज लॉन्च किए गए नए उपकरणों से २५ चेस्ट क्लीनिक के साथ १९० केंद्रों और ३३४ उपचार केंद्रों में सेवाएं और ज्यादा मजबूत होंगी, जबकि अब तक दिल्ली में लगभग ५६,००० लोगों को टीबी जांच और इलाज से जोड़ा जा चुक है।

उन्होंने दिल्ली के चाचा नेहरू बाल चिकित्सालय में जिला प्रारंभिक हस्तक्षेप केंद्र (क्म्प्ब) की शुरुआत की गई है, जो शिशुओं में विकास से संबंधी जांच और प्रारंभिक उपचार पर केंद्रित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को अब ऐसा रोल मॉडल बनाया जाएगा, जहां हर नागरिक, चाहे वह अमीर हो या फिर गरीब हो, सभी को आधुनिक तकनीक, सस्ती दवाइयां, मुफ्त जांच की सुविधा के साथ गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हों।

इस अवसर पर दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने सरकार बनने के बाद स्वास्थ्य के क्षेत्र में सात महीनों में हुई प्रगति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि केवल १६७ दिनों में दिल्ली में १६८ आयुष्मान आरोग्य मंदिर बनाए गए हैं, जो सस्ती, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं का रोल मॉडल बन गए हैं।

## प्रिया कपूर ने हाई कोर्ट में लगाई अर्जी

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिवंगत उद्योगपति संजय कापुर की पत्नी प्रिय कपूर ने दिल्ली हाईकोर्ट में एक नई अर्जी दायर करते हुए मांग की है कि उनके दिवंगत पति की निजी संपत्तियों और देनदारियों की सूची अदालत में सीलबंद लिफाफे में दाखिल करने की अनुमति दी जाए और सभी पक्षों को गोपनीयता बनाए रखने के लिए बाध्य किया जाए।

प्रिया कपूर ने वैकल्पिक तौर पर अदालत से "गोपनीयता क्लब" गठित करने की भी अपील की है। उनका कहना है कि मामले में वित्तीय पहलू जुड़े हुए हैं और दलीलें मीडिया में लीक हो रही हैं। न्यायमूर्ति ज्योति सिंह ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद मामले को शुक्रवार के लिए सूचीबद्ध कर दिया। प्रिय कापुर की ओर से पेश वरिष्ठ वकील शेल त्रेहन ने अदालत को आश्वस्त किया कि वे शुक्रवार को इस संबंध में व्यापक और व्यावहारिक सुझाव लेकर आएंगी।

# वरिष्ठ नागरिकों को 8 लाख के उपकरण बांटे

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** सेवा पखवाड़े के अंतर्गत दिल्ली के समाज कल्याण मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने बवाना के पंचायत भवन, नांगल ठाकरान में राष्ट्रीय वयोश्री योजना के तहत वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों को नि:शुल्क सहायक उपकरण वितरित किये।



रविन्द्र इन्द्राज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अंत्योदय संकल्प की दिशा में इस संकल्प की प्रेरणा पं. दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती के अवसर पर यह आयोजन हुआ है। कार्यक्रम में उच्च गुणवत्ता वाले करीब आठ लाख रूपये के उपकरणों का वितरण हुआ। पं. दीनदयाल उपाध्याय के आदर्शों और योगदान की जानकारी देते हुए रविन्द्र इन्द्राज ने कहा कि दिल्ली सरकार वरिष्ठ नागरिकों की सेवा के लिए हमेशा तत्पर है और ऐसे आयोजन लगातार होते रहेंगे। उन्होंने कहा कि पंक्ति में अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को मुख्यधारा में लाना और अंतिम छोर तक विकास पहुँचाना है। समाज कल्याण मंत्री ने कहा कि किसी भी पात्र वरिष्ठ नागरिक को यदि पेंशन का लाभ नहीं मिल रहा है तो वह आवेदन कर सकता है, यदि उसे सहायक उपकरण की आवश्यकता है तब भी हमें सूचित कर सकता है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के निर्देश हैं कि वरिष्ठ नागरिकों को दिल्ली सरकार की सभी संबंधित योजनाओं का लाभ मिले। सेवा पखवाड़े में दिल्ली में वरिष्ठ नागरिकों के लिए ५० हजार पेंशन वैकेंसी आई, साथ ही सावित्री बाई फुले ओल्ड एज होम, पश्चिम विहार का भी उपहार दिया गया। इस होम के जरिये ९६ वरिष्ठ नागरिकों के लिए आधुनिक व सुरक्षित आवास मिला। आज के आयोजन में करीब सौ वरिष्ठ नागरिक और दिव्यांगजन लाभान्वित हुए हैं। वितरित किए गए उपकरणों में व्हीलचेयर, वॉकर, व्हील बेयर एवं व्हील बेयर कमोड, कान की मशीन, चश्मा, सिलिकॉन फोम तकिया, स्पाइनल सपोर्ट बेल्ट, नी प्रेस, सर्वाइकल कॉलर और अन्य किट शामिल रहीं।

# एक्सिस बैंक ने पेश की पिंक कैपिटल

**नई दिल्ली।** रिपोर्ट के मुताबिक समलैंगिक (क्वीयर) उपभोक्ता जरूरी चीजों पर खर्चको प्राथमिकता देते हैं। ये उपभोक्ता सबसे अधिक महत्त्व प्रणाली गत पहुंच एवं समानता (34.2%), इसके बाद स्वास्थ्य सेवा एवं सुरक्षा (20%), वित्तीय सुरक्षा एवं भविष्य की स्थिरता (18.6%),भावनात्मक तथा सामाजिक मान्यता (17.3%), और जीवन शैली तथा संस्कृति (10%) को देते हैं। ये खर्च करने के तरीके एक ऐसे समुदाय को दर्शाते हैं जो अस्तित्व, सम्मान और दीर्घकालिक स्थिरता को प्राथमिकता देता है। इसके अलावा अध्ययन में पाया गया कि समलैंगिक उपभोक्ता उन ब्रांडों की ओर तेजी से आकर्षित हो रहे हैं जो ठोस, समावेशी समाधान प्रदान करते हैं, जैसे संयुक्त खाते, पेंशन और स्वास्थ्य सेवा लाभ आदि। समावेशी ब्रांडिंग महत्वपूर्ण हैं, लेकिन रोजमर्रा की प्रक्रिया में समावेश सबसे महत्वपूर्ण है जिससे स्थायी विश्वास बनताहै।

इस बाबत एक्सिस बैंक के एक्जिक्युटिव डायरेक्टर, मुनीश शारदा ने कहा, 'पिछले कुछ वर्षों में, एक्सिस बैंक ने 'एमएक्स' या ट्रांसजेंडर व्यक्तियों द्वारा खोले गए हजारों खातों को सेवा प्रदान की है। जो बढ़ते विश्वास, समुदाय के साथ गहन जुड़ाव और विशिष्ट व तेजी से सामनेआने वाले ग्राहक वर्ग के उदय का प्रमाण है। एक्सिस बैंक के ग्रुप एग्जिक्युटिव और प्रमुख ह्यूमन रिसोर्स, राजकमल वेम्पति ने कहा, 'पिंक कैपिटल को सामने लाकर, हम न केवल उचित पहलकर रहे हैं, बल्कि भारत में समावेशी वित्त के भविष्य का निर्माण भी कर रहे हैं।

## आईटीपीओ ने स्मार्ट व्यापार संवर्धन के लिए एनईजीडी के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

**नई दिल्ली।** भारत व्यापार संवर्धन संगठन (आईटीपीओ) और राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस प्रभाग (एनईजीडी) के बीच आईटीपीओ के डिजिटल प्लेटफॉर्म के विकास, उन्नयन और रखरखाव से संबंधित एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। आईटीपीओ के कार्यकारी निदेशक प्रेमजीत लाल और एनईजीडी के निदेशक सुनील शर्मा ने २३ सितंबर,को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। यह सहयोग सभी हितधारकों के लिए बेहतर व्यापार सुविधाएं, निर्बाध कार्यक्रम अनुभव और उन्नत डिजिटल सेवाएं प्रदान करने में सक्षम होगा।



**मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता व स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह एंबुलेंस सेवा का शुभारंभ करते हुए।**

## एक नजर

### पॉलीमर हार्ट वाल्व लांच किया

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हार्ट इंस्टीट्यूट, नई दिल्ली देश के उन गिने-चुने अस्पतालों में शामिल हो गया है जहां टीआरआईए मिट्रल वाल्व इंप्लांट करने के शुरूआती मामलों को दर्ज किया गया है। यह दुनिया का ऐसा पहला हार्ट वाल्व है जिसे खासतौर से तैयार पॉलीमर से बनाया गया है। इस सर्जरी को डॉ जेड एस महरवाल, चेयरमैन एंड हैड, एडल्ट कार्डियाक सर्जरी, हार्ट ट्रांसप्लांटेशन एंड वीएडी प्रोग्राम, फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हार्ट इंस्टीट्यूट के नेतृत्व में सफलतापूर्वक पूरा किया गया।

इस उपलब्धि के बारे में, डॉ महरवाल ने कहा, "हमें अपने मरीजों के लिए इस अत्याधुनिक हार्ट वाल्व को उपलब्ध कराने वाले शुरूआती स्वास्थ्य प्रदाताओं में से एक होने पर गर्व है। टीआरआईए मिट्रल वाल्व बहुत से युवा मरीजों और महिलाओं के लिए, उम्मीद की किरण है जो उन्हें आजीवन ब्लड थिनर्स या बार-बार सर्जरी की चुनौतियों से बचाकर सेहतम.ंद जीवन जीने का अवसर देता है।

### कैंसर के प्रति फैलाएंगे जागरूकता

**नई दिल्ली।** स्वास्थ्य सेवा कंपनी, जाइडस लाइफसाइंसेज लिमिटेड और भारत की सबसे बड़ी महिला दौड़, पिंकथॉन ने स्तन कैंसर पर अपने राष्ट्रव्यापी जागरूकता अभियान के एक भाग के रूप में जाइडस ने पिंकथॉन के साथ सहयोग किया है। जाइडस पिंकथॉन 2025-26 तक 6 शहरों में आयोजित किया जाएगा। स्तन कैंसर और महिलाओं के स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए जाइडस पिंकथॉन का नेतृत्व महिलाओं द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम का अनावरण डॉ. शारविल पटेल, मैनेजिंग डायरेक्टर, जाइडस लाइफसाइंसेज लिमिटेड, मेहा पटेल, वाइस-चेयरपर्सन, जाइडस फाउंडेशन, फिटनेस आइकन मिलिंद सोमन, संस्थापक पिंकाथन और अंकिता कोंवर, संस्थापक इन्विंसिबल वीमेन ने किया। उन्होंने नियमित स्व-स्तन जांच के महत्व और स्तन कैंसर के शुरुआती चरण में पहचान के लिए जाइडस पिंकाथन की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। इस अवसर पर बोलते हुए, जाइडस लाइफसाइंसेज के मैनेजिंग डायरेक्टर, डॉ. शरविल पटेल ने कहा,"द ईजिएस्ट एग्जाम अभियान के माध्यम से महिलाओं के हर महीने केवल ३ मिनट का सरल स्व-परीक्षण से जीवन बचाया जा सकता है।

### पानी व बुजुर्गों की पेंशन को लेकर किया प्रदर्शन




**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के सीमापुरी विधानसभा क्षेत्र के आम आदमीं पार्टी के कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र में दो महा से निरन्तर दिल्ली जल बोर्ड के E&M विभाग द्वारा पानी कम करने व 17 सितंबर से घोषणा करने बावजूद बुजुर्गों के पैशन न भरवाने के विरोध में दिल्ली सरकार के खफ्लिाफ प्रदर्शन किया आप कार्य कर्ता सुबह 10 बजे विधायक कार्यालय पर इकट्ठा होकर जल बोर्ड के ई एंड एम E&M कार्यालय व समाज कल्याण विभाग के कार्यालय संस्कार आश्रम पर धरना प्रदर्शन के लिए पैदल मार्च करते हुए नारेबाजी करते हुए जा रहे थे तभी ताहिरपुर सराय के सामने दिल्ली पुलिस ने उन्हें रोक लिया। प्रदर्शन कारीयों ने वहीं पर जमकर नारेबाजी की प्रदर्शन कारी हाथों में तरह-तरह के श्लोकों से लिखी तख्तियां लिए हुए थे जिन पर सीमा पुरी को पूरा पानी देने व बुजुर्गों के पैंशन फार्म भरवाने की माँग के शलोगन लिखे थे प्रदर्शन का नेतृत्व क्षेत्रीय विधायक वीरसिंह धिंगान ने किया धिंगान ने अपने सम्बोधन में कहा की दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारी व सरकार सीमा पुरी में पानी की कटौती कर भेदभाव कर रहे हैं। जिस कारण उनके क्षेत्र में नन्द नगरी, सीमा पुरी सहित कई जगहों पर पूरा पानी नहीं मिल रहा है। इससे तथा बुजुर्गों को घोषणा करने के बाद भी उनके पेंशन फार्म नहीं भरवाए गए रहे हैं।ये बुजुर्गों के साथ अन्याय हो रहा हैं। धिंगान ने कहा कि सरकार ने शीघ्र पूरा पानी नहीं दिया और बुजुर्गों के पेंशन फार्म नहीं भरवाए तो वे आन्दोलन को तेज करेंगे।प्रदर्शन में मोहिनी जीनवाल निगम पार्षद प्रवीण कसाना विनोद पाल पूर्व निगम प्रत्याशी वसीम अब्बासी वार्ड अध्यक्ष डा० पाल वार्ड अध्यक्ष फकरे आजम हाजी अकरम,ओमवीर चौहान,बी लाल,दर्शन लाल,रमेश डाबला,रमेश डाबला फौजी भाई,निजाम भाई, आदि बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## अब अपनी सांस से जान सकेंगे शरीर में शुगर का स्तर

**नई दिल्ली।** डायबिटीज के मरीज अब बिना सुई चुभोए अपनी सांस से जान सकेंगे उनके शरीर में शुगर का स्तर क्या है। इसके लिए जो डिवाइस तैयार की गई है उसकी जांच की सटीकता ८६ फीसदी है। इस संबंध में आईआईटी दिल्ली के टेक्नोलॉजी इनोवेशन हब आईएचएफसी की ओर से आयोजित प्रदर्शनी में अलग-अलग स्टार्टअप कंपनी ने हिस्सा लिया। जिसमें उन्होंने खुद से तैयार उपकरणों प्रदर्शित किए। इस डिवाइस से शुगर जांच के लिए आपको इसमें फूंक मारनी होगी। फिर पांच सेकेंड में डिवाइस की स्क्रीन पर शुगर का स्तर पता चल जाएगा। डिवाइस तैयार करने वाले अच्युत अग्रवाल ने बताया कि सांसों का विश्लेषण करके शुगर के स्तर का आंकलन कर सकते है। ऐसे तत्व हमारी सांस में मौजूद होते है।

# चिराग दिल्ली में हुआ लक्ष्मण परशुराम संवाद

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** श्री धार्मिक रामल.ीला दक्षिणी दिल्ली चिराग श्री धार्मिक रामलीला दक्षिणी दिल्ली के मुख्य संरक्षक राकेश गुलिया ने बताया कि इस बार भी हर वर्ष की तरह भव्य राम लीला का आयोजन किया जा रहा है।

इस बार स्वच्छ यमुना सफाई के लिए समाज को मंच के माध्य से सब को जागरूक किया जा रहा है। आज मंच पर अहिल्या उद्धार, धनुष यज्ञ, सीता स्वयंवर, लक्ष्मण परशुराम संवाद हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में रमेश बिधूड़ी लोकसभा के पूर्व सदस्य विधायक शिखा राय उपस्थित रही। इस मौके पर पूर्व निगम पार्षद सुनीता गुलिया, प्रधान आनंद जैन, सुशील गुप्ता, सोमनाथ मुखर्जी, कपिल शर्मा, प्रदीप



तेवतिया, सुदन गुप्ता, इंद्रजीत गुलिया, सुरेन्द्र चौधरी, सुनील गुलिया, धर्मेंद्र गुलिया, हर्ष गुलिया, वरुण सुदन, विक्रान्त गुलिया, जितेन्द्र अहलावतऔर प्रवीण गुल्लैया कार्यकारिणी सदस्यों सहित मौजूद रहे। श्री धार्मिक रामलीला दक्षिणी दिल्ली के मुख्य संरक्षक राकेश गुलिया ने बताया २६सितम्बर २०२५ कल सीता विदाई, दशरथ केकई संवाद, राम वनवास, निषाद राज मिलन होगा।

# उपमहापौर ने बेगमपुर वार्ड में चलाया सफाई अभियान

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** उप महापौर जय भगवान यादव के नेतृत्व में आज बेग.मपुर वार्ड में सेवा पखवाड़े के अंतर्गत एक विशेष सफाई अभियान और "एक पेड़ माँ के नाम" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्थानीय निवासियों और स्कूल के बच्चों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

सभी ने मिलकर गली नंबर 9और उसके आसपास के क्षेत्रों में सफाई अभियान चलाया और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई। इस दौरान, "एक पेड़ माँ के नाम" पहल के तहत पौधे लगाए गए, जिससे स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर उप महापौर, जय भगवान ने कहा कि स्वच्छता सिर्फ एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हम सभी का दायित्व है। जब हम अपने आसपास के वातावरण को साफ और हरा-भरा बनाएंगे, तभी हम एक स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित कर सकते हैं। यह कार्यक्रम एक प्रेरणा है, और मैं उम्मीद करता हूं कि ऐसे आयोजन समाज में स्वच्छता और पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाएंगे। कार्यक्रम में बच्चों, स्थानीय निवासियों और युवाओं ने एकजुट होकर इस प्रयास को सफल बनाने में योगदान दिया। इस आयोजन का उद्देश्य न केवल स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना था, बल्कि पर्यावरण के संरक्षण में भी भागीदारी को प्रोत्साहित करना था।



**निगम द्वारा आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय मार्ग स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की प्रतिमा पर उनके जन्म दिवस के अवसर पर माल्यार्पण करते महापौर, सरदार राजा इकबाल।**

# पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर महापौर ने किया माल्यार्पण

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम द्वारा आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय मार्ग (एलटीएनओ पार्क, इण्डिया गेट) स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की प्रतिमा पर उनके जन्म दिवस के अवसर पर माल्यार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महापौर, सरदार राजा इकबाल के साथ केंद्रीय शिक्षा मंत्री, धर्मेंद्र प्रधान, सांसद मनोज तिवारी, सांसद, योगेंद्र चंदौलिया, सांसद, रामवीर सिंह बिधूडी, दिल्ली सरकार में मंत्री आशीष सूद, प्रवेश वर्मा तथा पंकज कुमार सिंह, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष, वीरेंद्र सचदेवा, निगम पार्षदगण, वरिष्ठ अधिकारी एवं स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। महापौर, दिल्ली नगर निगम राजा इकबाल सिंह ने अपने संबोधन में कहा पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी भारतीय राजनीति के एक ऐसे युगपुरुष थे जिन्होंने 'अंत्योदय' का सिद्धांत समाज को दिया। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि किसी भी राष्ट्र की प्रगति तभी संभव है जब समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुँचे।

महापौर ने कहा कि आज जब हम उनकी जयंती मना रहे हैं तो हमें यह स्मरण करना चाहिए कि उनका हर विचार आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना उनके जीवनकाल में था। दिल्ली नगर निगम पं. उपाध्याय की विचारधारा से प्रेरणा लेकर नागरिक कल्याण, सामाजिक समरसता और स्वच्छ, स्वस्थ एवं आत्मनिर्भर नगर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## आउटस्टैंडिंग यूनिवर्सिटी फॉर ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अवॉर्ड मिला

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी को आउटस्टैंडिंग यूनिवर्सिटी फॉर ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित 'द्वितीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन -ट्रांसफॉर्मिंग हायर एजुकेशन एंड स्किलिंग टुवर्ड्स विकसित भारत 2047और एजुकेशन एक्सीलेंस अवॉर्ड्स 2025 में प्रदान किया गया। यह पुरस्कार 'सर्विस एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से दिया गया। यह अवॉर्ड NIU को छात्रों के करियर निर्माण, आधुनिक प्रशिक्षणके लिए प्रदान किया गया। डॉ. देवेश कुमार सिंह, चेयरमैन ने कहा यह सम्मान हमारे लिए गर्व का विषय है।

# सेवा पखवाड़ा के तहत स्वच्छता अभियान चलाया

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मोत्सव के रूप मे भाजपा द्वारा देश भर में सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है,इसी कड़ी में देश भर में स्वच्छता अभियान, रक्तदान शिविर और स्वास्थ्य सम्बंधित कैम्प लगाकर मानवता का संदेश दिया जा रहा है।

वीरवार को सेवा पखवाड़ा मनाते हुए उत्तर-पूर्वी दिल्ली के बिहारीपुर पुस्ता रोड पर सीआरपीएफ की 103 बटालियन के द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान में मुख्य अतिथि के रूप में दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री कपिल मिश्रा सीआरपीएफ के निदेशक सुनील कुमार यादव कमांडेंट हर्षवर्धन,103 बटालियन के कमांडेंट चन्दम बॉबी सिंह आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे स यह



स्वच्छता कार्यक्रम माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म उत्सव और पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के मौके पर चलाया गया था स कैबिनेट मंत्री कपिल मिश्रा और बटालियन के अधिकारी गण स्वच्छता अभियान चला कर प्रधानमंत्री मोदी के स्वच्छता भारत अभियान को बढ़ावा दे रहे हैं और मानवता का संदेश भी दे रहे हैं वही इस कार्यक्रम में पुष्पांजलि मॉडल पब्लिक स्कूल के छोटे-छोटे बच्चे हाथों में तख्ती पर स्लोगन लिखकर स्वच्छता अभियान को बढ़ावा दे रहे थे और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर रहे थे।

## नवरात्रि कलेक्शन लॉन्च किया

**नई दिल्ली।** फेस्टिव सीजन के आगमन पर फैबइंडिया ने अपना नया नवरात्रि कलेक्शन लॉन्च किया है। यह कलेक्शन पारंपरिक कला-कौशल और आधुनिक डिजाइन का अनूठा मेल है, जिसमें अपैरल, एक्सेसरीज और होम डेकॉर का खास चयन शामिल है। इसमें रस्ट, पीले और नारंगी जैसे वाइब्रेंट शेड्स शामिल हैं।, जो नवरात्रि की ऊर्जा और उमंग के लिए बिल्कुल उपयुक्त हैं। हर मौके के लिए परफेक्ट इस कलेक्शन में महिलाओं के लिए खूबसूरत साड़ियों और कुर्तों से लेकर पुरुषों के लिए स्टाइलिश बंदगला और ट्राउजर, और बच्चों के लिए आरामदायक एथनिक वियर शामिल हैं। यह ऑउटफिट्स आपकी हर छोटे - बड़े उत्सव और पारिवारिक मौके पर कम्फर्ट और स्टाइल दोनों का संतुलन पेश करते हैं।

# कहानियों को आय में बदलने के लिए लांच किया एआई टूल

**नई दिल्ली।** कहानियां लिखना और उनसे कमाई करना अब बहुत आसान हो गया है। पॉकेट एफएम के नए प्रोडक्ट एआई क्रिएटर टूल की मदद से लेखक केवल एक दिन में अपनी कहानियों को ऑडियो शो में बदल सकते हैं।

अपलोड होने के बाद ये कहानियां पॉकेट एफएम पर दुनिया भर के लाखों श्रोताओं तक पहुंचेंगी, जिससे लेखक तुरंत इनसे कमाई शुरू कर सकते हैं। "पॉकेट एफएम से पहले, लिखना सिर्फ मेरा एक शौक था जिसे मैं काम के बाद करता था, और मुझे सच में उम्मीद नहीं थी कि यह मेरी जिंदगी बदल सकता है। मेरे पास संपादकों को रखने के लिए पैसे नहीं थे और न ही पब्लिशर्स तक पहुंच बनाने का नेटवर्क। अब, अचानक मेरे पास अपनी जेब में एक प्रोडक्शन टीम थी, और मेरे शब्द कुछ ही घंटों में ऑडियो सीरीज बन सकते थे। जब मैंने देखा कि पॉकेट एफएम पर लाखों श्रोता मेरी कहानी के साथ जुड़ रहे हैं, और फिर यह एहसास हुआ कि मैं इससे वास्तव में कमाई भी कर सकता हूं, तो ऐसा लगा कि मैंने एक पेशेवर लेखक के रूप में बड़ा मुकाम हासिल कर लिया है।" यह बात 'किंग ऑफ ड्रैगन' के लेखक नितेश कुमार दयामा ने कही। यह शो एक महीने से भी कम समय में 2,00,000 से अधिक बार सुना जा चुका है।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# सम्राट मिहिर भोज के लिए गुर्जर समाज हर कीमत चुकाने को तैयार: चंद्रशेखर

## बोले जेल में बंद युवाओ कि नहीं हुई रिहाई तो करेंगे बड़ा आंदोलन

■ आजाद ने भाजपा सरकार पर लगाया जातिवाद का आरोप





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गुरुवार को आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद, मेरठ पहुंचे यहां पर वे मेरठ जेल में बंद गुर्जर समाज के युवाओं से मिलने के लिए आए थे। इसी के साथ-साथ वह सलावा प्रकरण में बंद मुस्लिम समाज के लोगों से भी जेल में मिलना चाह रहे थे लेकिन जिला प्रशासन ने उन्हें अनुमति नहीं दी। मेरठ पहुंचे चंद्रशेखर आजाद को पहले तो नगीना में ही रोकने का प्रयास किया गया कई थानों की फोर्स उनके आवास पर लगाई गई लेकिन वह फिर भी मेरठ पहुंचे मेरठ में भी कई जगह बैरिकेटिंग का उन्हें सामना करना पड़ा और खुद गाड़ी से उतर कर बेरीकेटेड हटाए तब जाकर वह मेरठ जिला जेल पर पहुंचे, लेकिन जेल प्रशासन ने उन्हें मिलने की अनुमति नहीं दी। इस दौरान चंद्रशेखर आजाद ने साफ कह दिया की जो भी गुर्जर समाज के युवाओं के साथ हुआ है वह बहुत गलत है गुर्जर समाज बड़ा स्वाभिमानी है वह मान मर्यादा और इज्जत के लिए कुछ भी कर सकता हैं गुर्जर समाज से उनका पुराना नाता है।

### सम्राट मिहिर भोज राजपूत या गुर्जर सुप्रीम कोर्ट में हो फैसला

चंद्रशेखर आजाद ने जिला जेल पर प्रेस वार्ता करते हुए सम्राट मिहिर भोज को लेकर बहुत बड़ी बात कही है उन्होंने कहा कि गुर्जर समाज सम्राट मिहिर भोज को अपना आदर्श मानते हैं और अब राजपूत समाज भी उन पर अपना अधिकार जमा रहा है ऐसे में इसका फैसला सुप्रीम कोर्ट में जाना चाहिए सुप्रीम कोर्ट सत्यापित करें की सम्राट मिहिर भोज राजपूत थे या गुर्जर उन्होंने कहा कि इसकी जांच होनी चाहिए और इसका फैसला सुप्रीम कोर्ट में होना चाहिए।

### आजम खान से राजनीतिक नहीं पारिवारिक रिश्ता

आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि आजम खान से उनके राजनीतिक नहीं बल्कि पारिवा. रिक रिश्ते हैं उन्होंने फोन पर उनका हाल-चाल जाना है और आजम खान ने चंद्रशेखर आजाद से कहा कि वह अपनी लड़ाई कैसी लड़ रहे हैं चंद्रशेखर ने साफ कहा कि वह जल्द उनसे मिलने जाएंगे।

### चंद्रशेखर के साथ रहे शाहजेब रिजवी

मेरठ पहुंचे चंद्रशेखर आजाद को पुलिस ने जगह-जगह रोकने का प्रयास किया लेकिन उनकी मेरठ टीम के नेता शाहजेब रिजवी उनके साथ कदम से कदम मिलाते हुए दिखाई दिए कई जगह उन्होंने भी बेरीकेटिंग हटाकर अपने नेता के साथ काफी लोगों को आगे बढ़ाने का काम किया। इस बीच पुलिसबल तैनात था।

## सुभारती विवि में शैक्षणिक व सामाजिक गतिविधियां आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय में हाल ही में कई महत्वपूर्ण शैक्षणिक और सामुदायिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें अतिथि व्याख्यान से लेकर स्वास्थ्य सेवाओं तक की पहलें शामिल थीं। इन आयोजनों ने जहां एक ओर विद्यार्थियों को अकादमिक रूप से समृद्ध किया, वहीं दूसरी ओर समुदाय के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता को भी दर्शाया। विवि के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा न्यूजरूम से लिविंग रूम तक विषय पर एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें वरिष्ठ पत्रकार एवं प्रसिद्ध टीवी न्यूज एंकर राजेंद्र देव शुक्ला मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ आरपी सिंह ने किया।

## भगवान शिव पर अभद्र टिप्पणी मामले में पत्रकार प्रेस क्लब ने कप्तान से की शिकायत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** प्रेस क्लब के घोषित अध्यक्ष की ओर से गुरुवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को एक शिकायती पत्र सौंपा गया। शिकायत में कहा गया है कि प्रेस क्लब से जुड़े सदस्यों के व्हाट्सएप ग्रुप मेरठ पत्रकार प्रेस क्लब में 22 सितम्बर को मोबाइल नंबर 7599297325 से भगवान शिव पर अभद्र व अशोभनीय टिप्पणी की गई। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि उक्त पोस्ट में भगवान भोलेनाथ के खिलाफ गाली-गलौज व आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग करते हुए हिंदू समाज की धार्मिक भावनाओं को आहत किया गया है। साथ ही पोस्ट द्वारा समाज में साम्प्रदायिक विद्वेष फैलाने का कुत्सित प्रयास किया गया। पत्रकार प्रेस क्लब के पदाधिकारियों ने एसएसपी से मांग की है कि मोबाइल नंबर से पोस्ट करने वाले आरोपी की पहचान की जाए और उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। इस दौरान दर्जनों पत्रकार मौजूद रहे।

# सेवा पखवाड़ा: किठौर में कार्यकर्ताओं ने किया रक्तदान

## 50 शैय्या अस्पताल में लगे शिविर में बीजेपी कार्यकर्ता हुए शामिल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** प्रधानमंत्री सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत गुरुवार को किठौर मंडल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। किठौर नहर के पास स्थित 50 शैय्या अस्पताल में लगे इस शि. विर में कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और रक्तदान किया। शिविर में बतौर मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख अशोक त्यागी मौजूद रहे। वहीं किठौर मंडल अध्यक्ष अनुज नागर और मंडल महामंत्री विक्रांत त्यागी ने शिविर का संचालन किया। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष राकेश त्यागी, संदीप त्यागी, नंदू वाल्मीकि, बिलाल अहमद, जावेद खान, मतीन मुखिया, कैपी, अर्चना, गंगा, प्रकाश समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। मंडल अध्यक्ष अनुज नागर ने बताया कि सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत समाजसेवा और मानव कल्याण से जुड़े कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जा रहे हैं। रक्तदान शिविर का उद्देश्य मरीजों की जान बचाने के लिए पर्याप्त रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना है।

## एक नजर

### टाटा पावर ने गाजियाबाद में EZ होम ऑटोमेशन सॉल्यूशंस किया लॉन्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** टाटा पावर ने गाजियाबाद में अपने नवाचारी EZ होम ऑटोमेशन सॉल्यूशंस का लॉन्च किया। यह तकनीक और स्थिरता के माध्यम से रोजमर्रा की जिंदगी को बदलने की दिशा में एक और कदम है। शहर के अपने EZ होम एक्सपीरियंस सेंटर के उद्घाटन के साथ, निवासी अब स्मार्ट होम सॉल्यूशंस की श्रृंखला का प्रत्यक्ष अनुभव कर सकते हैं, जो आधुनिक जीवन को सरल, किफायती, सुलभ और सतत् बनाने के लिए डिजाइन किए गए हैं। यह नया एक्सपीरियंस सेंटर निवासियों के लिए एक वन-स्टॉप डेस्टिनेशन के रूप में काम करेगा, जहां वे इन अत्याधुनिक समाधानों को समझ सकते हैं, उन्हें अपनी जरूरत के अनुसार कस्टमाइज कर सकते हैं और अपनाने का अनुभव ले सकते हैं।

### ओला इलेक्ट्रिक ने शुरू किया ओला सेलिब्रेट्स इंडिया कैंपेन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारत की सबसे बड़ी इलेक्ट्रिक व्हीकल कंपनी, ओला इलेक्ट्रिक ने फेस्टिव सीजन को ध्यान में रखते हुए नया कैंपेन, ओला सेलिब्रेट्स इंडिया शुरू किया है। इस कैंपेन के तहत कंपनी ने ओला मुहूर्त महोत्सव पेश किया है, जिसमें एस1 स्कूटर्स और रोडस्टर एक्स मोटर साइकिलें अब पहले कभी न देखे गए दामों पर उपलब्ध होंगी, जिसकी शुरुआती कीमत 49,999 रुपए रखी गई है। यह ऑफर 23 सितंबर से 9 दिनों तक जारी रहेगा। इस महोत्सव में एस1 एक्स 2 केडब्ल्यूएच और रोडस्टर एक्स 2.5 केडब्ल्यूएच की कीमत 49,999 रुपए रखी गई है, जबकि एस1 प्रो प्लस 5.2 केडब्ल्यूएच और रोडस्टर एक्स प्लस 9.1 केडब्ल्यूएच की कीमत 99,999 रुपए है। दोनों ही मॉडल्स में 4680 भारत सेल बैटरी पैक दिए गए हैं। ओला इलेक्ट्रिक के प्रवक्ता ने कहा, ओला सेलिब्रेट्स इंडिया के जरिए हम प्रगति, संस्कृति और पहुंच को एक साथ ला रहे हैं, जो इस फेस्टिव सीजन की भावना के साथ बखूबी मेल खाती है।

### दादरी पंचायत प्रकरण पर आज होगा प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** संयुक्त गुर्जर परिसंघ की कार्यकारिणी व समाज के जिम्मेदार सदस्यों के साथ गुरुवार को एक बैठक गंगानगर में हुई। जिसमें संगठन के संयोजक सभी सदस्यों ने दादरी पंचायत प्रकरण की घटना की निंदा की। उन्होंने कहा इस घटना से गुर्जर समाज का बहुत नुकसान हुआ है। दादरी-पंचायत प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने और गिरफ्तार कर जेल भेजे गए सभी निर्दोष लोगों को शीघ्र रिहा कराए जाने के लिए शुक्रवार को मेरठ कमिश्नरी पर संयुक्त गुर्जर परिसंघ मेरठ के सभी पदाधिकारी और सदस्यों द्वारा शांतिपूर्वक तरीके से अपने सामाजिक मुद्दों के उचित समाधान के लिए मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के नाम डीएम को ज्ञापन दिया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से भोपाल सिंह गुर्जर, वीरेंद्र कुमार गुर्जर, इजि. जगद. ीश पुट्ठा, जितेंद्र ठेकेदार, नवाब सिंह लखवाया, गुलवीर सिंह, डॉ. आदित्य लिसाड़ी, ललित गुर्जर गूमि, सुमित प्रधान, प्रवीण प्रधान, डॉ. दीपक मोरल, अश्वनी गुर्जर, गीरेंद्र प्रधान, सुभाष आदि लोग मौजूद रहे।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय को याद कर मनाई जयंती



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** ब्लॉक सभागार में भारतीय जनसंघ के संस्थापक और महान विचारक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती बड़े धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर उनके एकात्म मानववाद और अंत्योदय के सिद्धांतों को याद किया गया। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख ब्रह्म सिंह उनके जीवन मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उनके विचार आज भी राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरणास्रोत हैं। गणमान्य लोगों ने पंडित जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष सोनवीर, बूथ अध्यक्ष आनंद, संयोजक राहुल शर्मा, युवा भाजपा नेता अंकित त्यागी तथा क्षेत्र व मंडल के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## नीलकमल हॉस्पिटल में सर्जिकल ऑन्कोलॉजी ओपीडी हुई शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** नीलकमल हॉस्पिटल में सर्जिकल ऑन्कोलॉजी ओपीडी सेवाओं की शुरुआत की। मैक्स शालीमार बाग के सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विभाग के एसोसिएट डायरेक्टर एवं यूनिट हेड डॉ. अनादी पचौरी और डॉ. अमन रस्तोगी ने नीलकमल हॉस्पिटल, के डायरेक्टर डॉ. अनिप रस्तोगी के साथ मिलकर किया। डॉ. अनादी और डॉ. अमन हर महीने के दूसरे और चौथे गुरुवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक प्राथमिक परामर्श हेतु उपलब्ध रहेंगे। डॉ. अनादी पचौरी ने कहा, कैंसर के उपचार में सर्जरी एक अहम स्तंभ है, खासकर जब रोग की पहचान शुरुआती अवस्था में हो और वह एक ही हिस्से तक सीमित हो। ऐसे मामलों में ट्यूमर को हटाना अक्सर इलाज का बेहतर विकल्प साबित होता है।

# आईएमए भवन में हुआ विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर कार्यक्रम




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** विश्व फार्मासिस्ट दिवस के अवसर पर डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन मेरठ द्वारा आईएमए भवन में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिलेभर से बड़ी संख्या में फार्मासिस्ट एवं वरिष्ठ चिकित्सक इसमें शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक कटारिया ने फार्मासिस्ट को स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ की हड्डी बताया। उन्होंने कहा कि फार्मासिस्टों के बिना स्वास्थ्य सेवाएं अधूरी हैं। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आर.सी. गुप्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसोसिएशन अध्यक्ष बिजेंद्र सिंह ने की और संचालन मंत्री शकील अहमद ने किया। गीतकार दिनेश जोशी ने गीतों से माहौल को जीवंत किया, वहीं पिंकी लोमस ने लोकगीत प्रस्तुत कर उत्साह बढ़ाया। इस दौरान रजनीश कौशल, गजेन्द्र सिंह, पी.एन. डंगवाल, आशीष कुमार आदि रहे।

# 156 घंटे सफाई अभियान का आयोजन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** गुरुवार सुबह शासन के आदेशों के अनुपालन में चेयरमैन अशोक कुमार सैनी के नेतृत्व में ''स्वच्छता ही सेवा'' कार्यक्रम के अन्तर्गत वार्ड नंबर 1, मौहल्ला जोगियान काले सिंह रोड निकट पेयजल पम्प नंबर 3 पर एवं इसी वार्ड में स्थित भूमिया माता मन्दिर पर एक दिन एक घंटा एक साथ का विशेष सफाई सम्बन्धित श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया एवं 156 घंटे सतत् महासफाई अभियान का शुभारम्भ किया गया।

जिसमें चेयरमैन व सभासद गणों तथा नागरिकों ने एक घंटा विशेष सफाई कर श्रमदान किया। चेयरमैन ने जानकारी देते हुए कहा कि नगर पंचायत द्वारा 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक शासन के आद. ेशानुसार स्वच्छता ही सेवा स्वच्छोत्सव कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत नगर में क्लीन ग्रीन उत्सव, स्वच्छता लक्षित ईकाई, सफाई मित्र सुरक्षा शिविर, स्वच्छ सार्वजनिक स्थल, श्रमदान आदि कार्यक्रम कराये जा रहे हैं। 25 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक नगर में 156 घंटे का सतत् सफाई अभियान भी चलाया जा रहा है। चेयरमैन ने नगरवासियों से अपील की कि अपने नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाये रखने में सभी को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी, तभी हम स्वस्थ्य भारत और विकसित भारत का निर्माण कर पाएंगे। सभी नगर वासी इस अभियान में जुड़कर स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने के लिए श्रमदान अवश्य करें एवं स्वस्थ भारत बनाने में अपना योगदान दें। स्वच्छता हम सब की जिम्मेदारी है। इस मौके पर निकाय के समस्त सभासदगण, गणमान्य व्यक्ति, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## रामलीला में कैकयी ने राजा दशरथ से मांगे दो वरदान

# परीक्षितगढ़ रामलीला में राम को 14 वर्ष का वनवास



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** नगर में चल रही श्री रामलीला में राजा दशरथ से कैकई ने देव असुर संग्राम में दिए गए दो वरदान पूरे करने के लिए राम को चौदह वर्ष का वनवास और भरत को राज्य देने की बात कही, जिसे सुनकर दशरथ विह्वल हो धरती पर गिर पड़े खूब मिन्नते की पर कैकई टस से मस नहीं हुई और राम ने पिता की पीड़ा को समझा और वन गमन के लिए प्रस्थान करते है। प्रजा का रो रोकर बुरा हाल है और श्री राम लक्ष्मण सीता सहित वन को प्रस्थान करते है, और गंगा किनारे पहुंचते है जहां केवट श्री राम को गंगा पार कराते है गांधारी सरोवर पर केवट के रूप में योगेन्द्र शर्मा ने राम जी की सेवा की। वहीं रामलीला कर रहे कलाकारों की सभी ने प्रशंसा की है। इस अवसर पर पं. श्याम दत्त शर्मा, विष्णु अवतार रूहेला, विकल नागर, महेश त्यागी, विद्या भूषण गर्ग, राम अवतार नागर, भरत अग्रवाल, महावीर गुप्ता, अभिषेक गर्ग, सुनील शर्मा भूरे, राम शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# सम्राट मिहिर सिंह गुर्जर समाज के असली नायक: संयुक्त गुर्जर परिसंघ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** सम्राट मिहिर भोज को जातिगत विवाद अब काफी गहराता हुआ दिख रहा हैं। दादरी के गांव कपसाड़ में होर्डिंग को लेकर शुरू हुआ विवाद अब राजनीतिक जंग में बदल गया है। दादरी में गुर्जर समाज के युवाओं ने पंचायत बुलाई इसके बाद पुलिस के साथ हुई नोक झोक में गुर्जर समाज के युवाओं को जेल की सलाखों के पीछे जाना पड़ा अब गुर्जर समाज सरकार कि इस कार्यवाही के खिलाफ लाम बंद होता हुआ दिखाई दे रहा है। गुरुवार को संयुक्त गुर्जर परिसंघ ने एक मीटिंग जानी ब्लॉक के गांव पांचली में समाज सेवी भोपाल सिंह गुर्जर के आवास पर हुई। जिसमें गुर्जर समाज के लोगों ने कहा कि सरकार गुर्जर समाज के खिलाफ बड़ी नीति पर काम कर रही है। सम्राट मिहिर भोज की पहचान मिटाने का जो सरकार ने कदम उठाया है उसका हम विरोध करते हैं और सम्राट मिहिर सिंह भोज केवल गुर्जर समाज के ही नहीं बल्कि भारतभुमी के गौरवशाली थे लंबे समय तक अरब सागर से लेकर बंगाल की खाड़ी तक लड़े है सभी ने एक आवाज में दादरी महापंचायत में गिरफ्तार किए गए गुर्जर समाज के युवाओं को छोड़ने की मांग उठाई और कहा कि अगर सरकार ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया तो गुर्जर समाज किसी भी तरह पीछे नहीं हटेगा। इस दौरान जगदीश, नरेंद्र कुमार, सुमित प्रधान, प्रवीण प्रधान, जितेंद्र प्रधान, अमरपाल, नवाब सिंह लखवाया, ललित गुर्जर, आदित्य गुर्जर, विनोद कुमार, दीपक, भारत वीर गुर्जर, गजेंद्र नागर राजदीप, आदेश प्रधान, गुरदीप आदि मौजूद रहे।

## एसबीआई कार्ड और इंडिगो के बीच हुई साझेदारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारत में क्रेडिट कार्ड जारी करने वाली सबसे बड़ी कंपनी, एसबीआई कार्ड और भारत की सबसे पसंदीदा एयरलाइन, इंडिगो ने इंडिगो ब्लूचिप लॉयल्टी प्रोग्राम के तहत इंडिगो एसबीआई कार्ड के लॉन्च की घोषणा की। इस प्रीमियम को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड को दो अलग-अलग वेरिएंट, यानी इंडिगो एसबीआई कार्ड और इंडिगो एसबीआई कार्ड एलीट में लॉन्च किया गया है, ताकि अक्सर यात्रा करने वालों को शानदार रिवार्ड्स के साथ फायदेमंद अनुभव मिल सके। इस कार्ड के ग्राहकों को इंडिगो के इकोसिस्टम में उपलब्ध सभी सेवाओं के साथ-साथ होटल और ट्रैवल बुकिंग सहित दूसरी श्रेणियों में किए गए सभी खर्चों पर रिवॉर्ड्स मिलेंगे।

# माछरा में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार कार्यक्रम आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** माछरा ब्लॉक सभागार में सेवा पखवाड़ा 2025 स्वस्थ नारी सशक्त परिवार व मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. हिमानी अग्रवाल सदस्य राज्य महिला आयोग उत्तर प्रदेश द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की गई। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के द्वारा लगाये गये स्टॉलों का निरीक्षण किया गया। मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम में बेटी बचाओं, बेटी पढ़ाओं, उत्तर प्रदेश रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान योजना, कन्या विवाह सहायता योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, शादी अनुदान योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, स्पान्सरशिप योजना, मातृत्व, शिशु एवं बालिका मदद योजना, विभिन्न योजनाओं के बारें विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा निराश्रित महिलाओं के लिए उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जिले में वन स्टॉप सेंटर का संचालन किया जा रहा हैं, जिन महिलाओं को ससुराल पक्ष के द्वारा रात के लिए घरों से बाहर निकाल दिया जाता है उनके रहने, खाने-पीने की नि:शुल्क व्यवस्था वन स्टॉप सेंटर में है। महिलाएं हैल्पलाईन नम्बर पर फोन करके सहायता ले सकती है। गर्भवती महिलाओं की गोदभराई तथा बच्चों को अन्नप्राशन भी कराया गया। सब इंस्पेक्टर किरन द्वारा महिला को मिशन शक्ति की जानकारी देते हुए बताया कि महिलाओं के लिए प्रत्येक थाना स्तर पर एक केन्द्र खोला जा रहा है। जिला मिशन समन्वयक, खुशबू शर्मा द्वारा महिला कल्याण विभाग द्वारा चलाई जा रही समस्त योजनाओं व हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी गयी। इस अवसर पर सब इंस्पेक्टर करीना, चक्रवीर सिंह बाल विकास प्रयोजना अधिकारी, खुशबू शर्मा जिला मिशन समन्वयक, मो. इमरान जेंडर स्पेशलिस्ट, सुधा रानी स्टाफ नर्स वन स्टॉप सेंटर मौजूद रहे।

## अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने लगाया एक पेड़ मां के नाम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती के उपलक्ष्य में एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत लिसाड़ी रोड़ पर भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा पश्चिम उत्तर प्रदेश मीडिया प्रभारी नासिर सैफी के नेतृत्व में वृक्षारोपण किया गया। वहीं मौजूद सदस्यों ने बताया कि हम सब को मिलकर एक पेड़ लगाया चाहिये। इस दौरान यूनुस सैफी, शादाब कुरैशी, सादिक सैफी, शादाब सैफी, परवेज सैफी आदि उपस्थित रहे।

# बी.एल. एकेडमी इंटरनेशनल स्कूल में ग्रीन डे सेलिब्रेशन का हुआ आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** दौराला मार्ग पर राष्ट्रीय इंटर कॉलेज के निकट स्थित बी.एल. एकेडमी इंटरनेशनल स्कूल में गुरुवार को बड़े हर्षोल्लास के साथ ग्रीन डे मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल की प्रधानाचार्य स्वेता सागर, शिक्षिका सुम्बुल सैफी, वर्षा सिंह, नीरज पुंडीर, जेलस पुंडीर, बृजेश कुमार, विशाल समेत सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इस दौरान बच्चों ने भी उत्साह पूर्वक पौधे लगाए और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। प्रधानाचार्य ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति प्रेम और हरित पर्यावरण की जागरूकता पैदा करना था। इस अवसर पर प्रिंसिपल ने बच्चों को अधिक से अधिक पौधे लगाने व उनकी देखभाल करने के लिए प्रेरित किया।

## चांदनी चौक में गंदगी पर भड़कीं मुख्यमंत्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता चांदनी चौक पहुंचीं और स्वच्छता ही सेवाश अभियान के तहत झाड़ू लगाकर गौरीशंकर मंदिर के सामने के फुटपाथ को साफ किया। इस दौरान वहां जगह जगह गंदगी, कूड़े के ढेर तथा टूटे फुटपाथ पर नाराजगी जताई तथा अधिकारियों से दुरुस्त करने को कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि चांदनी चौक का यह इलाका हमारा हेरिटेज क्षेत्र है। लाखों लोग यहां आते हैं।

व्यावसायिक संगठनों के लिए भी यह बहुत महत्वपूर्ण स्थान है। त्योहारों के दौरान यहां सफाई और भी जरूरी हो जाती है। यहां कई धर्म स्थल है। शोभायात्रा निकलती है। यहां सफाई को बेहतर बनाने की जरूरत है। जगह जगह कूड़ेदान टूटे हुए हैं, ग्रिल टूटी हुई है। गड्ढे देखे। हमने अधिकारियों के साथ यहां की व्यवस्थाओं की समीक्षा की है और व्यवस्था सुधारने का निर्देश दिया है। साथ ही कहा कि इस मामले में दुकानदारों को भी सजग रहने की आवश्यकता है। उनके साथ स्थानीय सांसद प्रवीन खंडेलवाल और जिला अध्यक्ष अरविंद गर्ग समेत भाजपा पदाधिकारी व व्यापारी प्रतिनिधि मौजूद रहे। चांदनी चौक संसदीय क्षेत्र का प्रभारी मंत्री बनने के बाद मुख्यमंत्री का चांदनी चौक क्षेत्र में यह उनका पहला दौरा है।

# आईटीबीपी भर्ती पेपर लीक मामले में परीक्षा संचालन एजेंसी के तीन निदेशक समेत 5 पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने आईटीबीपी भर्ती पेपर लीक मामले में परीक्षा संचालन एजेंसी के तीन निदेशकों सहित पाँच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दिल्ली के पुलिस उपायुक्त (अपराध शाखा) विक्रम सिंह ने बताया कि कमांडेंट, भर्ती, आईटीबीपी, द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर एक मामला दर्ज किया गया था।

अपनी शिकायत में उसने आरोप लगाया कि परीक्षा संचालन एजेंसी आईआईपी को निविदा प्रक्रिया के माध्यम से आईटीबीपी के विभिन्न पदों के लिए लिखित परीक्षा आयोजित करने के लिए आउटसोर्स किया गया था।अनुबंध की शर्तों के अनुसार, फर्म परीक्षा के लिए जिम्मेदार थी।इस कांस्टेबल (ट्रेड्समैन) के पद के लिए लिखित परीक्षा केंद्रों पर ४६,१७४ उम्मीदवारों के लिए आयोजित की गई थी।हालाँकि, परीक्षा शुरू होने से पहले, प्रश्न पत्र व्हाट्सएप के माध्यम से प्रसारित किया गया था और आईटीबीपी के कुछ वरिष्ठ अधिकारियों को भी प्राप्त हुआ था। आईटीबीपी द्वारा की गई आंतरिक जाँच में पाया गया कि प्रश्नपत्र वास्तव में लीक हुआ था और परीक्षा शुरू होने से पहले ही उम्मीदवारों के बीच व्यापक रूप से प्रसारित हो गया था।

परिणामस्वरूप, उपर्युक्त मामला दर्ज किया गया।जांच के दौरान, आईटीबीपी और आरोपी कंपनी आईआईपी से जवाब मांगे गए, अनुबंधों और समझौता ज्ञापनों सहित संबंधित दस्तावेज जब्त किए गए। आईआईपी के कर्मचारियों से पूछताछ की गई। एक कर्मचारी ने बताया कि निदेशक अमिताव रॉय और उनके सहयोगी इस उल्लंघन के लिए जिम्मेदार थे और परीक्षा प्रक्रिया किसी अन्य कंपनी को आउटसोर्स कर दी गई थी।नोटिस जारी किए जाने के बावजूद, निदेशक जाँच में शामिल नहीं हुए। आरोपियों को पकड़ने के लिए एसीपी कैलाश चंद्र बिष्ट की देखरेख में आईओ/इंस्पेक्टर उमेश सती के नेतृत्व में टीम ने जांच शुरू की। जांच के दौरान टीम ने निद. ेशकों से पूछताछ की। आरोपियों ने जांच को गुमराह करने का प्रयास किया और सहयोग नहीं किया।

इसके बाद जांच के लिए तीनों निदेशकों - अमिताव रॉय, शुभेंदु कुमार पॉल और जयदीप गोस्वामी को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान, दोनों आरोपियों ने पूरे रैकेट में सलाहकार और प्रिंटर की भूमिका का खुलासा किया।इसके बाद, २४ सितंबर की मध्यरात्रि को, रोहित राज (आईआईपी के सलाहकार) और धर्मेंद्र (प्रिंटर) को गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों आरोपियों ने जाँच को गुमराह करने की कोशिश की और सहयोग नहीं किया। अन्य व्यक्तियों की भूमिका की जाँच अभी भी जारी है।

## विदेश में नौकरी दिलाने के बहाने ठगी, दबोचा

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने अवैध भर्ती एजेंसी के सरगना को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उसके पास से १४८ पासपोर्ट जब्त किए हे।आरोपी विदेश में नौकरी चाहने वालों को आकर्षक नौकरी के अवसर प्रदान करने के बहाने खाड़ी देशों -में धोखाधड़ी से भेजता था। दिल्ली पुलिस आयुक्त (अपराध शाखा) आदित्य गौतम ने बताया कि एक पीड़िता ने आरोप लगाया था कि आरोपी ने विदेश में नौकरी के बहाने उससे ७५,००० रुपए की ठगी की। बाद में वह कुवैत में फंस गई और भारतीय दूतावास के हस्तक्षेप से उसे बचाया गया।आगे अपराधों की आशंका को देखते हुए, एसीपी रमेश लांबा की देखरेख में इंस्पेक्टर सतेंद्र पूनिया और सो. हनलाल के नेतृत्व में टीम ने.उक्त मैनपावर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के कार्यालय पर छापे के दौरान, आरोपी इमरान खान (३६) को नौ टेली-कॉलर्स के साथ अवैध एजेंसी चलाता हुआ पाया गया।

# जामिया के छात्र मुफ्त में कर सकेंगे एआई संसाधनों का इस्तेमाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जामिया मिल्लिया इस्लामिया ने छात्रों और पासआउट्स के लिए दो डिजिटल पहल की शुरुआत की है। अब विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस क्लाउड कंप्यूटिंग और अन्य नई तकनीकों में मुफ्त ऑनलाइन संसाधन उपलब्ध होंगे। साथ ही, पासआउट छात्रों के लिए प्रोविजनल सर्टिफिकेट अब पूरी तरह ऑनलाइन माध्यम से जारी किए जाएंगे। जामिया मिल्लिया इस्लामिया के विवि प्लेसमेंट सेल ने ओरेकल अकादमी के साथ एक महत्वपूर्ण साझेदारी की है।

इसके तहत छात्रों और शिक्षकों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), क्लाउड कंप्यूटिंग और अन्य उभरती तकनीकों में मुफ्त ऑनलाइन संसाधन उपलब्ध होंगे। इसका उद्देश्य छात्रों को तकनीकी क्षेत्र में नवीनतम कौशल प्रदान करना और उनके कॅरिअर को नई दिशा देना है। जामिया प्रशासन ने घोषणा की है कि अब पासआउट छात्रों को प्रोविजनल सर्टिफिकेट केवल विश्वविद्यालय के स्टूडेंट पोर्टल रउपबवम.पद से ही जारी किया जाएगा। यह सुविधा आज यानी २५ सितंबर २०२५ से लागू हो गई है । साझेदारी के तहत, ओरेकल के तकनीकी स्टाफ के प्रमुख सदस्य हबीबुर रहमान ने यूनिवर्सिटी प्लेसमेंट सेल के सेमिनार कक्ष में रेसिलिएंट नेवर-डाउन एप्लिकेशन के लिए ओरेकल २३एआई वितरित डेटाबेस पर एक व्यावहारिक व्याख्यान प्रस्तुत किया। रहमान ने ओरेकल २३ एआई डेटाबेस की विशेषताओं, एआई और डेटाबेस तकनीकों के नवीनतम रुझानों, और बीटेक व एमटेक छात्रों के लिए ओरेकल अकादमी के संसाधनों के लाभों पर विस्तार से चर्चा की।

# अवैध बांग्लादेशी प्रवासी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस के साउथ ईस्ट जिले ने २५ अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों को पकड़ा है। दक्षिण पूर्व जिले की एडिशनल डीसीपी ऐश्वर्या शर्मा ने मीडिया से यह जानकारी साझा की है। कुछ दिन पहले भी दक्षिण पश्चिम जिले के ऑपरेशन सेल ने दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे दो बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा था। आरोपियों की पहचान शिशिर ह्यूबर्ट रोजारियो और तौहीदुर रहमान के रूप में हुई है। दोनों २०१४ से अवैध रूप से रह रहे थे। जिला पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने बताया कि पुलिस टीम को महिपाल. पुर में कुछ अवैध बांग्लादेशी नागरिकों के रहने की सूचना मिली। पुलिस टीम ने दो संदिग्धों को हिरासत में लिया। उनसे पहचान संबंधी दस्तावेज मांगे और गहन पूछताछ की। दोनों नागरिक कोई भी वैध दस्तावेज पेश नहीं कर पाए। पूछताछ में उन्होंने बताया कि वह बांग्लादेशी नागरिक हैं। ११ साल पहले भारत में प्रवेश किया था। उनका वीजा समाप्त हो गया था, उसके बाद दोनों अवैध रूप से दिल्ली में रह रहे थे। वह अलग अलग जगहों पर नौकरी कर रहे थे। पुलिस ने उन्हें विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय में पेश करने के बाद हिरासत केंद्र भेज दिया है। पुलिस इनके निर्वासन की प्रक्रिया कर रही है।



एनडीएमसी द्वारा आयोजित कार्यक्रम एक दिन -एक घंटा -साथ' स्वच्छता के लिए श्रमदान कार्यक्रम में भाग लेते एनडीएमसी अध्यक्ष - केशव चंद्रा, उपाध्यक्ष-कुलजीत सिंह चहल आदि।

# एनडीएमसी का 'एक दिन-एक घंटा-एक साथ' श्रमदान कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद ने आज सुबह प्रमुख गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति मे, एनडीएमसी के १०,००० कर्मचारियों, विभिन्न सरक. ारी मंत्रालयों और विभागों द्वारा पूरे नई दिल्ली क्षेत्र की सफाई के लिए स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत 'एक दिन - एक घंटा - साथ' श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया।

स्वच्छता के लिए इस श्रमदान कार्यक्रम में, एनडीएमसी अध्यक्ष - केशव चंद्रा, एनडीएमसी उपाध्यक्ष - कुलजीत सिंह चहल और परिषद सदस्य - सरिता तोमर ने कुशक नाला क्षेत्र और हनुमान मंदिर परिसर, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली में विशेष सफाई अभियान में भाग लिया।इस अवसर पर, एनडीएमसी अध्यक्ष ने बताया कि जोनल नोडल अधिकारियों और तीन सब- नोडल अधिकारियों के नेतृत्व में ५६ विशेष टीमों के तहत १४ स्वच्छता सर्कल क्षेत्र में श्रमदान अभियान में १०,००० कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक और सक्रिय रूप से भाग लिया। उन्होंने कहा कि एनडीएमसी ने अभियान को और अधिक प्रभावी और परिणामोन्मुखी बनाने के लिए अपनी सभी आधुनिक मशीनरी जैसे मैकेनिकल रोड स्वीपर, प्रेसर जेटिंग मशीन, स्क्रबिंग मशीन आदि को भी तैनात किया। चहल ने कहा कि 'स्वच्छ भारत मिशन' का शुभारंभ माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एनडीएमसी क्षेत्र के मंदिर मार्ग से किया था और आज उसी भावना को आगे बढ़ाते हुए, यह श्रमदान कार्यक्रम उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया।

उन्होंने आगे कहा कि एनडीएमसी ने सुबह के समय नागरिकों के लिए स्वच्छ और धूल-मुक्त वातावरण सुनिश्चित करने हेतु रात्रिकालीन गीली सफाई और रात्रिकालीन स्वीपिंग जैसी पहलों को पहले ही लागू कर दिया है। चहल ने इस बात पर जोर दिया कि स्वच्छता एक दिन की बात नहीं होनी चाहिए; यह जीवन का एक अभिन्न अंग होना चाहिए। 'एक दिन, एक घंटा, साथ' अभियान का उद्देश्य नागरिकों और कर्मचारियों में सामूहिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करना है।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को कार्यकर्ता आत्मसात करें: विजय गोयल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पण्डित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती के अवसर पर आज भाजपा शाहदरा जिला द्वारा एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल, भाजपा शाहदरा जिला अध्यक्ष दीपक गाबा, जिला प्रभारी डॉ अनिल गुप्ता ने दीप प्रज्ज्वलन एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। मुख्य अतिथि विजय गोयल ने उनके सरल, त्यागपूर्ण एवं राष्ट्रहित समर्पित जीवन का विस्तार से उल्लेख किया।

विजय गोयल ने बताया कि पंडित दीनदयाल जी ने अंत्योदय और एकात्म मानववाद जैसी विचारधारा के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक




विकास पहुँचाने का जो सपना देखा, वही आज भी मार्गदर्शक हैं।

इस अवसर पर सभी युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया गया। भाजपा शाहदरा जिला प्रभारी डॉ अनिल गुप्ता ने कहा कि सभी को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जीवनी पर प्रकाशित साहित्यों का अध्ययन करना चाहिए।भाजपा शाहदरा जिला अध्यक्ष दीपक गाबा ने एकात्म मानववाद को भारतीय संस्कृति का मूल दर्शन बताते हुए कहा कि यह विचारधारा व्यक्ति, समाज और राष्ट्र को जोड़ने का कार्य करती है।

इस अवसर पर गांधी शान्ति स्मृति समिति के उपाध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल, भाजपा शाहदरा जिला अध्यक्ष दीपक गाबा, जिला प्रभारी डॉ अनिल गुप्ता, भाजपा शाहदरा जिला प्रवक्ता ऐडवोकेट भारत गौड़, जोन चेयरमैन रामकिशोर शर्मा, महिला मोर्चा अध्यक्ष अपर्णा गोयल सहित सभी जिला के मण्डल अध्यक्ष, पदा धिकारीयों के साथ बड़ी संख्या में शिक्षाविद, बुद्धिजीवी, सामाजिक कार्यकर्ता, युवाओं एवं नागरिक उपस्थित रहे।

## सिडबी ने शुरू किया डीआईए मॉडल

**नई दिल्ली।** सिडबी ने उद्योग क्लस्टरों के विकास के लिए एक सस्ती, नई और स्वयं-चालित योजना शुरू की है, जिसे डेवलोपमेन्ट ऑफ इंडस्ट्री एसोसिएशन (डीआईए) कहा गया है। इस राष्ट्रीय योजना के तहत नेशनल कॉन्क्लेव ऑन डीआईए का उद्घाटन वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग के सचिवएम. नागराजु ने नई दिल्ली में किया। इस कॉन्क्लेव में देशभर के लगभग 90 उद्योग संघों के 125प्रति. निधियों ने हिस्सा लिया। इसमें पूर्वोत्तर के 4 राज्यों से भी 8 उद्योग संघ शामिल हुए। प्रतिनिधियों ने इंजीनियरिंग, प्लास्टिक, प्रिंटिंग, टेक्सटाइल, फूड प्रोसेसिंग, फर्नीचर, ज्वेलरी, इलेक्ट्रॉनिक्स आदि क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व किया। मौके पर मनोज मित्तल सीएमडी सिडबी ने कहा ख्र "मजबूत क्लस्टर के लिए मजबूत उद्योग संघ जरूरी हैं।"

# हिन्दूराव अस्पताल में सेमिनार आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** विश्व फार्मासिस्ट दिवस के मौके पर फार्मेसी ग्रेजुएट्स वेलफेयर एसोसिएशन के द्वारा जनता को जागरूक करने के लिए हिन्दूराव अस्पताल के डॉ. पासी ऑडिटोरियम में एक साइंटिफिक सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें इस वर्ष ष्स्वास्थ्य के बारे में सोचो ष्फार्मासिस्ट के बारे में सोचो का नारा दिया गया ताकि आम जनता में फार्मासिस्टों के स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में उनके बढ़ते योगदान के बारे में जागरूकता आएं।

इस अवसर पर हिन्दूराव अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आनन्द प्रकाश अति चिकित्सा अधीक्षक डॉ. किशन कुमार जोनी एओ श्रीमती सिमी चौधरी जम जम फाउन्डेशन के अध्यक्ष शमीम अहमद खान प्रमुख रूप से उपस्थित हुए। इस



मौके पर फार्मेसी ग्रेजुएट्स वेलफेयर एसोसिएशन के उपाध्यक्ष हरि दीपक ने दिल्ली नगर निगम से मांग करते हुए कहा कि दिल्ली सरकार में फार्मासिस्टों के नामकरण की व्यवस्था है उसी अनुसार दिल्ली नगर निगम के फार्मासिस्टों का भी नामकरण होना चाहिए जैसे फार्मासिस्ट, फार्मेसी ऑफिसर, सीनियर फार्मेसी ऑफिसर, चीफ फार्मेसी ऑफिसर आदि ताकि उन्हें वरिष्ठ होने का सम्मान मिले। इस मौके पर हिन्दूराव अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आनन्द प्रकाश ने सभी फार्मासिस्टों को शुभकामनाएं देते हुए उनकी मांगो पर गंभीरता पूर्वक विचार करने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर मोहन लाल, रमेश गर्ग, रामकरन, बलजीत दाहिया, धर्मवीर डबास, हरि दीपक, पूजा मिश्रा, लोकमान्य तिवारी, कमल किशोर, नवीन मुठा, प्रमोद अग्रवाल, अंकुर दत्ता, आर एस दाहिया, आदि सीनियर फार्मासिस्ट प्रमुख रूप से उपस्थित थे

इस मौके पर हिन्दूराव अस्पताल के जाने माने सामाजिक कार्यकर्ता व जम जम फाउन्डेशन के अध्यक्ष शमीम अहमद खान ने कहा कि हिन्दूराव अस्पताल आने जाने के लिए दिल्ली मेट्रों फ्रीडम बस सेवा की सुविधा होनी चाहिए।

## आईजीआई एयरपोर्ट पर सुरक्षा दिशा-निर्देशों के अनुपालन को लेकर बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आईजीआई एयरपोर्ट कार्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में दिल्ली पुलिस उपायुक्त विचित्र वीर ने एयरलाइनों के मुख्य सुरक्षा अधिकारियों के साथ एक बैठक की। इस बैठक में ४० से अधिक एयरला. इनों के मुख्य सुरक्षा अधिकारियों ने भाग लिया।

यह बैठक एयरलाइनों को संबंधित एजेंसियों द्वारा जारी विभिन्न सुरक्षा दिशानिर्देशों के सख्त अनुपालन के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से बुलाई गई थी। बैठक में पुलिस उपायुक्तने सुझाव दिया गया कि एयरलाइनों को अपने कर्मचारियों और ग्राउंड हैंडलिंग क्रू में से संदिग्ध व्यक्तियों का पता लगाने के लिए एक आंतरिक सतर्कता तंत्र स्थापित करना चाहिए।



फायरिंग श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त करने दिल्ली पुलिस के स्वाट कमांडो।

# स्वाट कमांडो ने फायरिंग श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस के स्वाट कमांडो ने एनएसजी द्वारा प्रशिक्षण केंद्र, मानेसर में आयोजित क्लस्टराइज्ड संयुक्त आतंकवाद- रोधी प्रशिक्षण अभ्यास की फायरिंग श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।दिल्ली पुलिस के एसआई अरुण कुमार के नेतृत्व में तीन हिट स्वाट कमांडो टीम ने सीजेसीटीटी अभ्यास में आठ टीमों में से प्रथम स्थान प्राप्त किया।स्वाट कमांडो को प्रेरित करने और भविष्य में ऐसे उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित करने हेतु दिल्ली पुलिस आयुक्त और विशेष पुलिस आयुक्त/स्पेशल सेल ने स्वाट टीम को पुरस्कृत किया और स्वाट के पर्यवेक्षी अधिकारियों को सम्मानित किया। दिल्ली पुलिस उपायुक्त (स्पेशल सेल) स्वाट अलाप पटेल ने बताया कि एनएसजी द्वारा २५ अगस्त से ०६ सितंबर,तक दो सप्ताह के लिए प्रशिक्षण केंद्र, मानेसर, गुरुग्राम, हरियाणा में उत्तरी क्षेत्र के लिए सीजेसीटीटी अभ्यास का आयोजन किया था।इस अभ्यास में सीएपीएफ की बीएसएफ, एसएसबी और सीआईएसएफ तथा राज्य पुलिस बलों की जम्मू और कश्मीर पुलिस,चंडीगढ़ पुलिस, हरियाणा पुलिस,दिल्ली पुलिस और उत्तर प्रदेश एटीएस की टीमों ने भाग लिया था।इन अभ्यास में विभिन्न स्थितियों में विभिन्न हथियारों से दिन-रात फायरिंग, हाउस इंटरवेंशन, बस इंटरवेंशन, ट्रेन इंटरवेंशन, स्लिथरिंग और आईईडी हैंडलिंग के आदि शामिल थे।

# 41वां मोतियाबिन्द ऑपरेशन शिविर संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मोतियाबिन्द के कारण से होने वाले अंधेपन को खत्म करने और समाज सेवा के लिए, सावन कृपाल रूहानी मिशन ने कृपाल बाग, दिल्ली में 41वां निःशुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिन्द ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया। सावन कृपाल रूहानी मिशन के प्रमुख संत राजिन्दर सिंह जी महाराज के दिव्य-मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में सैकड़ों लोगों की आँखों की रोशनी फिर से वापिस आई, जिससे कि दिल्ली-एनसीआर तथा उत्तर भारत के सैकड़ों लोगों के जीवन में बदलाव आया।

29वें विश्व आध्यात्मिक सम्मेलन के अवसर पर आयोजित यह आठ दिवसीय शिविर भारत और अमेरिका दोनों देशों के सेवादार डॉक्टर्स के अथक समर्पण से संभव हुआ। ये सभी इस नेक कार्य को सफलतापूर्वक पूरा करने के



लिए एक साथ एकजुट होकर इस शि. विर में निष्काम सेवा-भाव से मरीजों को अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे थे। उद्घाटन के दिन, कृपाल बाग के मैदान में बड़ी संख्या में मरीजों की लाईनें लगी रहीं, जहाँ मिशन के सेवादारों और मेडिकल टीम ने प्रत्येक व्यक्ति की सावधानीपूर्वक जाँच की। कुल मिलाकर 2,771 लोगों की आँखों की जाँच की गई, जिनमें से 1,200 भाई-बहन मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए योग्य पाए गए। मरीजों को निःशुल्क आवास, पौष्टिक भोजन, हॉस्पिटल आने और जाने, पढ़ने के चश्मे और उससे जुड़ी सभी आवश्यक सुविधाएँ मुफ्त में प्रदान की गईं। 41वें निःशुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर के दौरान, सावन कृपाल रूहानी मिशन के सेवादारों ने सभी कार्य सुचारू रूप से हों, उसके लिए उन्होंने न सिर्फ मरीजों के रजिस्ट्रेशन में सहायता की बल्कि उन सभी के लिए भोजन की व्यवस्था भी सुचारू रूप से की।

जिन भाई-बहनों की आँखों का मोतियाबिन्द का ऑपरेशन होना था, उन्हें कृपाल बाग में निःशुल्क आवास और भोजन प्रदान किया गया। इसके अलावा नौएडा स्थित आईकेयर आई हॉस्पिटल तक उनके आने-जाने की व्यवस्था हॉस्पिटल द्वारा व्यवस्थित बसों के माध्यम से की गई डॉक्टरों और कर्मचारियों की एक टीम ने अमेरिका से आए आँखों के डॉक्टर्स के साथ मिलकर मोतियाबिंद हटाने का ऑपरेशन किया।

# ताइवान एक्सीलेंस पवेलियन का हुआ उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** ताइवान एक्सीलेंस (टीई), ताइवान के आर्थिक मामलों के मंत्रालय (एमओईए) की एक पहल, ने आज ताइवान एक्सपो इंडिया 2025 में ताइवान एक्सीलेंस पवेलियन के भव्य उद्घाटन के साथ अपनी बहुप्रतीक्षित प्रदर्शनी शुरू की। यह आयोजन 25-27 सितंबर 2025 तक भारत मंडपम, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में हो रहा है।

ताइवान एक्सीलेंस पवेलियन का उद्घाटन श्री जेम्स सी.एफ. हुआंग, ताइवान एक्सटर्नल ट्रेड डेवलपमेंट काउंसिल (टीएआईटीआरए) के चेयरमैन, ने पवेलियन के विशेष दौरे के दौरान किया। दिल्ली में जन्मीं बॉलीवुड अभिनेत्री ईशा गुप्ता, जिनके सोशल मीडिया पर 18 मिलियन से अधिक फॉलोअर्स हैं, भी उद्घाटन समारोह में विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुईं।

इन गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति ने तीन दिवसीय जीवंत प्रदर्शनी के लिए माहौल तैयार किया, जिसमें ताइवान के नए-नए प्रोडक्ट्स को प्रदर्शित किया गया और भारत के साथ द्विपक्षीय व्यापार और तकनीकी संबंधों को मजबूत किया गया। ताइवान एक्सीलेंस के अत्याधुनिक उत्पादों ने मेहमानों और आगंतुकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, जिससे सभी पर एक स्थायी प्रभाव पड़ा।

# चैतन्यानंद करता था फेल करने की धमकी देकर उत्पीड़न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** स्वामी चौतन्यानंद सरस्वती उर्फ पार्थ सारथी श्री शारदा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन मैनेजमेंट में पढ़ने वाली छात्राओं को परेशान करने के लिए आरोपी कई हथकंडे अपनाता था। कानून की पूर्व छात्रा जो यहां मैनेजमेंट की पढ़ाई कर रही है उसने शिकायत नहीं की होती तो शायद यह मामला खुलता ही नहीं।

पुलिस अधिकारियों ने तहरीर के आधार पर बताया कि संचालक पर आरोप है कि तीन वार्डन पीड़ित छात्राओं को उसके पास ले जाती थीं। यहां आरोपी छात्राओं को फेल करने, नंबर कम करने जैसी धमकी देकर उनके साथ छेड़छाड़ करता था। उनके मोबाइल नंबर पर अश्लील मैसेज भी भेजता था। पीड़ितों कई छात्राएं मध्यवर्गीय परिवार से हैं। पुलिस जांच में पता चला कि पार्थ सारथी के खिलाफ दक्षिण दिल्ली के डिफेंस कॉलोनी थाने में वर्ष २००९ में और २०१६ में यौन उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज हैं। दक्षिण-पश्चिमी जिला पुलिस अधिकारियों के अनुसार छात्राओं की शिकायत के बाद श्री श्रृंगेरी मठ के प्रशासक पीए मुरली ने आरोपी के खिलाफ तहरीर दी है। शिकायत में संस्थान की कुछ फैकल्टी और प्रशासनिक अधिकारियों का भी जिक्र था जो उसकी हरकतों में मदद करते थे। बताया जा रहा है कि आरोपी की लो. केशन आगरा यूपी दिखी लेकिन इसके बाद भी पुलिस के हाथ खाली है। जिला पुलिस अधिकारियों की माने तो किसी भी छात्रा ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म की शिकायत नहीं दी है। सभी पीड़ितों ने सिर्फ छेड़छाड़ करने और अश्लील बातें करने की शिकायत दी है। हालांकि पुलिस इस मामले में कई कोणों से भी जांच कर रही है कि कोई और विवाद तो नहीं है। चैतन्यानंद उर्फ पार्थ सारथी श्री शारदा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन मैनेजमेंट का प्रबंधक था। संस्थान शृंगेरी पीठ के अधीन चलता है, जिसका प्रबंधक स्वामी चौतन्यानंद को नियुक्त किया गया था। हालांकि एफआईआर के बाद उसे पद से हटा दिया गया है। छात्राओं ने यह भी आरोप लगाया है कि चौतन्यानंद उन्हें जबरन छूने की कोशिश करता था। विरोध करने पर शारीरिक संपर्क करने की कोशिश की और इसके लिए कई तरह के दबाव भी बनाए। कथित तौर पर छात्राओं को डराया और धमकाया गया। यह भी कहा जा रहा है कि इस मामले में कुछ फैकल्टी के लोग भी जुड़े हैं। आरोप है कि चौतन्यानंद ने छात्राओं को आवाज को दबाने के लिए अपनी ताकत और प्रतिष्ठा का इस्तेमाल किया।

बाबा की अश्लील चैट सामने आई है। इनमें वह लड़कियों से कह रहा है कि मेरे कमरे में आ जाओ, तुमको विदेश ले चलूंगा और तुम्हें कुछ खर्च भी नहीं करना होगा। अगर मेरी बात नहीं मानी तो तुम्हें फेल कर दूंगा। आरोपी बाबा चौतन्यानंद लड़कियों को वॉट्सऐप पर मैसेज करके बुलाता था। छात्राएं अकर नहीं आती थीं तो परीक्षा में नंबर काटने और फेल करने की धमकी देता था।

# लद्दाख में हुई जनहानि बेहद दुखद: पवन खेड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** लद्दाख में हिंसक झड़पों के एक दिन बाद कांग्रेस ने केंद्र सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि यह संकट भाजपा की नीतियों का नतीजा है। पार्टी ने दो. हराया कि लद्दाख की राज्य का दर्जा और संविधान की छठी अनुसूची में शामिल किए जाने की मांग पूरी तरह न्यायसंगत है।

कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने एक्स पर लिखा- लद्दाख में हुई जानहानि बेहद दुखद है। यह सरकार की नाकाम वादों की याद दिलाती है। २०१९ में संसद में कहा गया था कि जम्मू-कश्मीर के लोगों के साथ जो हुआ है, उसके बाद शांति स्थापित होगी, लेकिन छह साल बाद हालात और बिगड़ गए हैं। केंद्र की नीतियों ने न सिर्फ घाटी बल्कि जम्मू और लद्दाख को भी हिंसा की आग में झोंक दिया है। लद्दाख की पहचान और गरिमा की मांग को उपेक्षा नहीं, बल्कि संवेदनशीलता और नेतृत्व से जवाब मिलना चाहिए।

गृह मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि हालात बुधवार शाम तक नियंत्रित कर लिए गए और लोगों से अपील की कि पुराने या भड़काऊ वीडियो सोशल मीडिया पर न फैलाएं। मंत्रालय ने हिंसा के पीछे जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक और कुछ राजनीतिक तत्वों के बयानों को जिम्मेदार बताया।

# एडीजी ने महिला थाने का किया निरीक्षण, दिए सख्त निर्देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** एडीजी जोन मेरठ भानु भास्कर ने गुरुवार को महिला थाने का औचक निरीक्षण किया, ताकि प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी अभियान शमिशन शक्ति 5.0 की प्रगति का जायजा लिया जा सके। उन्होंने इस अभियान को सिर्फ एक औपचारिकता न मानकर जन आंदोलन बनाने पर जोर दिया। निरिक्षण के दौरान एडीजी ने पाया कि जागरूकता कार्यक्रम तो चलाए जा रहे हैं, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में इस अभियान को और अधिक मजबूत करने की आवश्यकता है। महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को लेकर उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि इन तीनों लक्ष्यों को सुनिश्चित करने के लिए हर स्तर पर योजनाओं को तेज़ी से लागू किया जाए। उन्होंने महिला पुलिस कर्मियों से पिछले तीन दिनों में किए गए कार्यक्रमों और कार्रवाइयों की विस्तृत रिपोर्ट मांगी। उन्होंने थाने के विभिन्न रजिस्टरों और दस्तावेजों की गहनता से जाँच की। इस दौरानउन्होंने सम्बंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि हर महिला पुलिसकर्मी को गाँवों, वार्डों, स्कूलों और कॉलेजों में जाकर कार्यक्रम आयोजित करने होंगे। 112 आपातकालीन सहायता और 1090 महिला हेल्पलाइन जैसे महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों के बारे में अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करना। इस दौरान एडीजी ने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, पिंक बूथ, महिला बैरक व्यवस्था और स्वावलंबन कैंप जैसी सरकारी योजनाओं की जानकारी जनता तक पहुँचाने पर जोर दिया गया। उन्होंने अभियान को जमीनी स्तर तक ले जाने के लिए जागरूकता रैलियाँ, नुक्कड़ नाटक, कहानी सुनाने के सत्र और प्रशिक्षण कार्यशालाएँ आयोजित करने के लिए कहा गया। एडीजी ने साफ कहा कि इस एक महीने के अभियान के दौरान किसी भी तरह की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान, पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक विनीत भटनागर, सीओ सिटी वरुण मिश्रा और महिला थाना प्रभारी निरीक्षक अरुणा राय भी मौजूद थे।

# चंडी मंदिर में तृतीय नवरात्र पर हवन व श्रृंगार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** श्रीहरिहर चंडी मंदिर समिति द्वारा आयोजित नवरात्र महोत्सव के अवसर पर तृतीय नवरात्र पर माता रानी का हवन व श्रृंगार बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। आज के यजमान रजत मित्तल पुत्र अखिलेश मित्तल एवं उनके परिवार द्वारा विधिविधान से हवन व श्रृंगार कराया गया। अध्यक्ष अखिलेश मित्तल ने बताया कि चंडी मंदिर एक सिद्ध पीठ है, जहां आने वाले श्रद्धालुओं की मनो. कामनाएं अवश्य पूर्ण होती हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नवरात्र पर माता का हवन और श्रृंगार प्रतिदिन अलग-अलग यजमानों द्वारा कराया जाता है। साथ ही समिति की ओर से मंदिर परिसर में सफाई, जल की व्यवस्था और लंगूर सेवा का भी प्रबंध किया जाता है। इस अवसर पर समिति के सदस्य केशव शर्मा, सुधीर गोयल, बृजेश शर्मा, राहुल मित्तल, मोहित गुप्ता, मनोज मित्तल, विजयपाल रोहिल्ला सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे और मां के जयकारों से वातावरण गूंज उठा।

# अवैध रूप से चल रहा अल्ट्रासाउंड सेंटर किया सीज






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिनौली।** गांव में गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पुलिस प्रशासन के सहयोग से एक अल्ट्रासाउंड सेंटर पर छापेमारी की, जहां अवैध रूप से एक पोर्टेबल मशीन द्वारा अल्ट्रासाउंड होता मिला। टीम ने पोर्टेबल मशीन को जब्त कर अल्ट्रासाउंड सेंटर को सील कर दिया है।

बिनौली गांव में बड़ौत मेरठ मार्ग पर पेट्रोल पंप के पास लंबे समय से स्थानीय स्वास्थ्य विभाग की मिलीभगत से श्री बालाजी अल्ट्रासाउंड सेंटर बिना मानकों के चल रहा था। डीएम व सीएमओ के निर्देश पर नोडल अधिकारी डिप्टी सीएमओ डा.मसूद अनवर के नेतृत्व में बालाजी अल्ट्रा साउंड सेंटर पर छापेमारी की गई तो वहां प्रतिबंधित पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड मशीन पाई गई, जिसके बारे में सेंटर संचालक जसबीर सिंह से जानकारी की गई तो वे कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए, जिसके बाद मशीन को जब्त कर सील किया गया। इस दौरान अल्ट्रासाउंड सेंटर को अग्रिम विधिक कार्रवाई होने तक सील किया गया है। इस दौरान नायब तहसीलदार विजय कुमार, सीएचसी बिनौली के चिकित्साधिकारी डा.आकाश चौधरी, एसआई बिनौली चौकी प्रभारी नीलकांत भी मौजूद रहे।

# डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमाओं का अनावरण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** आवासीय कॉलोनी में आज सम्मानित नागरिकों के सौजन्य से डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमाओं का अनावरण भव्य रूप से किया गया। कार्यक्रम का अनावरण भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष नरेश तोमर, पालिक. ाध्यक्ष विभु बंसल, नगर अध्यक्ष मनीष माहेश्वरी, नगर संचालक विपिन अग्रवाल तथा नगर के सम्मानित नागरिकों द्वारा किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष नरेश तोमर ने कहा कि डा.मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचार आज भी समाज को नई दिशा प्रदान करते हैं। उनकी प्रेरणा से राष्ट्र की एकता और अखंडता सशक्त बनी है। पालिकाध्यक्ष विभु बंसल ने कहा कि नगरवासियों के सहयोग से इन महापुरुषों की प्रतिमाओं का अनावरण होना हमारे लिए गर्व का विषय है। इनके आदर्श हमें समाजहित और राष्ट्रहित में कार्य करने की प्रेरणा देते हैं। इस मौके पर सुरेश, सुधीर गोयल, विश्वप्रकाश शर्मा, अखिलेश मित्तल, सीमा जौहर, सभासद नरेश भारती, सचिन पुंडीर, प्रदीप, जहीरूद्दीन, यादराम कोरी, पवन चौधरी, दीपक राबिया, आयुष सिरोही, गुड्डू प्रजापति, हिमांशु अग्रवाल, कमल कंसल, अंकुर गहलौत, राजेंद्र राठी आदि उपस्थित रहे।

# एडीजी ने किया रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** यूपी पुलिस भर्ती के रिक्रूट आरक्षियों का प्रशिक्षण पिलखुवा में स्थित स्वामी विवेकानंद कालेज में कराया जा रहा है। गुरुवार को एडीजी भानू भास्कर ने प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण किया। प्रशिक्षण केंद्र पर विभिन्न व्यवस्थाओं की जांच की। एडीजी ने प्रशिक्षुओं से संवाद कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जनपद में 250 रिक्रूट आरक्षियों को प्रशिक्षण देना शुरू हो गया है, जिसमें एक माह का ज्वाइंट ट्रेनिंग सेंटर होगा। इसमें 50 महिला आरक्षी होंगी। इसके बाद नौ माह की आरटीसी कराई जाएगी। गुरुवार को एडीजी पिलखुवा स्थित प्रशिक्षण केंद्र पहुंचे। जहां उन्होंने प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण कर रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण दिनचर्या की जानकारी की। साथ ही प्रशिक्षण केंद्र पर मूलभूत सुविधाओं जैसे बैरिक, मैस, क्लास रूम, मनो. रंजन कक्ष इत्यादि का निरीक्षण कर साफ-सफाई, खाने की गुणवत्ता आदि को चेक किया। एडीजी ने रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण को और बेहतर बनाये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस दौरान एडीजी ने अभ्यर्थियों से संवाद भी किया। इस अवसर पर एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह, एएसपी विनीत भटनागर, सीओ पिलखुवा अनीता चौहान, थाना प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार आदि मौजूद थे।

# ट्रैक्टर-ट्राली पलटने से महिला की मौत, आधा दर्जन घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गढ़मुद्रेश्वर कोतवाली क्षेत्र के खादर इलाके में पशुओं के लिए चारा लेकर लौट रही ट्रैक्टर ट्राली पलटने से एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई जबकि करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया जबकि महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

मिली जानकारी के अनुसार गढ़मुद्रेश्वर के खादर क्षेत्र में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र कुदैनी की मढैया निवासी कुछ किसान अपने पशुओं के लिए चारा लेकर लौट रहे थे। तभी उनकी ट्रैक्टर ट्राली गांव सौगढ़-शाहपुर के पास अचानक अनियंत्रित होकर करीब 15 फीट गहरे खेत में पलट गई। इस हादसे में एक महिला, जिसका नाम कुंता है, की मौत हो गई। उनकी हालत इतनी नाजुक थी कि इलाज के दौरान ही उन्होंने दम तोड़ दिया। कुंता की मौत की खबर से उनके परिवार में गहरा शोक छा गया। वहीं, पुष्पा, मो. निका, रूपवती, काजल, सीमा, विमलेश, चमन और धर्मवीर सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया। गंभीर स्थिति को देखते हुए रूपवती को मेरठ रेुर किया गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली पलटने के कारणों की जांच शुरू कर दी है। जांच में ट्रैक्टर की गति, सड़क की हालत और ट्राली में अधिक चारा होने जैसे पहलुओं को शामिल किया गया है। पुलिस ने कहा है कि परिजनों की शिकायत के आधार पर आगे की कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

## एक नजर

### 28 सितम्बर को होगी किसान मज़दूर स्वाभिमान महापंचायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुद्रेवर।** शहीदे आज़म सरदार भगत सिंह के जन्म दिवस पर 28 सितंबर को किसान डिग्री कालिज सिंभावली में राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के तत्वाधान में किसान मज़दूर स्वाभिमान महापंचायत का आयोजन किया जाएगा, जिसमें कई नामी गिरामी हस्तियों समेत हजारों की भीड़ शिरकत करेगी। राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के प्रदेश महासचिव चौधरी वीरपाल सिंह और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रवक्ता एडवोकेट मुकुल कुमार त्यागी ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि महापंचायत में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार वीएम सिंह, पूर्व पीएम लाल बहादुर शास्त्री के नाती संजय नाथ सिंह, पूर्व डीजीपी सुलखान सिंह, पूर्व सांसद राजू शेट्टी, संयुक्त राष्ट्र महासभा में कृषि मामलों के सलाहकार डा.बीआर पाटिल, बेस्ट प्रिंसिपल अवार्ड विजेता और एथलीट में वर्ल्ड गोल्ड मेडल विजेता डा.ऋचा सूद, किसान नेता सुनील सरदार, भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व उपाध्यक्ष नरेश सिरोही, खाप चौधरी बागपत कप्तान, विवेक चौहान खाप चौधरी, ब्रजपाल सिंह, सुरेंद्र सिंह तोमर समेत हजारों की भीड़ शिरकत करेगी। इसके अलावा प्रसिद्धयू ट्यूब और टीवी कलाकार ज्ञानेंद्र सरधाना की मंडली द्वारा रंगा. रंग रागनी कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया जाएगा। संबंधित जानकारी दिए जाने के दौरान राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के जिला अध्यक्ष तरुण चौधरी, जिला सचिव रोहित सिवाल, ब्लॉक सचिव मोहित चौधरी, राष्ट्रीय सैनिक संस्था के प्रदेश प्रवक्ता और हापुड़ के जिला अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र त्यागी भी उपस्थित रहे।

### ट्रेनों समेत विभिन्न वाहनों से बसपाई पहुंचेंगे लखनऊ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुद्रेश्वर।** लखनऊ में नौ अक्टूबर को होने वाली रैली को अभूतपूर्व बनाने के उद्देश्य से सक्रिय हुए बसपाइयों ने अलग अलग टीम बनाकर अधिक से अधिक भीड़ ले जाने का दायित्व तय किया। सिंभावली के कैंप कार्यालय में सोमवार को बसपा की बैठक हुई, जिसमें पार्टी संगठन को मजबूत करने के साथ ही मायावती की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से नौ अक्टूबर को लखनऊ में होने वाली मायावती की रैली में अधिक से अधिक भीड़ ले जाने का लक्ष्य तय करते हुए कार्यकर्ताओं को टीम बनाकर अभी से सघन जनसंपर्क करने का दायित्व सौंपा गया। जिलाध्यक्ष एके कर्दम, जिला प्रभारी सतीश प्रधान, जिला उपाध्यक्ष जिया परवेज, विधान सभा क्षेत्राध्यक्ष राजू जाटव, शिवकुमार, पवन कुमार, नौफिल समेत सेक्टर अध्यक्ष और महासचिव मौजूद रहे।

### किसानों को ट्रैक्टर समेत कृषि उपकरणों पर मिली राहत भी गिनाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुद्रेश्वर।** जीएसटी घटाए जाने से हुए लाभ गिनाने को विधायक ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मुख्य बाजार में व्यापारी और ग्राहकों से वार्ता करते हुए किसानों को कृषि उपकरणों की खरीद में मिली राहत के विषय में भी जानकारी दी। प्रधानमंत्री द्वारा जीएसटी में कटौती किए जाने से भाजपा कार्यकर्ता पूरी तरह गदगद हो रहे हैं। जिन्होंने सोमवार को क्षेत्रीय विधायक हरेंद्र तेवतिया के नेतृत्व में गढ़ के मुख्य बाजार समेत सार्वजनिक स्थानों पर पहुंचकर व्यापारी, ग्राहक और किसानों से वार्ता की। जिन्होंने बड़ी गर्मजोशी के साथ भाजपाइयों का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री का तहेदिल से आभार जताया। विधायक ने कहा कि जीएटसी में कटौती किए जाने से छोटे व्यापारियों के साथ ही घरेलू सामान और जीवन रक्षक दवा खरीदने वाले ग्राहकों को बड़े स्तर पर राहत मिली है। विधायक ने बताया कि ट्रैक्टर समेत अन्य कृषि उपकरणों की खरीद करने वाले किसानों को भी जीएसटी की दरों में कटौती होने से बड़ी राहत हुई है। दिनेश गर्ग, अर्जुन ठाकुर, गोपाल ठाकुर, करन गौतम, शोभित ठाकुर, भूषण पंडित, रोहित मल्होत्रा, पूर्व चेयरमैन रामौतार राजौरा दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नहर में मिला अज्ञात वृद्ध व्यक्ति का शव, क्षेत्र में फैली सनसनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुद्रेश्वर।** मध्य गंग नहर में अज्ञात वृद्ध का सड़ा गला शव मिलने से सिंभावली क्षेत्र में सनसनी फैल गई, हालांकि पुलिस पानी के साथ पीछे से शव बहकर आने की बात कहकर अपने क्षेत्र में कोई भी अपराधिक घटना होने से पूरी तरह इंकार कर रही है।

सिंभावली क्षेत्र से होकर निकल रही मध्य गंग नहर में बक्सर रेगुलेटर के पास बृहस्पतिवार की दोपहर बाद अज्ञात शव बहता देख राहगीरों समेत खेतों से लौट रहे किसानों के होश उड़ गए। कुछ ही देर के भीतर यह खबर तेजी से क्षेत्र में फैल गई, जिसका पता लगते ही इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने गोताखोरों के माध्यम से कड़ी मशक्कत के बाद शव को नहर से बाहर निकलवा लिया, परंतु हरसंभव प्रयास के बाद भी मृतक के नाम पते के विषय में कोई जानकारी लग पानी संभव नहीं हो पाई। नहर में अज्ञात शव मिलने से तरह तरह की चर्चा चलने पर क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। सीओ स्तुति सिंह का कहना है कि नहर में तैर रहे अज्ञात वृद्ध के शव को जांच के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। शव सड़ा गला होने से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि वह नहर के पानी में कहीं पीछे से बहकर आया है। पुलिस द्वारा की जा रही जांच में जल्द ही सारी गुत्थी का खुलासा करते हुए अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# भारतीय जनता पार्टी ने पं.दीनदयाल उपाध्याय की मनाई जयंती



**हापुड़।** भारतीय जनता पार्टी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया, जिसमें पार्टी के मूल्यों और विचारधारा पर चर्चा की गई। प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि दीनदयाल उपाध्याय ने जन सेवा को राजनीति का माध्यम माना और एकात्म मानववाद के सिद्धांत को रेखांकित किया, जिसका उद्देश्य सभी वर्गों का समावेशी विकास और सशक्तिकरण करना था। प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने जीएसटी में हुए हालिया सुधारों पर भी बात की। उन्होंने कहा कि जीएसटी दरों में कमी से उपभोक्ताओं और व्यापारियों, दोनों को फायदा हुआ है और भारतीय बाजार में कारोबार बढ़ा है। उन्होंने विशेष रूप से बताया कि जीएसटी कम होने से वाहनों की बिक्री में काफी बढ़ोतरी हुई है। मंत्री अग्रवाल ने चंडी मंदिर रोड के व्यापारियों से मुलाकात कर जीएसटी रिफॉर्म के बारे में उनकी राय जानी। व्यापारियों ने इस कदम की सराहना की और कुछ सुधारों के लिए सुझाव भी दिए, जिस पर मंत्री ने केंद्र सरकार से बात करने का आश्वासन दिया। इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष नरेश तोमर, अभियान संयोजक पुनीत गोयल, और अन्य वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# किसान मजदूर स्वाभिमान महापंचायत का आयोजन




**शाह टाइम्स संवाददता**

**हापुड़।** शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह के जन्म दिवस के अवसर पर गुरुवार को सिंभावली के किसान डिग्री कॉलेज में राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन द्वारा एक किसान मजदूर स्वाभिमान महाप. ंचायत का आयोजन किया जा रहा है। इस महापंचायत में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार वीएम सिंह के साथ कई प्रमुख व्यक्ति शामिल होंगे, जिनमें संजय नाथ सिंह लाल बहादुर शास्त्री के नाती, सुल्तान सिंह पूर्व डीजीपी उत्तर प्रदेश, राजू शेट्टी पूर्व सांसद, डा.बीआर पाटिल संयुक्त राष्ट्र महासभा में कृषि मामलों के सलाहकार, डा. ऋचा सूद पुरस्कार विजेता एथलीट और प्रिंसिपल, सुनील सरदार किसान नेता, नरेश सिरोही निवृत्तमान उपाध्यक्ष, भाजपा किसान मोर्चा शामिल है। आयोज. कों का अनुमान है कि इस कार्यक्रम में लगभग 20,000 से 25,000 किसान शामिल होंगे। महापंचायत में प्रसिद्ध यू टयूब व टीवी कलाकार ज्ञानेंद्र सरधाना एंड पार्टी का रागिनी संगीत कार्यक्रम भी होगा।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के जिलाध्यक्ष तरुण चौधरी, जिला सचिव रोहित सिवाल, ब्लाक सचिव मोहित चौधरी और राष्ट्रीय सैनिक संस्था के प्रदेश प्रवकता व हापुड़ के जिलाध्यक्ष ज्ञानेंद्र त्यागी भी उपस्थित थे।

# हापुड़ में श्री रामलीला महोत्सव का आरंभ





**शाह टाइम्स संवाददता**

**हापुड़।** श्री रामलीला समिति, हापुड़ द्वारा आयोजित श्री रामलीला महोत्सव 2025 का शुभारंभ श्री रामचरित मानस और व्यास के पूजन के साथ हुआ। परम श्रद्धेय पवन देव चतुर्वेदी व्यास ने पहले दिन की कथा सुनाई, जिसमें उन्होंने भगवान राम के जीवन के महत्वपूर्ण प्रसंगों का वर्णन किया।

व्यास ने बताया कि भगवान श्रीराम श्रृंगवेरपुर में भीलों के राजा निषाद राज से मित्रता करते हैं और फिर सुमंत को अयोध्या वापस भेज देते हैं। इसके बाद वे वन की ओर प्रस्थान करते हैं। गंगा नदी पार करते समय केवट से उनकी मुलाकात होती है। केवट, जिन्होंने अहिल्या के उद्धार की कथा सुनी थी, भगवान राम से अपने चरण धुलवाने का आग्रह करते हैं। वह कहते हैं कि आपके चरण स्पर्श से अगर पत्थर नारी बन सकता है, तो मेरी लकड़ी की नाव का क्या होगा? केवट के अनुरोध पर प्रभु राम उनके आगे झुक जाते हैं और अपने चरण धुलवाते हैं।

बदले में, प्रभु राम केवट को अपनी निर्मल भक्ति का वरदान देते हैं। कथा आगे बढ़ती है और राम भरद्वाज आदि संतों से मिलते हैं। इसके बाद वे वाल्मीकि मुनि के आश्रम पहुँचकर कंद मूल फल का भोग लगाते हैं। वाल्मीकि मुनि के सुझाव पर वे चित्रकूट नामक स्थान पर मंदाकिनी नदी के तट पर विश्राम करते हैं। इस मंचन को देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। इस अवसर पर समिति के कई पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित थे, जिनमें विनोद वर्मा, उमेश अग्रवाल, शुभम गोयल, नवीन वर्मा, सुरेश वशिष्ठ और अन्य शामिल थे।

# मोदी ने इंटरनेशनल ट्रेड शो का किया उद्घाटन



शाह टाइम्स ब्यूरो

ग्रेटर नोएडा। पीएम मोदी ने नोएडा में इंडिया एक्सपो मार्ट में गुरुवार को यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का शुभारंभ किया। उन्होंने कारोबारियों से कहा कि हम चिप से शिप तक भारत में बनाना चाहते हैं। इसलिए अपना बिजनेस मॉडल ऐसा बनाइए जो आत्मनिर्भर भारत को मजबूती देता हो।

बदलती हुई दुनिया में जो देश जितना ज्यादा दूसरों पर निर्भर रहेगा, उसकी ग्रोथ उतनी ही कॉम्प्रोमाइज रहने वाली है। इसलिए भारत को किसी पर निर्भर रहना अब मंजूर नहीं है। भारत को आत्मनिर्भर बनाना होगा। इससे पहले पीएम ने कारोबारियों से बात की। मोदी प्रोड्यूसर बोनी कपूर और उनके बेटे अर्जुन से भी मिले। ट्रेड शो 29 सितंबर तक चलेगा। रूस पार्टनर देश के रूप में हिस्सा ले रहा है। अनुमान है कि इस बार ट्रेड शो में 5 हजार करोड़ का व्यापार होगा। शो में पहली बार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मॉडल का लाइव डेमो होगा। यूपी के 40 जिलों के उत्पाद ग्लोबल प्लेटफॉर्म पर प्रदर्शित किए जा रहे हैं। यहां 2400 से ज्यादा स्टॉल लगाए गए हैं। हर दिन सुबह से रात तक सेमिनार और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

मोदी ने कहा- 2014 से पहले जब हमारी सरकार नहीं थी तो सिर्फ दो लाख रुपए तक ही इनकम टैक्स माफ था। आज हमने 12 लाख रुपए तक टैक्स फ्री किया है। नए जीएसटी रिफार्म से इस साल देश के लोगों को ढाई लाख करोड़ रुपए बचने जा रहे हैं।

देश आज गर्व के साथ जीएसटी बचत उत्सव मना रहा है। 2017 में हम जीएसटी लाए, आर्थिक मजबूती की। 2025 में फिर से जीएसटी लाए, फिर आर्थिक मजबूती करेंगे। जैसे-जैसे आर्थिक मजबूती होगी, टैक्स का भार कम होता जाएगा।

**मोदी ने कहा- जीएसटी पर राजनैतिक दल देश को गुमराह कर रहे:** कुछ राजनीतिक दल ळैज की नई दरों को लेकर देश के लोगों को भ्रमित कर रहे हैं। 2014 से पहले जो सरकार चला रहे थे, उसकी नाकामियां छिपाने के लिए कांग्रेस और उसके साथी दल जनता से झूठ बोल रहे हैं। सच्चाई तो ये है कि कांग्रेस के समय टैक्स की चोरी होती थी। लूट हुए धन में से भी लूट होती थी। देश के आम नागरिकों को टैक्स की मार से निचोड़ा जा रहा था। ये हमारी सरकार है, जिसने टैक्स को बड़े पैमाने पर कम किया है।

**एक हजार रुपये की शर्ट पर 35 रुपये टैक्स देना होगा:** मोदी ने कहा कि ळैज की नई दर भारत की विकास गाथा को नई उड़ान देंगे। ये जीएसटी पंजीकरण को सरल बनाएंगे, कर विवादों को कम करेंगे और एमएसएमई को तेजी से रिफंड सुनिश्चित करेंगे। 2014 से पहले इतने सारे टैक्स थे कि बिजनेस की कॉस्ट और परिवार का बजट कभी संतुलित नहीं हो पाते थे। 2014 से पहले एक हजार रुपए की शर्ट पर 117 रुपए टैक्स लगता था। 2017 में ळैज लागू होने के बाद टैक्स घटकर 50 रुपए हो गया। अब नई जीएसटी रिफॉर्म के बाद एक हजार रुपए की शर्ट पर सिर्फ 35 रुपए टैक्स देना होगा।

**देश में बनने वाले 55% मोबाइल यूपी में बनते हैं:** पीएम मोदी ने कहा कि आज पूरे भारत में जितने मोबाइल फोन बनते हैं, उसमें से 55% मोबाइल उत्तर प्रदेश में बनते हैं। यूपी अब सेमीकंडक्टर सेक्टर में भी भारत की आत्मनिर्भरता को मजबूती देगा। यहां से कुछ किमी दूर ही एक बड़ी सेमीकंडक्टर फैसिलिटी पर काम शुरू होने वाला है। मैं आप सभी का आह्वान करता हूं कि यूपी में निवेश कीजिए, यूपी में मैन्युफैक्चर कीजिए। यहां लाखों एमएसएमई का मजबूत नेटवर्क है, उनका सामर्थ्य इस्तेमाल कीजिए और एक कंप्लीट प्रोडक्ट यहीं तैयार कीजिए। इसके लिए हर मदद के साथ यूपी सरकार और भारत सरकार आपके साथ है।

**यूपी सबसे ज्यादा एक्सप्रेस वे और एयरपोर्ट वाला राज्य बना:** यूपी देश में सबसे अधिक एक्सप्रेस-वे वाला प्रदेश बन चुका है। यूपी देश के सबसे अधिक इंटरनेशनल एयरपोर्ट वाला राज्य बन चुका है। हेरिटेज टूरिज्म में भी यूपी नंबर-1 है। नमामि गंगे जैसे अभियानों ने यूपी को क्रूज टूरिज्म के लिए उसके मैप पर लाकर अपना स्थान बना लिया है। ओडीओपी के यूपी के कई प्रोडक्ट इंटरनेशनल मार्केट में पहुंच गए हैं।

**भारत को किसी पर निर्भर रहना मंजूर नहीं:** मोदी ने कहा- अब तक ओडीओपी के माध्यम से भारत सरकार 15 लाख करोड़ रुपए का सामान या सर्विस खरीद चुकी है। पहले की सरकारों में ये सोचना भी असंभव था। लेकिन, आज देश से दूर कोने में एक छोटा कारोबारी भी ळम्ड पोर्टल पर सामान बेच रहा है। यही अंत्योदय है। आज भारत 2047 तक विकसित होने के लक्ष्य की ओर आगे बढ़ रहा है। भारत आने वाले दशकों की नींव मजबूत कर रहा है। हमारा संकल्प और मंत्र है- आत्मनिर्भर भारत। बदलती हुई दुनिया में जो देश जितना ज्यादा दूसरों पर निर्भर रहेगा, उसकी ग्रोथ उतनी ही कम्प्रोमाइज रहने वाली है। इसलिए, भारत को किसी पर निर्भर रहना अब मंजूर नहीं है। भारत को आत्मनिर्भर बनाना होगा।

**मोदी बोले- ट्रेड शो के लिए योगी को बधाई देता हूं:** पीएम मोदी ने कहा- इस बार ट्रेड शो का कंट्री पार्टनर रूस है। मैं सीएम योगी और सरकार के अन्य साथियों को इस आयोजन के लिए बहुत बधाई देता हूं। आज हम सभी के मार्गदर्शन पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती है। पंडित दीनदयाल ने हमें अंत्योदय की राह दिखाई थी। अंत्योदय यानी जो सबसे आखिरी में है उसका उदय हो। गरीब से गरीब तक विकास पहुंचे और हम भेदभाव समाप्त हो। यही अंत्योदय है। आज विकास का यही मॉडल भारत दुनिया को दे रहा है।

**योगी बोले- जीएसटी राहत से व्यापारियों को नया जीवनदान मिला:** सीएम योगी ने कहा- गरीब, किसान, महिला, युवा, मध्यम वर्ग, व्यापारी और लघु कुटीर उद्योग से जुड़े लोगों के लिए प्रधानमंत्रीजी ने दिवाली पर ळैज कम करके गिफ्ट दिया। पिछले चार दिन से हम देख रहे हैं कि मार्केट में एक नई जीवंतता दिख रही है। ग्राहक बाजार की ओर बढ़े हैं। इससे बड़े पैमाने पर व्यापारियों को नया जीवनदान मिला है। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का ये तीसरा संस्करण है। इसमें 80 देशों के 550 से ज्यादा बायर्स भी भाग ले रहे हैं। इसमें 2250 से अधिक एग्जीबीटर्स यूपी के 75 जिलों से सहभागी बनकर ब्रांड यूपी को बढ़ावा दे रहे हैं। यूपी को देश और दुनिया के सामने दिखाने का ये बेहतरीन प्लेटफॉर्म है।

**पुलिस और कारोबारियों में नोकझोंक, कई ने वीआईपी पास फाड़े:** ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में कई जगहों पर पुलिस और कारोबारियों में नोकझोंक हुई। प्रशासन ने एंट्री के लिए वीआईपी पास दिए थे। सुबह 8 बजे कार्यक्रम में बुलाया गया था। एंट्री गेट पर पुलिस ने रोक लिया। समय से न पहुंचने की बात कहकर कुछ कारोबारियों को लौटाया। नाराज कई लोगों ने पास फाड़ दिए।

## ग्रेटर नोएडा के स्टॉल में लगी युवाओं की भीड़

शाह टाइम्स संवाददाता

ग्रेटर नोएडा। यूपीआईटीएस 2025 का ग्रेटर नोएडा के एक्सपो मार्ट में बृहस्पतिवार को आगाज हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में इसका शुभारंभ किया। ट्रेड फेयर में हॉल नंबर -3 में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने अपना स्टॉल लगाया है। ट्रेड फेयर का उद्घाटन करने पहुंचे प्रधानमंत्री उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल में लगे स्टॉल का भ्रमण किया। वह ग्रेटर नोएडा के स्टॉल के सामने से गुजरे और स्टॉल को देखकर खुश दिखे। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव, एसीईओ सुनील कुमार सिंह, एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस, एसीईओ प्रेरणा सिंह और एसीईओ सुमित यादव ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का अभिवादन किया। वहीं, उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता श्नंदीश ने भी स्टॉल का जायजा लिया। स्टॉल में प्रदर्शित योजनाओं और इंफ्रास्ट्रक्चर के बारे में जानकारी ली। एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव, एसीईओ सुनील कुमार सिंह, एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस और एसीईओ प्रेरणा सिंह ने मंत्री का स्वागत किया और स्लॉट में प्रदर्शित योजनाओं के बारे में जानकारी।

## बोनी कपूर ने प्रधानमंत्री को बताई फिल्म सिटी की खूबियां



शाह टाइम्स संवाददाता

ग्रेटर नोएडा। यूपीआईटीएस में बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ प्रदर्शनी में स्टॉल पर जाकर उद्यमियों से जानकारी ली। इस दौरान प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री यमुना प्राधिकरण के स्टॉल पर पहुंचे। जहां फिल्म निर्माता बोनी कपूर और अभिनेता अर्जुन कपूर ने पीएम को यमुना सिटी के सेक्टर-18 में प्रस्तावित फिल्म सिटी के बारे में जानकारी दी।

यहां फिल्म सिटी के अलावा नोएडा एयरपोर्ट को लेकर भी उन्होंने अधिकारियों से बात की। यीडा के सीईओ राकेश कुमार सिंह ने प्रधानमंत्री का स्वागत किया। प्रधानमंत्री इस बीच नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के सीईओ क्रिस्टोफ शेलमैन के अलावा प्रमुख उद्योगपति शेखर अग्रवाल, एमएल जायसवाल, राजीव गोयल, हर्षवर्धन गोविल से भी मिले। सीईओ ने उन्हें बताया कि नोएडा एयरपोर्ट अपनी शुरुआत के लिए तैयार है। एयरपोर्ट के शुरू होने के बाद इस पूरे क्षेत्र का विकास भी नई ऊंचाई हासिल करेगा। मेडिकल डिवाइस पार्क, फिनटेक सिटी, सेमी कंडक्टर पार्क, एजूकेशन हब और हेरीटेज सिटी की योजनाओं पर भी प्रधानमंत्री ने बात की। विजिटर्स की सुविधा के लिए अनुष्का रोबोट भी यहां आकर्षण का केंद्र रहा।

## प्राधिकरण की तैयारी का लिया जायजा

एक्सपो मार्ट में ट्रेड फेयर को देखते हुए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफ से की गई तैयारी का फायदा मिला। उद्घाटन के दिन बड़ी संख्या में वीआईपी एक्सपो मार्ट पहुंचे, लेकिन लोगों को ट्रैफिक जाम या किसी अन्य परेशानी से नहीं जूझना पड़ा। नासा पार्किंग में 8000 वाहनों की पार्किंग का इंतजाम किया गया है, जिसके चलते लोगों को वाहनों की पार्किंग के लिए कोई असुविधा नहीं हुई है। सड़कों को मरम्मत होने से वाहनों को आवाजाही में कोई दिक्कत नहीं हुई। प्राधिकरण के उद्यान विभाग की तरफ से ग्रीनरी बढ़ाने पर काफी काम किया गया था। इससे एक्सपो मार्ट और आसपास के एरिया में हरियाली काफी बढ़ गई है। एक्सपो मार्ट और उसके आसपास स्ट्रीट लाइट का पर्याप्त इंतजाम किया गया है। नासा पार्किंग से एक्सपो मार्ट तक आने -जाने के लिए बड़ी संख्या में बसें संचालित की गई हैं ,जिससे लोगों को काफी सुविधा हो गई है। एसीईओ सुमित यादव ने बताया कि आगंतुकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्राधिकरण की तरफ से सभी तैयारी की गई है। लोग आराम से ट्रेड फेयर में सरीख हो सकते हैं।

## ट्रेड शो में चार हजार करोड़ का कारोबार होने की उम्मीदः सचान

शाह टाइम्स संवाददाता

नोएडा। प्रदेश के औद्योगिक मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी और एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने अंतरराष्ट्रीय खरीदारों के साथ बी-2-बी बैठकों का उद्घाटन किया। राकेश सचान ने कहा कि पांच दिवसीय मेले में 4000 करोड़ का कारोबार होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी में प्रदेश के 2400 से अधिक प्रदर्शक वस्त्र, हस्तशिल्प, खादी, वस्त्र, चमड़ा, खाद्य प्रसंस्करण, ओडीओपी और जीआई टैग उत्पादों के अलावा इलेक्ट्रॉनिक व विभिन्न क्षेत्रों के उत्पादों का प्रदर्शन कर रहे हैं। यहां शिल्पकारों और कारीगरों को विदेशी खरीदारों से सीधे जुड़ने का मौका मिलेगा। वहीं भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) के अध्यक्ष एससी रल्हन ने बताया कि प्रदर्शनी में 85 से अधिक देशों के 500 से अधिक विदेशी खरीदार भाग ले रहे हैं। इनमें अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, फ्रांस, जापान, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण कोरिया, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका जैसी प्रमुख देश शामिल है। 5 दिन के अंदर 2500 से अधिक बी-2-बी बैठकें होंगी। अंतरराष्ट्रीय खरीदारों के साथ प्रदेश के 2000 से अधिक विक्रेताओं के बीच सार्थक जुड़ाव संभव होगा। इस मौके पर भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) के महानिदेशक और सीईओ डॉ. अजय सहाय व अतिरिक्त महानिदेशक सुविध शाह और आईईएमएल के अध्यक्ष राकेश कुमार भी मौजूद रहे।

**विदेशी खरीदारों को भेंट कर रहे काला नमक चावलः** ट्रेड शो में पहुंच रहे विदेशी खरीदारों को भेंट में काला नमक चावल दिया जा रहा है। मंत्री राकेश सचान ने कहा कि काला नमक चावल को बढ़ावा देने के लिए सभी विदेशी खरीदारों को स्मृति चिन्ह के रूप में इसे बतौर उपहार दिया जा रहा है।



ग्रेटर नोएडा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रूस व जापान के प्रतिनिधि मण्डल से भेंट करते हुए।

## एक्सपो-2025 बांदा जिले के सजर पत्थर से बना राममंदिर

■ पीएम ने भी देखा केन नदी में मिलता है ऐसा पत्थर, काट और घिसकर तैयार होते आभूषण

नोएडा। उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो में बांदा जिले के हस्त शिल्पकार द्वारिका प्रसाद सोनी द्वारा बनाए गए राम मंदिर मंदिर का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अवलोकन किया। द्वारिका प्रसाद सोनी ने कहा कि मेरी इच्छा है कि इस मंदिर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेंट करूं।

द्वारिका प्रसाद सोनी बांदा के एक कुशल शिल्पी हैं, जिन्हें शजर स्टोन क्राफ्ट में लगभग चार दशकों का अनुभव है। उन्होंने स्किल डेवलपमेंट स्कीम के अंतर्गत 444 से अधिक कारीगरों को प्रशिक्षित किया। जिससे इस अद्वितीय कला का संरक्षण हो सका।उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए उन्हें 2001 में राज्य पुरस्कार और 2011 में राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जिसे तत्कालीन राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने प्रदान किया। इसका एक स्टॉल ओडीओपी में लगा है। जहां शजर पत्थर की कला को दिखाया गया। यहां शजर पत्थर से बने हुए आभूषण एवं कलाकृति भी है।

सुरेंद्र सिंह विश्वकर्मा ने बताया बांदा की केन नदी में पत्थर मिलता है। एक पत्थर में एक निशान बनता है। जिसे कटिंग की जाती है। इसके बाद घिसाई की जाती है। जिस पत्थर से राम मंदिर का सेट बनाया गया है। वह करीब ढाई फीट बड़ा है।ओडोपी कार्यक्रम ने शजर स्टोन को बांदा का जनपद उत्पाद घोषित कर नई पहचान दी। इसके अंतर्गत इस कला को जीआई टैग प्राप्त हुआ। उन्होंने बताया कि शजर पत्थर की कलाकृति सिर्फ बांदा में ही बनाई जा रही है। इस पत्थर से जूलरी बनती है। इसके अलावा अंगूठी और अन्य सामान भी बनाया जाता है। ईरान, इराक , सउदी में एक्सपोर्ट किया जाता है।

## एक नजर

### सीआईएसएफ में तैनात आरक्षी पर पत्नी को प्रताड़ित कर हत्या करने का आरोप

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सीआईएसएफ कैंप में तैनात एक आरक्षी की पत्नी की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। मायके पक्ष के लोगों ने आरक्षी व उसकी मां पर महिला के साथ मारपीट कर हत्या करने का आरोप लगाया है। मृतका के भाई की शिकायत पर सूरजपुर कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बागपत निवासी अंकित तोमर का कहना है कि बहन रितु की शादी बगपत के सोनू मलिक के साथ साल 2014 में की थी। सोनू सूरजपुर स्थित सीआईएसएफ में आरक्षी है। पूरा परिवार लखनावली गांव में किराये पर रहता है। आरोप है कि सोमवार को उसकी बहन रितु का फोन आया और पति व सास द्वारा मारपीट करने की बात बताई। अचानक फोन कट हो गया। अनहोनी की आशंका पर मायके पक्ष के लोग सूरजपुर पहुंचे तो पता चला कि रितु कैलाश अस्पताल में भर्ती है। वहां पहुंचकर पता चला कि उसकी मौत हो चुकी है। आरोप है शादी के बाद से ससुराल पक्ष के लोग कम दहेज लाने पर उसकी बहन को प्रताड़ित कर रहे थे। रितु के दो बेटियां पैदा हुई। जिनमें से एक की उम्र आठ व दूसरी की पांच साल है। आरोप है कि सास शकुंतला बेटी पैदा होने का ताना देती थी। बेटी पैदा होने पर उसकी बहन पर लिंग प्रशिक्षण कराने का दबाव बनाया था। लड़की होने का पता चलने पर दो बार गर्भपात भी कराया गया। कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार का कहना है कि मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

### शेयर बाजार में निवेश का झांसा देकर बुजुर्ग से 2.28 करोड़ रुपये की ठगी

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** साइबर जालसाजों ने शेयर बाजार में निवेश कराने का झांसा देकर ऊर्जा मंत्रालय के सेवानिवृत डिप्टी मैनेजर से 2.28 करोड़ रुपये की ठगी कर ली। जालसाजों ने निवेश पर कई गुना तक रिटर्न देने का झांसा देकर ठगी की वारदात को अंजाम दिया। इस मामले में बुजुर्ग की शिकायत पर साइबर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सेक्टर-33 में रहने वाले बुजुर्ग ने पुलिस से शिकायत की है कि वह भारत सरकार के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय में डिप्टी मैनेजर के पद से सेवानिवृत्त हैं। उनके पास 15 जुलाई को व्हाट्सएप पर एक लिंक आया। इसमें शेयर बाजार को लेकर जानकारी थी। जब इस पर क्लिक किया तो उसमें शेयर बाजार में निवेश करने पर 15 से 20 प्रतिशत का लाभ मिलने की जानकारी थी। इसके बाद जालसाजों ने बुजुर्ग से बातचीत की और उन्हें एक व्हट्स एप ग्रुप में जोड़ दिया।

**एप डाउनलोड कराकर कराया निवेशः** व्हट्स एप ग्रुप में पहले से बड़ी संख्या में लोग जुड़े हुए थे और ग्रुप में सभी लाभ कमाने की बात कह रहे थे। इसमें निवेश पर लाभ कमाने का स्क्रीन शॉट भी डाल रहे थे। इस पर बुजुर्ग को जालसाजों पर विश्वास हो गया और जालसाजों के कहने पर उन्होंने कथित निवेश करना शुरू कर दिया। कुछ दिन बाद जालसाजों ने उन्हें एक एप डाउनलोड कराया। इस एप पर निवेश करने के बाद मुनाफा सहित राशि कई गुना अधिक दिखाई दे रही थी। इससे उनका विश्वास बढ़ गया और 15 जुलाई से 11 अगस्त तक के बीच 2 करोड़ 28 लाख 80 हजार रुपये का निवेश कर दिया।

## युवती ने जहरीला पदार्थ खाकर की आत्महत्या

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा के थाना दादरी क्षेत्र के नई बस्ती गांव स्थित एक वेयर हाउस में कैंटीन चलाने वाली युवती ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर लिया। परिजनों का आरोप है कि साझेदार की उत्पीड़न से तंग आकर युवती ने आत्महत्या की। जानकारी के अनुसार जपनद बदायूं की रहने वाली अंजली नामक युवती नई बस्ती गांव के पास नेशनल हाईवे 91 पर स्थित एक वेयर हाउस में साझे में कैंटीन का संचालन करती थी। साझेदार प्रेमलाल यादव भी बदायूं का रहने वाला है। प्रेमलाल की पत्नी प्रीति देवी और अंजली कैंटीन में खाना बनाने का कार्य करती थी, जबकि प्रेमलाल काउंटर संभालता था।

बताया जा रहा है कि अंजलि ने मंगलवार की देर रात को जहरीला पदार्थ खा लिया। जहर खाने की वजह से अंजलि की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि साझेदार ने उसका उत्पीड़न किया जिसकी वजह से उसने जहर खाया।

## श्री राम लखन धार्मिक लीला कमेटी ने किया सीता स्वयंवर का भव्य मंचन

शाह टाइम्स संवाददाता

नोएडा। श्री राम लखन धार्मिक लीला कमेटी सेक्टर 46 के द्वारा गुरुवार को रामलीला के चौथे दिन रामलीला के शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सपा के पूर्व राज्य मंत्री राकेश यादव अति विशिष्ट अतिथि के रूप में फेलिक्स हॉस्पिटल के मालिक डॉक्टर डीके गुप्ता, विशिष्ट अतिथि के रूप में दीपक विग, डॉक्टर हरीश त्रिपाठी, शिवराम यादव व भीष्म यादव शामिल हुए। सभी लोगों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

आज रामलीला के चौथे दिन शिव धनुष के खंडित होते ही सियावर रामचंद्र की जय कारे से पूरा रामलीला मैदान गुंज उठा। मिथिला के राजा जनक का दरबार सीता स्वयंवर के लिए भव्य रूप से सजाया गया। भगवान शिव का धनुष दरबार के मध्य में रखा है एक-एक करके सभी राजा महाराजा धनुष को उठाने का प्रयास करते हैं लेकिन कोई हिला तक नहीं पता है तब गुरु विश्वामित्र की आज्ञा पाकर भगवान श्री राम शिव धनुष को प्रणाम कर उसकी प्रत्यंचा चढ़ाने का प्रयास करते हैं और शिव धनुष खंडित हो जाता है।मुख्य अतिथि राकेश यादव ने कमेटी के लोगों को शानदार आयोजन के लिए बधाई दी। और सभी लोगों से कहा कि हमें श्री राम भगवान के आदर्शों का पालन करना चाहिए।



इस अवसर पर रामलीला के अध्यक्ष विपिन अग्रवाल ने आए हुए सभी अतिथियों और रामलीला देखने आए रामलीला के दर्शकों का स्वागत किया।

## एक्सिस बैंक को ग्राहक को लौटाने होंगे 96 हजार रुपये

शाह टाइम्स संवाददाता

नोएडा। ऑनलाइन बैंकिंग धोखाधड़ी के मामले में जिला उपभोक्ता आयोग ने एक्सिस बैंक को जिम्मेदार ठहराया है। बैंक को 96 हजार रुपये की राशि 6 फीसदी ब्याज सहित लौटाने और वाद व्यय के रूप में 2 हजार रुपये 30 दिन में अदा करने का आदेश दिया है। आयोग के अध्यक्ष अनिल कुमार पुंडीर और सदस्य अंजु शर्मा ने सुनवाई की।

नोएडा के सेक्टर-45 स्थित आम्रपाली सफायर सोसाइटी निवासी असीम चौधरी ने आयोग में दायर शिकायत में बताया कि उन्होंने एक्सिस बैंक की नोएडा सेक्टर-45 शाखा में खाता स्थानांतरित किया था। 13 मार्च 2022 को उनके डेबिट कार्ड से एक संदिग्ध ई-कॉमर्स लेनदेन का प्रयास हुआ, जिसमें 96 हजार की राशि डेबिट कर ली गई। उन्होंने ओटीपी साझा नहीं किया था और बैंक की बैक एंड टीम द्वारा की गई कॉल में भी किसी भी लेन-देन से इंकार कर दिया था। इसके बावजूद, बैंक ने न तो लेनदेन को रोका और न ही कार्ड को तुरंत ब्लॉक किया। शिकायतकर्ता का आरोप था कि बैंक ने संदिग्ध गतिविधि की पहचान के बावजूद अपनी जिम्मेदारी नहीं निभाई।

आयोग में सुनवाई के दौरान बैंक ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि यह लेनदेन ग्राहक द्वारा ओटीपी साझा करने के कारण हुआ। वह आरबीआई के दो-स्तरीय प्रमाणीकरण दिशा-निर्देशों के तहत वैध था। इसलिए, बैंक पर किसी प्रकार का दायित्व नहीं बनता। आयोग ने बैंक की दलील खारिज करते हुए कहा कि आरबीआई के दिशा-निर्देशों के अनुसार, यदि बैंक की प्रणाली में किसी प्रकार की खामी के कारण धोखाधड़ी होती है, तो ग्राहक को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता।

## नौ साल बाद एओए को मिला एनआरआई रेजिडेंसी का रखरखाव

शाह टाइम्स संवाददाता

नोएडा। सेक्टर-45 स्थित एनआरआई रेजिडेंसी सोसाइटी का मेंटनेंस नौ साल बाद एओए को हैंडओवर होने से निवासी काफी राहत महसूस कर रहे हैं। एक अगस्त से एओए यह जिम्मेदारी संभाल रही है। एओए अध्यक्ष मुरलीधर काजा ने बताया कि सोसाइटी में 2016 से लोग रह रहे हैं। पहली एओए दिसंबर 2020 में बनी थी लेकिन रखरखाव बिल्डर के पास ही था। इस बार चौथी एओए बनी है।

इस बार बिल्डर ने रखरखाव का कार्य एओए को सौंप कर दिया है। सोसाइटी में 621 फ्लैट, 20 दुकानें और 21 स्टूडियो अपार्टमेंट हैं। यहां पर करीब 200 फ्लैट की रजिस्ट्री बाकी है।

**कूड़ा निस्तारण पर काम शुरूः** मुरलीधर ने बताया कि सोसाइटी में कूड़ा निस्तारण के लिए प्लांट लगाया जा रहा है। इसके लिए ऑर्डर दिया गया है। पानी की गुणवत्ता में सुधार के लिए डब्ल्यूटीपी में मल्टीग्रेट फिल्टर (एमजीएफ) और एक्टिवेटेड कार्बन फिल्टर (एसीएफ) लगाने के लिए फिल्टर खरीदे जा रहे हैं। सिक्योरिटी एजेंसी के साथ मीटिंग की गई है और एक्टिव स्टाफ की मांग की गई है।

उन्होंने बताया कि सोसाइटी में एसटीपी माइनर रिपेयर की जरूरत है। कंसेट टू ऑपरेटर (सीटीओ) सर्टिफिकेट भी नहीं मिला है। कुछ फायर उपकरण अधूरे होने की वजह से फायर एनओसी भी नहीं मिली है। सीटीओ और फायर एनओसी लेने के बाद ही एओए को हैंडओवर किया जाएगा।

**सूचना नीलामी**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 30 सितंबर 2025 को थाना सेक्टर 113 नोएडा पर लावारिस वाहन व एमवी एक्ट से संबंधित वाहनों की नीलामी होनी निश्चित हुई है। इच्छुक व्यक्ति निर्धारित दिनांक पर थाना सेक्टर 113 में पहुंचे।

प्रभारी निरीक्षक थाना सेक्टर 113, नोएडा कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर
सुनील कुमार उप निरीक्षक
मोबाइल नंबर 8851066516

## शिव धनुष तोड़ भगवान श्रीराम जी ने जीता स्वयंवर

शाह टाइम्स संवाददाता

नोएडा। श्रीराम मित्र मण्डल नोएडा द्वारा सेक्टर-62 के रामलीला मैदान में आयोजित श्रीरामलीला मंचन के चौथे दिन मुख्य अतिथि सांसद सतीश गौतम,विश्व हिन्दू परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल, उद्योगपति वासुदेव गर्ग, नोएडा महानगर संघचालक दिनेश गोयल, विष्णु प्रकाश गोयल,विपिन गुप्ता, संजीव शर्मा, राजेश राजपूत,मुकेश गर्ग, समाजसेवी धर्मप्रकाश वर्मा, समाजसेवी डॉ अनिल त्यागी, उपदेश भारद्वाज, एनपी सिंह,राजीव अजमानी, धर्मेंद्र चौहान द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ लीला का शुभारंभ हुआ। श्रीराम मित्र मंडल नोएडा रामलीला समिति के चेयरमैन उमाशंकर गर्ग, अध्यक्ष धर्मपाल गोयल एवं महासचिव डॉ॰मुन्ना कुमार शर्मा द्वारा मुख्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर और अंगवस्त्र ओढ़ाकर स्वागत किया गया।

दीप प्रज्वलन के पश्चात सीता जी के स्वयंवर में आये विभिन्न अतिथियों का राजा जनक द्वारा भव्य स्वागत किया जाता है और ततपश्चात स्वयंवर हेतु शिव धनुष तोड़ने हेतु सभी अतिथि अपना प्रयास करते हैं परंतु राजा जनक देखते हैं कि रावण ,बाणासुर जैसे तमाम योद्धा आये लेकिन धनुष को हिला तक नहीं सके। यह देखकर जनक जी व्याकुल हो उठते हैं। इसके बाद जनक जी धनुष न टूटने पर विलाप कर कहते हैं कि लगता है अब पृथ्वी वीरों से खाली हो गई है।

## सीता स्वयंवर में भगवान राम ने तोड़ा शिव का धनुष



शाह टाइम्स संवाददाता

नोएडा। श्री सनातन धर्म रामलीला समिति के तत्वाधान में हरि भक्ति कला ट्रस्ट द्वारा आयोजित रामलीला का भव्य मंचन नोएडा स्टेडियम में संपन्न हुआ। इस भक्ति और सांस्कृतिक आयोजन का निर्देशन प्रसिद्ध निर्देशक पंकज शर्मा द्वारा किया गया।

रामलीला की प्रस्तुति में भगवान श्रीराम के जीवन की आरंभिक लीलाओं का सुंदर और प्रभावशाली मंचन किया गया। मंचन की शुरुआत जनकपुर के जनक बाजार और पुष्प वाटिका में सीता जी और श्रीराम जी की भेंट से हुई। इसके उपरांत गौरी पूजन में सीता जी द्वारा गौरी माता से मनचाहा वर का आशीर्वाद पाना, स्वयंवर में रावण बाणासुर के बीच संवाद, जनक का व्यथा से व्याकुल होना, लक्ष्मण जी का क्रोध, श्रीराम द्वारा शिव धनुष भंजन करना, सीता जी द्वारा श्रीराम को जयमाला पहनाना, तदोपरांत परशुराम जी का क्रोधित मुद्रा में प्रवेश, लक्ष्मण जी और परशुराम जी के बीच में संवाद, परशुराम जी द्वारा श्रीराम को विष्णु रूप में पहचाना और क्षमा मांग कर चले जाना तक की कथा का सजीव चित्रण किया गया।

प्रसंग में जनक की व्यथा जैसे मार्मिक व लक्ष्मण परशुराम जैसे रोमांचक दृश्यों को प्रभावशाली संवादों और भावनात्मक अभिनय के माध्यम से मंच पर जीवंत किया गया। इस मंचन में विभिन्न पात्रों की भूमिकाओं को कलाकारों ने अद्भुत समर्पण और ऊर्जा के साथ निभाया।

आज मंचन के दौरान डा. टी.एन. गोविल, टी एन चौरसिया, अल्पेश गर्ग, अतुल मित्तल, अनुज गुप्ता, सत्यनारायण गोयल, संजय गोयल, पंकज जिंदल, विपिन बंसल, अनिल गुप्ता, राजीव अजमानी, प्रदीप अग्रवाल, संजय गुप्ता, सुशील भारद्वाज, चंद्रपाल सिंह, शुभकरण सिंह राणा, रमेश कुमार, चितरंजन कुमार, कुलदीप गोयल, के.के दत्ता, पीयूष द्विवेदी, परवेश बंसल, महेश चौहान, पुष्कर शर्मा, देवेन्द्र गंगल, सत्यनारायण गोयल, संजय गोयल, पंकज जिंदल, विपिन बंसल, सुशील भारद्वाज, मित्रा शर्मा, चंद्रपाल सिंह, शुभकरण सिंह राणा, रमेश कुमार, सौरभ अग्रवाल, समीर अग्रवाल, कुलदीप कटियार, सौरभ गोविंद, राजेश गुप्ता, जनक भाटिया, राजेश सिंह, तरुण राज, अमित अग्रवाल, सुंदर सिंह राणा, अमित अग्रवाल, राजेश गुप्ता, विनीत मेहता, वीरेंद्र मेहता, नरेंद्र चोपड़ा, वीरेश तिवारी ,प्रमोद रंगा, संजय गोयल, पंकज जिंदल उपस्थित रहें।

# बच्चों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं: सांसद

## जिला विद्यालय वाहन परिवहन सुरक्षा समिति की हुई बैठक, बिना फिटनेस वाहन पर होगी सख्त कार्रवाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** गुरुवार को जिला विद्यालय वाहन परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सांसद डा.राजकुमार सांगवान ने की। सांसद डा.राजकुमार सांगवान ने बैठक में कहा कि विद्यालयों की छुट्टी के समय सड़कों पर जाम लगना आम समस्या बन गई है। इस स्थिति से बच्चों की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था दोनों प्रभावित होती हैं। उन्होंने अधिशासी अधिक. ारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी और यातायात विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि 10 दिनों के भीतर ठोस कार्ययोजना तैयार करें, जिसमें विद्यालय के आसपास यातायात का सुचारु संचालन, पार्किंग व्यवस्था और पुलिस तैनाती की रूपरेखा हो।

बैठक में यह भी तय किया गया कि बिना फिटनेस और परमिट वाले वाहन किसी भी हालत में स्कूल संचालन के लिए न चलें। जिलाधिकारी ने कहा कि शिक्षा विभाग एक सप्ताह में सभी विद्यालय वाहनों की फिटनेस जांच सुनिश्चित कराए और केवल वैध कागजात वाले वाहनों को ही अनुम. ति दी जाए। पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय ने कहा कि यातायात पुलिस ऐसे वाहनों पर विशेष निगरानी रखेगी और दोषी वाहन स्वामियों पर चालान व लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई होगी। प्रत्येक वाहन की नियमित जाँच कर यह सुनिश्चित किया जाए कि विद्यालय वाहन नियमावली के सभी मानकों को पूरा कर रहे हैं। इस संबंध में समय-समय पर स्कूल प्रबंधन को नोटिस एवं दूरभाष पर निर्देश भी जारी किए जाते हैं, ताकि सभी वाहन अपने प्रपत्र वैध कराएं। निर्णय लिया गया कि कोई भी विद्यालय वाहन बिना वैध परमिट, फिटनेस प्रमाण पत्र और बीमा के संचालित नहीं किया जाएगा। परिवहन विभाग द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के अनुसार, जनपद बागपत में कुल 572 स्कूल बसें पंजीत हैं, जिनमें से 426 बसें वैध परमिट के अंतर्गत हैं, जबकि 27 वाहनों का परमिट समाप्त हो चुका है और 119 वाहन बिना परमिट संचालित हो रहे हैं। इसी प्रकार कुल 538 वाहन फिटनेस प्राप्त हैं, जबकि 34 वाहन बिना फिटनेस के पाए गए हैं। कार्यालय पोर्टल के अनुसार जिले में कुल 741 वाहन स्कूली वाहन के रूप में दर्ज हैं।

इनमें से 164 वाहन मॉडल कंडीशन पूर्ण कर चुके हैं, जिनमें से 97 वाहन अभी भी सक्रिय हैं और संभावना है कि कुछ स्कूल इन वाहनों का संचालन कर रहे हों। इस संबंध में संबंधित स्कूलों को नोटिस जारी किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त, विभाग ने बताया कि अब तक 20 वाहनों का पंजीकरण निरस्त किया गया है, जबकि 25 वाहनों का पंजीकरण निलंबित किया गया है।

सांसद ने विद्यालय स्तर पर रोड सेफ्टी क्लब के सुचारू संचालन पर जोर दिया, ताकि बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा से ही सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी मिल सके। उन्होंने कहा कि बच्चों में जागरूकता आएगी तो वे घर और समाज में भी यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित करेंगे। सांसद ने यह भी निर्देश दिए कि सड़क सुरक्षा केवल शहरी क्षेत्रों तक सीमित न रहे। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व पंकज वर्मा, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी राघवेंद्र सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

## विद्यालय में स्कूली बच्चे का झाड़ू लगाते हुए वीडियो वायरल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** प्राथमिक विद्यालय पलड़ी नंबर एक का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में स्कूली बच्चे झाड़ू लगाकर कूड़ा बाहर निकालती दिख रही है।

स्कूल परिसर में जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। इससे बच्चों के बीमार होने का खतरा बना हुआ है। स्कूल के प्रधानाध्यापक नितिन कुमार ने कहा कि स्कूल में एक सफाई कर्मी नियुक्त है। वह कूड़े को एक जगह इकट्ठा करता है। ग्राम पंचायत का सफाई कर्मी हफ्ते में एक बार आकर कूड़ा उठा ले जाता है। बच्चों से सफाई कराए जाने के बारे में प्रधानाध्यापक ने कहा कि किसी अन्य शिक्षक ने यह काम करवाया होगा। उन्हें इस बारे में जानकारी नहीं है। खंड शिक्षा अधिकारी बिनौली बृजमोहन ने कहा कि यह मामला अभी उनके संज्ञान में नहीं आया है। अगर ऐसा पाया गया तो जांच करके कार्रवाई की जाएगी।

## विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** नगर के कोताना रोड भगवती कॉलेज ऑफ फार्मेसी में गुरुवार को विश्व फार्मासिस्ट दिवस बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस वर्ष की थीम हथिंक हेल्थ थिंक फार्मासिस्ट रही। इस अवसर पर कॉलेज प्रांगण में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि डा.विवेक तोमर, कॉलेज की निदेशक डा.अनु एवं विभागाध्यक्ष पंकज ब्रह्मिया द्वारा सरस्वती पूजा एवं दीप प्रज्वलन से हुई। इसके बाद उपस्थित सभी लोगों ने ार्मासिस्ट प्रतिज्ञा लेकर जनकल्याण की सेवा में योगदान देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के समापन पर निदेशक डा.अनु ने मुख्य अतिथि एवं सभी सहयोगियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया और विश्व फार्मासिस्ट दिवस के मौके पर सभी फार्मासिस्टों ने एवं छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में भाग लिया।

## सभी चालक और परिचालक डयूटी के समय निर्धारित वर्दी पहनें:डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में भी सुरक्षा व्यवस्था पर ध्यान दिया जाए और वहां चलने वाले वाहनों की फिटनेस व पंजीकरण की जांच की जाए। सांसद ने कहा कि इस समिति की अगली बैठक 10 दिन बाद आयोजित की जाएगी, जिसमें अधिकारियों की प्रगति रिपोर्ट पर चर्चा होगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही मिली तो संबंधित विभागीय अधिकारी और वाहन स्वामी दोनों पर सख्त कार्रवाई होगी। बैठक में गुड सेमेरिटन योजना को भी आगे बढ़ाने पर जोर दिया गया, ताकि सड़क हादसों में घायल व्यक्तियों की तत्काल मदद करने वाले नागरिकों को प्रोत्साहित किया जा सके। सांसद ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा और सड़क पर चलने वाले हर नागरिक की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस जिम्मेदारी से कोई भी विभाग या संस्था मुंह नहीं मोड़ सकती। बैठक में विद्यालय वाहनों के चालकों और कंडक्टरों के कर्तव्यों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने निर्देशित किया कि सभी चालक और परिचालक डयूटी के समय निर्धारित वर्दी पहनें और वाहन में फर्स्ट एड बॉक्स तथा अग्निशमन यंत्र अनिवार्य रूप से रखें। विशेष बच्चों की सुरक्षा पर अतिरिक्त सतर्कता बरती जाए। चालकों को बच्चों को समय से सुरक्षित स्कूल तक पहुँचाना होगा और उनके साथ सम्मानजनक व्यवहार करना होगा। वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग व आपस में अनावश्यक बातचीत पूरी तरह वर्जित होगी। साथ ही, यातायात नियमों का पालन करना प्रत्येक चालक की जिम्मेदारी होगी। साथ ही, यह भी ध्यान रखा जाए कि बस में क्षमता से अधिक बच्चे न बैठें। स्कूल बस चालक और कंडक्टर सड़क सुरक्षा के सभी नियमों का पालन करें, बस को हमेशा बाईं ओर लेन में खड़ा करें, और बच्चों या दिव्यांगों को चढ़ाते-उतारते समय विशेष सावधानी बरतें।

## स्कूल मार्ग पर जलभराव, विद्यार्थी व ग्रामीण बेहद परेशानी



छात्रा नेहा



छात्रा सानिया



छात्र गौरव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** गांव की गलियों में नालियों का गंदा पानी बहने और जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे होने से ग्रामीणों के साथ-साथ विद्यार्थी भी परेशान हैं। छात्रा सानिया का कहना है कि सुबह स्कूल व कॉलेज जाने वाली छात्राओं को कीचड़ और जलमग्न रास्तों से होकर गुजरना पड़ा।

छात्रा नेहा का कहना है कि बरसात के दिनों में नालियों का पानी बाहर सड़क पर बहने लगता है। गली-कूचों में कीचड़ फैलने से पैदल चलना भी दूभर हो गया है। छात्रा रावी का कहना है कि स्कूल मार्ग पर पानी भरे रहने के कारण बच्चों की यूनिफॉर्म तक गंदी हो रही है। कई बार छात्राएं फिसल कर चोटिल भी हो चुकी हैं। छात्र मोहित का कहना है कि कुर्डी से नांगल गांव की तरफ जन विजय इंटर कॉलेज के पास से पाईप लाईन गई है। वह बंद करनी चाहिए जिस पर कोई भी कनेक्शन नहीं है। जिनके कारण जलभराव हो रहा है। कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार ने कहा कि गांव में जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हैं और जलभराव की समस्या विकराल हो चुकी है। उन्होंने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर शीघ्र नालियों की सफाई, जल निकासी की व्यवस्था और मार्ग के निर्माण की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द ही समाधान नहीं हुआ तो बच्चों की पढ़ाई पर भी असर पड़ेगा और गंदगी से बीमारियों का खतरा और बढ़ जाएगा। वीडीओ अमित तोमर ने बताया कि निकासी का कोई प्रबंध नहीं है। छात्र गौरव का कहना है कि बारिश का पानी और नालियों का गंदा पानी एकत्र होकर सड़क पर फैल जाता है, जिससे रोजाना ग्रामीणों और बच्चों को भारी परेशानी झेलनी पड़ती है। ग्राम प्रधान ओमपाल सिंह का कहना है कि निकासी का प्रबंध नहीं है।

## किसानों व गेल कंपनी के बीच विवाद सुलझा, पाइपलाइन रिपेयर कार्य शुरू



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** काठा और मवीकलां गांव के बीच क्षतिग्रस्त हुई गेल कंपनी की पाइपलाइन को लेकर किसानों और कंपनी के बीच लंबे समय से चल रहा विवाद आज सुलझा लिया गया। एसडीएम निकट वर्मा की मध्यस्थता में दोनों पक्षों के बीच समझौता होने के बाद पाइपलाइन की मरम्मत का कार्य प्रारंभ कर दिया गया। गौरतलब है कि 16 अगस्त को यह पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिसके बाद रिपेयर कार्य किसानों के विरोध के कारण रुका हुआ था। समझौते के उपरांत अब कंपनी ने मौके पर काम शुरू कर दिया है। जल्द ही क्षतिग्रस्त पाइपलाइन की मरम्मत का कार्य पूर्ण हो जाएगा।

## एक नजर

### केन्द्र व प्रदेश सरकार की वादाखिलाफी व बदहाली से गरीब दलित आमजन दुखी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** कार्यालय पर प्रेस वार्ता करते हुए शहर अध्यक्ष रामहरी पंवार ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार की वादाखिलाफी व बदहाली गरीब दलित आमजन दुखी है। सरकार भोली भाली जनता का जाति धर्म मे ध्यान बाटकर गुमराह करने का काम कर रही है। प्रदेश मे आज अपराध बढ रहा है। चारो तरफ हाहाकार भय का माहोल है। महिलाओं पर सरे आम अत्याचार हो रहे है। भाजपा कुशाशन के चलते महिलाओं की जेब खाली हुई है। सडके गहरे गढ्ढों में समा गयी। दर्दनाक हादसे हो रहे है किसानो को अपनी फसल का वाजिब दाम नही मिल रहा। उन्होंने सरकार से गन्ने का दाम सात सो रुपये प्रति कुन्तल करने की मांग जनता अब भाजपा के बहकावे में आने वाली नही है। कांग्रेस जनसमस्यो को लेकर अब चैन से नही बैठेगी। कांग्रेस की नीतियों विचारधारा को गली मोहल्लो तक पंहुचाया जायेगा। इस अवसर पर पूर्व पीसीसी क्रष्णहरी पंवार बिजेन्द्र शर्मा रीना हाकिम सेवादल चाहीराम औमवीर सिंह बावली नन्दराम औकार दत्त रहे।

### रानी अपने दो वचनों में राम को वनवास और भरत को राजभर की करती है मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** रानी अपने राज कक्ष में बड़े दुखी मन से लेटी हुई होती है, तभी वहा राजा दशरथ आते है ओर बोलते है यह मातम क्यो छाया, रानी केकई राजा को बोलती है राम को राजभार ओर भरत को किया दिया। रानी की यह बात सुनकर राजा आश्चर्य चकित रह गया और बोल रानी आप बोलो में निर्धन को धनवान बना दूं तभी रानी अपने दो वचनों में राम को वनवास और भरत को राजभर की मांग करती है। यह बात सुनकर राजा का मन दुखी हो जाता है। रानी को बोलते हैं हे बेवफ़ा की तुम क्या मांग लिया मेरे लिए तो चारों बेटे बराबर हैं। रानी के दो वरदान स्वीकार कर राजा दशरथ राम के पास पहुंचते हैं और राम को यह है सारी बात करते हैं। राम ने अपने पिता का आज्ञा का पालन करते हुए वनवास स्वीकार किया। फिर राम माता कौशल्या के पास राजकक्ष में जाते हैं और उनसे है यह बात बोलते हैं कि अब पिताजी की आज्ञा से 14 वर्ष का वनवास को जाऊंगा। यह बात सुनकर कौशल्या राम को गले लगा कर रो पड़ती तभी भाई लक्ष्मण भी वहां पहुंच जाते हैं। राम के साथ वनवास जाने की जिद करते हैं। श्रीराम बोलते हैं लक्ष्मण भाई आप यहीं रहो माता और पिता का ध्यान रखना आपकी जिम्मेदारी है क्योंकि भारत और शत्रुघन यहां नहीं है। लक्ष्मण जीद करते हैं भ्राता में आपके साथ ही जाऊंगा। श्रीराम बोलते हैं तो चलो भाई सीता माता भी राम के साथ जाने को कहती है। राम बोलते हैं आप राजमहल ही रहो सीता बोलती है मैं आपके साथ चलूंगी मैं भी अपने माता-पिता की आज्ञा का पालन कर रही हूं, तभी राम बोलते हैं तो फिर प्रिया आप भी चलो फिर तीनों राजा दशरथ के पास पहुंचते हैं वहां केके उनको वनवास के वस्त्र देकर विदा करती है, जिसमें राम का अभिनय-आशीष वर्मा ने लक्ष्मण का अभिनय-बोबी वर्मा ने कैकई-मुकेश पंचाल, कौशल्या का अभिनय अजय वर्मा, सुमित्र -अनिल गुप्ता ने राजा दशरथ-प्रमोद गुप्ता ने मामा का अभिनय दलबीर महेश्वरी और धर्मगुरु का प्रमोद माहेश्वरी आदि सभी स्थानीय कलाकारों ने अपना-अपना अभिनय खूब अच्छे निभाया।

### जनता वैदिक कॉलेज के भूगोल विभाग का ग्राम लोहड्डा में सर्वेक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** जनता वैदिक कॉलेज द्वारा 24 एवं 25 सितंबर को सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण का आयोजन किया गया, जो सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस सर्वेक्षण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को समाज की वास्तविक परिस्थितियों से अवगत कराना, उनके अध्ययन को व्यवहारिक स्वरूप प्रदान करना तथा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध सामाजिक एवं आर्थिक सूचनाओं का संकलन कर शैक्षणिक शोध में योगदान देना था। इस दो दिवसीय सर्वेक्षण कार्यक्रम में स्नातक स्तर के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों के दलों को ग्राम लोहड्डा के हिस्सों में भेजा गया, जहाँ उन्होंने घर-घर जाकर प्रश्नावली एवं साक्षात्कार पद्धति के माध्यम से महत्वपूर्ण जानकारियाँ एकत्र कीं। सर्वेक्षण के दौरान शिक्षा का स्तर, रोजगार की स्थिति, आय के स्रोत, स्वास्थ्य सुविधाएँ, पारिवारिक ढांचा, महिलाओं की भागीदारी, स्वच्छता की व्यवस्था तथा जीवन-यापन की स्थितियों से संबंधित तथ्य संकलित किए गए। सर्वे की प्रक्रिया में विभाग के संकाय सदस्यों ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया तथा उन्हें क्षेत्रीय कार्य की व्यवहारिक पद्धतियों से परिचित कराया। प्राचार्य प्रो.वीरेंद्र प्रताप सिंह ने इस अवसर पर कहा कि शैक्षणिक अध्ययन तभी सार्थक हो सकता है जब विद्याथह्र पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ वास्तविक परिस्थितियों का भी अनुभव प्राप्त करें। इस प्रकार का सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण विद्यार्थियों को न केवल क्षेत्रीय अध्ययन का अवसर प्रदान करता है। इस सर्वे में भूगोल विभाग के सर्वे कोरडीनेटर डा.अजय कुमार, डा.मधुर यादव और महाविद्यालय के डा.गीता रानी, डा. शिवपाल आदि मौजूद रहें। भूगोल विभागाध्यक्ष डा.देवेंद्र सिंह ने बताया कि भूगोल विभाग निरंतर इस प्रकार की शैक्षणिक एवं व्यवहारिक गति. विधियों का आयोजन करता रहा है और भविष्य में भी करता रहेगा। विभाग का विश्वास है कि इस तरह के कार्यक्रम विद्यार्थियों को सामा. जिक उत्तरदायित्व के प्रति सजग बनाते है।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र वकील पुत्रवधू राबिया से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

सलीम पुत्र अय्यूब निवासी माता कालोनी बागपत थाना व जनपद बागपत।

## श्रीअन्न से मजबूत बनेगा शरीर, बढ़ेगी किसानों की आय



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** गुरुवार को एक दिवसीय मिलेट्स मेला सह प्रदर्शनी एवं जनपद स्तरीय तिलहन मेला का आयोजन कलेक्ट्रेट लोकमंच पर हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद डा.राजकुमार सांगवान, विधायक योगेश धामा और जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने किया।

सांसद डा.राजकुमार सांगवान ने बताया कि राज्य एवं केंद्र सरकार ने मिलेट्स को बढ़ावा देने के लिए विशेष योजनाएं लागू की हैं, जिनका मकसद न केवल पोषण और स्वास्थ्य को मजबूत करना है बल्कि किसानों की आजीविका में स्थायी सुधार करना भी है। नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल्स और मिलेट्स पुनरोद्धार योजना जैसे प्रयास किसानों को बाजार, तकनीक और योजनाओं से जोड़कर उनकी आय दोगुनी करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। मेले में लगाए गए स्टॉल्स पर चौलाई, बाजरा, रागी, कोदो और समा जैसे मोटे अनाजों के उत्पादों का प्रदर्शन हुआ। अधिकारियों और विशेषज्ञों ने लोगों को बताया कि मोटे अनाज यानी श्री अन्न न केवल जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों को नियंत्रित करते हैं बल्कि शरीर को ऊर्जा और ताकत भी प्रदान करते हैं। इस अवसर पर विधायक योगेश धामा, अपर जिला. धिकारी पंकज वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव, कृषि उपनिदेशक विभाति चतुर्वेदी, जिला कृषि अधिकारी बाल गोविंद यादव आदि मौजूद रहे।

## प्रभु श्रीराम के विवाह के बाद दर्शाया गया वनवास का दृश्य



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** सनातन धर्म ठाकुर द्वारा प्रेम मंडल रंगमंच पर प्रभु श्रीराम के विवाह के बाद वनवास का दृश्य दर्शाया गया, जिसमें पहले श्रीराम माता सीता के साथ अयोध्या राजम. हल पहुंचते हैं। तीनों माताएं केकई कौशल्या ओर सुमित्र अपने पुत्र और वधू का स्वागत करती है साथ ही राजा दशरथ भरत शत्रुघन को अपने मामा के यहां कुछ दिनों के लिए भेज देते हैं।

राम को राजभर सपना का विचार रखते हैं धर्मगुरु शुभ मुहूर्त निकालते हैं और फिर राजा दशरथ अपने मंत्री को बोलते हैं कि अयोध्या में जाकर सभी अयोध्या वासियों को सूचित करो तभी मन्थरा वहां से जा रही होती है तो वह यह सब बात सुनकर रानी के केकई के पास पहुंचती है और केकई के कान भर्ती है। श्रीराम को राजभार का डंका अयोध्या से बज रहा है और भरत को क्या मिला रानी केकई मन्थरा की बातों में आ जाती है और मन्थरा बोलती है कि बताओ में अब किया करू तो मन्थरा केकई को सीखती है 2 वर्दान जो आपको राजा ने दिये थे उनके बदले राम को बनवास ओर भारत को राजभार की बात आप राजा दशरथ से करो। रानी केकई मन्थरा की बातों में आकर ऐसा ही करती है। इस दौरान बबलू, अमित, धर्मेंद्र, अंकित, कृष्ण, संजय, पवन, रमेश, चिंटू, अमित, अतुल, प्रताप, घनश्याम, अनुज मित्तल, प्रतिभा अतुल जैन सभासद आदि मौजूद रहे।

## मोटे अनाज खेती की लागत कम और लाभ अधिक देते है:विधायक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी ने अपील की कि हर परिवार अपने भोजन में एक पोषक मोटे अनाज को जरूर शामिल करे, ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वस्थ भविष्य मिल सके। सांसद डा.सांगवान और विधायक योगेश धामा ने कहा कि मोटे अनाज खेती की लागत कम और लाभ अधिक देते हैं।

इनसे ग्रामीण रोजगार और महिला स्वयं सहायता समूहों को भी नए अवसर मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि मिलेट्स का बढ़ता बाजार किसानों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करेगा और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को गति देगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 2023 को अंतर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष घोषित किया गया था। इस निर्णय ने भारत की प्राचीन खाद्य परंपरा को वैश्विक पहचान दिलाई। प्रधानमंत्री ने बाजरा, ज्वार, रागी, कोदो, कुटकी और अन्य मोटे अनाजों को श्री अन्न नाम देकर उनके पोषण और महत्व को फिर से स्थापित किया। अतिथियों ने कहा कि मिलेट्स कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, जिंक, आयरन और विटामिन बी से भरपूर होते हैं। ये प्राकृतिक बूस्टरह्न की तरह काम करते हैं और खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में मददगार हैं। सभी नागरिकों से अपील की कि श्री अन्न अपनाएं, सेहत और समृद्धि बढ़ाएं।

## किसानों के मुद्दों पर संघर्ष कर कराए सभी किसानों के कार्य:सुनील



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर की ताराचंद मार्केट कोताना रोड स्थित जिला पंचायत सदस्य सुनील कुमार आर्य के प्रतिष्ठान पर एक बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए सुनील कुमार आर्य ने कहा कि जनपद बागपत की समस्याओं को लेकर लगभग 3 वर्ष से हम सभी समस्याओं का निस्तारण करने के लिए जनहित में काम कर रहे है। जनता ने हमें जिला पंचायत सदस्य बनाकर विकास कार्य करने का मौका दिया। हमने जनता की भलाई को देखते हुए सैकड़ो की तादाद में विकास कार्य करवाए। हमने जिला पंचायत अध्यक्ष के माध्यम से गांव में जैसे तालाब की खुदाई करवाना, गांव में नाली खड़ंजो का निर्माण करवाना, विद्युत विभाग से लाइट की बिजली का प्रबंध करना, विधवाओं बुजुर्गों विकलांगों की पेंशन बनवाने का कार्य कराया गया। किसानों के मुद्दों पर संघर्ष किया सभी किसानों के कार्य करवा कर जनता के हितों में काम किया। आगे भी हम जनता की सेवा के लिए कार्य करते रहेंगे। लगभग 20 दर्जन गांवों में आंखों के नि:शुल्क शिविर लगवा कर बुजुर्ग लोगों की आंखें बनवाई क्षेत्र में अपने पैसे से नि:शुल्क एंबुलेंस चलवाई जो आज क्षेत्र की जनता के लिए एक मैसेज करते ही लोगों तक पहुंच जाती है। अनेक कार्य करवाने का हमें मौका दिया गया। हमने जिला पंचायत अध्यक्ष के माध्यम से अपने क्षेत्र में अनेक कार्य करवाने का काम किया। जनता की भलाई के लिए कार्य किये और आगे भी हम कार्य करते रहेंगे। इस मौके पर राष्ट्रीय लोकदल के बडौत विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष बडावद गांव के भावी प्रधान अमित चिकाराने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि गांव में अगर जनता ने मौका दिया तो अनेक कार्य करवाने का काम किया जाएगा। बडावद मास्टर प्रहलाद सिंह आर्य वरिष्ठ समाजसेवी खेड़ा हटाना चौधरी सत्यपाल सिंह लुहारी रविंद्र कुमार समाजसेवी पूर्व फौजी चौधरी वीरसेन योगेश कुमार राणा बैटरी आदी बैठक में मौजूद रहे।

# देवी हत्याकांड के आरोपी को पुलिस ने रिमांड पर लिया, पिस्टल बरामद

**पुलिस के बढ़ते दबाव के चलते विगत दिनों न्यायालय में आत्मसमर्पण करके जेल चला गया था आरोपी, पुलिस कस्टडी रिमांड के दौरान हत्यारोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त पिस्टल व कारतूस बरामद**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** किसान देवेंद्र उर्फ देवी हत्याकांड के मामले में पुलिस ने जेल में बंद आरोपी को रिमांड पर लेकर हत्या में प्रयुक्त पिस्टल व दो जिंदा कारतूस बरामद किए है। हत्यारोपी पुलिस के दबाव के चलते विगत दिनों न्यायालय में आत्मसमर्पण करके जेल चला गया था।

विगत 09 जून को रात्रि करीब साढ़े नौ बजे कस्बे के मोहल्ला आल. कलां निवासी किसान देवेंद्र उर्फ देवी की बाइक सवार अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। घटना के वक्त देवेंद्र बदलूगढ़ में स्थित अपने खेत में चारपाई पर बैठा था। मामले की सूचना पर एएसपी संतोष कुमार सिंह ने भी मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी हासिल की थी। फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर हत्याकांड से जुड़े साक्ष्य एकत्र किए थे। घटना के खुलासे को एसओजी व सर्विलांस समेत पुलिस की कई टीमें लगाई गई थी। मृतक के पुत्र सुनील ने यूसुफ निवासी मोहल्ला रोड की जोहड़ी शामली, तनवीर निवासी मोहल्ला अंसारियान, मोहम्मद मौमीन निवासी मोहल्ला आलकलां व भूरा निवासी मोहल्ला दरबारखुर्द कस्बा कैराना के विरुद्ध कोतवाली पर हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने हत्याकांड में नामजद मौमीन व भूरा तथा

यूसुफ को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया था। इसके अलावा, विगत 09 सितंबर को पुलिस ने हत्याकांड में वांछित एक और आरोपी प्रीत निवासी मोहल्ला बिसातियान कस्बा कैराना को गिरफ्तार किया था, जिसके कब्जे से हत्या में प्रयुक्त 315 बोर का तमंचा व दो जिंदा कारतूस बरामद हुए थे। आरोपी प्रीत का नाम पुलिस तफ्तीश के दौरान प्रकाश में आया था। वहीं, देवेन्द्र उर्फ देवी की हत्या में अक्षय निवासी मोहल्ला आलकलां कस्बा कैराना का नाम भी पुलिस जांच के दौरान सामने आया था।

पुलिस के बढ़ते दबाव के चलते विगत दिनों आरोपी न्यायालय में आत्मसमर्पण करके जेल चला गया था। गुरुवार को कोतवाली पुलिस न्यायालय से अनुमति प्राप्त करके आरोपी अक्षय को आठ घण्टे के पुलिस कस्टडी रिमांडद्धपीसीआरत्र्ञ पर लेकर आई। रिमांड के दौरान पुलिस ने हत्यारोपी अक्षय की निशानदेही पर अलीपुर मार्ग पर स्थित उसकी टड्यूबवेल के निकट ईंख के खेत से हत्या में प्रयुक्त 7।65 बोर का पिस्टल व दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। रिमांड अवधि पूरी होने पर पुलिस ने हत्यारोपी को कोर्ट में पेश कर दिया। जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। उधर, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समयपाल अत्री का कहना है कि देवेंद्र उर्फ देवी की हत्या के आरोप में जेल में बंद आरोपी अक्षय को आठ घण्टे की पुलिस कस्टडी रिमांड पर लाया गया था। आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त पिस्टल व कारतूस बरामद हुए है।

## सात घरों में पकड़ी बिजली चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** गुरुवार तड़के विद्युत विभाग व विजिलेंस की टीम ने कस्बे के मोहल्ला आलकलां व गुम्बद में बिजली चोरों के खिलाफ अभियान चलाया। टीम ने छापेमारी करते हुए सात घरों में बिजली चोरी पकड़ी है। टीम ने वीडियोग्राफी करते हुए बिजली चोरी के लिए इस्तेमाल किए जा रहे विद्युत केबिल आदि जब्त कर लिए। टीम में विजिलेंस प्रभारी रोहित मलिक, मुख्य आरक्षी प्रवीण कुमार व पवन कुमार तथा विद्युत विभाग के अवर अभियंता अजय शर्मा व संविदाकर्मी रिजवान, कंवर, जावेद, उस्मान आदि शामिल रहे। वहीं, जेई अजय शर्मा ने बताया कि अत्यधिक लाइन लॉस के चलते उच्चाधिकारियों के निर्देश पर बिजली चोरी रोकने हेतु विजिलेंस के साथ में चेकिंग अभियान चलाया गया है। इस दौरान सात घरों में बिजली चोरी पकड़ी गई है। सभी आरोपियों के विरुद्ध एंटी पावर थेफ्ट थाने में विद्युत अधिनियम-135 के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया है।



## पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई

**शामली।** शहर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में जनसंघ के अध्यक्ष पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयन्ती का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य आनन्द प्रसाद ने की। मुख्य वक्ता अरविन्द कुमार ने बताया कि पण्डित दीनदयाल उपाध्याय भारतीय विचार दर्शन के सबसे प्रमुख समर्थक रहे हैं। दीनदयाल मौलिक रूप से एक विचारक एवं चिन्तक थे बाद में एक राजनितिज्ञ थे। उन्होंने मानव कल्याण के लिए एकात्म मानववाद का दर्शन दिया जो अनेक समस्याओं से ग्रस्त सम्पूर्ण मानव जाति के लिए पथ प्रदर्शक है। ए कुशल नेतृत्वकर्ता, महान राजनितिज्ञ व भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष के रूप में विख्यात हैं। प्रधानाचार्य आनन्द प्रसाद ने भी पंडित दीन दयाल उपाध्याय के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को उनके जीवन से शिक्षा लेने की प्रेरणा दी तथा छात्रों को अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने हेतु स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य मलूक चन्द, अशोक सोम, कुलदीप कुमार, सुखदेव, पुष्पेन्द्र, नीटू कुमार, अमन कुमार, प्रदीप कुमार आदि उपस्थित रहे।

## भाई के लापता होने की कराई गुमशुदगी दर्ज

**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला मि.गान निवासी महिला ने अपने भाई के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने की तहरीर देते हुए गुमशुदगी दर्ज कराई है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज करते हुए युवक की तलाश शुरू कर दी है।

कस्बे के मोहल्ला मि.गान निवासी सायरा पत्नी नसीम ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि पीड़िता के भाई रिजवान की दिमागी हालत ठीक नहीं है। सोमवार को पीड़िता का भाई घर से बिना बताए संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। काफी तलाश करने के बाद भी पीड़िता के भाई का कोई सुराग नहीं लग सका। पीड़िता ने थाने पर तहरीर देकर अपने भाई को बरामद कराए जाने की मांग की है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज करते हुए लापता युवक की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि पीड़ित युवक की गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है। शीघ्र ही लापता युवक को बरामद कर परिजनों को सौंपेंगे।

# सीएचसी पर चिकित्सा जांच शिविर आयोजित

**कैराना।** स्वास्थ्य विभाग की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में विगत 17 सितंबर से आगामी 02 अक्टूबर तक श्स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवारश अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत गुरुवार को स्थानीय साम. ुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर विशेष स्वास्थ्य मेगा कैम्प का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख हर्षल चौधरी एवं सीएमओ शामली डॉ। अनिल कुमार द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। ब्लाक प्रमुख ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा महिलाओं के हित में यह अभियान चलाया गया है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होना चाहिए। उन्हें समय-समय पर अपना ब्लड प्रेसर, शुगर, रक्त, काला पीलिया, एचआईवी, टीबी आदि की जांच कराते रहना चाहिए, ताकि समय से बीमारी का पता चल सके और उसका पूर्ण इलाज कराया जा सके। ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि घर की महिलाएं स्वस्थ्य होगी, तो परिवार सशक्त होगा। इस दौरान आयुष्मान कार्ड एवं टीबी के मरीजों को पोषण पोटली का वितरण किया गया। वहीं, स्वास्थ्य कैम्प में 865 मरीजों को लैब जांच, मानसिक रोग, अस्थि रोग, ईएनटी आदि सेवाएं प्रदान की गई। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अतुल बंसल, कैराना चिकित्सा अधीक्षक डॉ. शैलेन्द्र चौरसिया, डॉ. तिलक, डॉ. विकास चन्द, डॉ. विकास बरनवाल, चीफ फार्मासिस्ट मोहम्मद अली, बीपीएम अतुल कुमार, ब्लॉक कम्यूनिटी प्रबंधक आरिश खान रहे।

# संविधान और सामाजिक न्याय को लेकर भारत मुक्ति मोर्चा ने सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भारत मुक्ति मोर्चा के पदाधिकारियों ने गुरूवार को राष्ट्रपति के नाम संबोधित एक ज्ञापन एडीएम न्यायिक को सौंपा। ज्ञापन में संविधान एवं लोकतंत्र की रक्षा, बहुजन समाज के संवैधानिक अधिकारों की सुरक्षा और सामाजिक न्याय को लेकर प्रमुख मांगें उठाई गईं। मोर्चा पदाधिकारियों ने कहा कि बहुजन समाज के हजारों संगठनों के तत्वावधान में राष्ट्रव्यापी चरणबद्ध आंदोलन चलाया जा रहा है। इसमें धरना-प्रदर्शन, जेल भरो आंदोलन और जन आक्रोश रैली शामिल की जाएंगी। ज्ञापन में प्रमुख मांगों में



सभी चुनावों में ईवीएम हटाकर बैलेट पेपर लागू करना, ओबीसी सहित सभी जातियों की जातीय जनगणना कराना, आदिवासियों पर हो रहे अन्याय को रोकना, मुस्लिम, ईसाई और बौद्ध समुदायों के संवैधानिक अधिकारों व धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा करना, तथा सरक. ारी कर्मचारियों को पदोन्नति में आरक्षण लागू करना शामिल है। पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि इन मुद्दों का समय पर समाधान नहीं किया गया, तो 25 सितंबर को सभी जिला मुख्यालयों पर राष्ट्रव्यापी जेल भरो आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अरविन्द कुमार, परमाल सिंह, रमेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# जाति लिखे वाहन चालकों के काटे चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** सदर कोतवाली पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह कसाना के नेतृत्व में जाति लिखे वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान नौ वाहनों के खिलाफ चालानी कार्यवाही करते हुए जुर्माना लगाया गया।

गुरुवार को एसपी शामली नरेंद्र प्रताप सिंह के निर्देश पर सदर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह कसाना के नेतृत्व में पुलिस टीम ने नगर के वर्मा मार्किट व फव्वारा चौक पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया।

इस दौरान टीम ने जाति सूचक स्टीकर लगे वाहनों के खिलाफ चालानी कार्यवाही की। पुलिस टीम ने शासन के निर्देशों का हवाला देते हुए नौ दुपहिया वाहनों के चालान करते हुए जुर्माना अधिरोपित किया। टीम ने वाहनों से जाति लिखे स्टीकर हटवाने के साथ ही भविष्य में ऐसा करने पर सख्त कार्यवाही की चेतावनी दी है। पुलिस की कार्यवाही से वाहन चालकों में हड़कंप मचा नजर आया। वहीं, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह कसाना का कहना है कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर जाति लिखे वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया गया है। इस दौरान नौ वाहनों के खिलाफ चालानी कार्यवाही की गई है।

# महोत्सव में भव्य रामलीला देखने को उमड़े श्रद्धालु





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के मंदिर हनुमान टीला हनुमान धाम शामली के रंगमंच पर आयोजित किए जा रहे 56वे रामलीला महोत्सव मे भव्य रामलीला का आयोजन किया किया गया। देर रात्रि दशरथ मरण लीला का मंचन हुआ जिसको देखकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए।

देर रात्रि शहर के मंदिर हनुमान धाम पर आयोजित रामलीला का शुभारंभ गणेश व सरस्वती वंदना से हुआ। जिसके बाद दशरथ मरण लीला का मंचन हुआ, जिसमे राजा दशरथ का अभिनय रवि पाठक, रानी केकैई का अभिनय आंशु निर्वाल, भगवान राम का अभिनय आकाश धीमान तथा सुमंत का अभिनय सुनील अग्रवाल टीटू के द्वारा किया गया। रामलीला मंच के कलाकारों द्वारा किए गए मार्मिक अभिनय से दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। मंचन के दौरान राजा दशरथ द्वारा राम के वनवास के दुख में प्राण त्यागने की हृदयस्पर्शी लीला का चित्रण देख दर्शक भावुक हो उठे। कलाकारों ने अपने सशक्त अभिनय और संवादों से पूरे वातावरण को राममय बना दिया। रामलीला समिति पदाधिकारियों ने बताया कि आगामी दिनों में सीता हरण और राम-रावण युद्ध जैसी लीलाओं का मंचन किया जाएगा। इवसर पर मंदिर समिति के अध्यक्ष सलिल द्विवेदी, सचिव राजकुमार मित्तल, उपेन्द्र द्विवेदी, पं दिनेश पाठक, रमेश धीमान, उत्तम नामदेव, आदेश शर्मा, राकेश आचार्य, सुनील गुप्ता रामायणी, संदीप नामदेव, लोक. ेश वाचस्पति, निशांत पाठक, उज्जवल नामदेव, दीपक सैनी, सुनील अरोड़ा आदि उपस्थित रहे।

### लक्ष्मण! मेरी सहायता करो, सीता हरण प्रसंग का हुआ मंचन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** चौसाना में बुधवार को सीता हरण प्रसंग का भावपूर्ण मंचन किया गया। पंचवटी की कुटिया में भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण के सुंदर जीवन दर्शन कराए गए। मंचन की शुरुआत में रावण की बहन सूर्पणखा का आगमन हुआ, जिसने राम और लक्ष्मण से विवाह की जिद की। लक्ष्मण द्वारा उसकी नाक काटे जाने के बाद सूर्पणखा ने रावण को पूरी घटना बताई और राम-लक्ष्मण की कुटिया का पता दिया। इसके बाद मारीच सोने का हिरण बनकर कुटिया के पास आया। सीता के आग्रह पर भगवान राम हिरण का पीछा करने निकले। तभी घायल मारीच ने राम की आवाज में पुकार लगाई . ष्लक्ष्मण! मेरी सहायता करो।ष् सीता ने चिंतित होकर लक्ष्मण को भाई राम की मदद के लिए भेजा। जाते समय लक्ष्मण ने कुटिया के चारों ओर रक्षा रेखा खींची। इसी बीच रावण साधु का रूप धारण कर आया और छलपूर्वक माता सीता का हरण कर लिया। मार्ग में जटायु और रावण के बीच हुए युद्ध का भी सजीव मंचन किया गया, जिसमें जटायु की मृत्यु दिखाई गई। मंचन में भगवान राम की भूमिका संजीव गौतम, लक्ष्मण की सतवीर कश्यप, माता सीता की दुष्यंत कश्यप, रावण की राजेश सैनी और जटायु की भूमिका सलेखचंद सैनी ने निभाई। सभी पात्रों ने अपने उत्कृष्ट अभिनय से दर्शकों की तालियां बटोरीं। इस अवसर पर कमेटी प्रधान पीतम कश्यप, बड़े प्रधान ठाकुर अभिमन्यु, डायरेक्टर जियालाल, नवीन बिंदल, अशोक रोहिल्ला, अनुज गौतम समेत समस्त कमेटी सदस्य मौजूद रहे।

# अवैध कालोनियों पर चला एमडीए का बुलडोजर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** गुरुवार को मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण की छह सदस्य टीम ने कैराना पहुंचकर कॉलोनाइजरों द्वारा अवैध रूप से काटी गई कालोनियों को बुलडोजर से ध्वस्त करा दिया। एमडीए की कार्रवाई से अवैध रूप से प्लाटिंग करने वालों में हड़कंप मचा रहा।

गुरुवार की दोपहर विकास प्राधिकरण मुजफ्फरनगरद्धएमडीएत्र्ञ उपाध्यक्ष कविता मीना के निर्देश पर विभाग की छह सदस्ईय टीम सहायक अभियंता हितेश गुप्ता के नेतृत्व में कैराना पहुंची। जहां उन्होंने कोतवाली पर आमद दर्ज कराते हुए पुलिस बल को साथ लेकर नेशनल हाइवे बाईपास के निकट स्थित एक अवैध कालोनी के खिलाफ ध्वस्तीकरण की कार्यवाही शुरू की।

टीम दो जेसीबी मशीन अपने साथ लेकर पहुंची थी। इस दौरान भूमि पर अनाधिकृत रूप से की गई अवैध प्लाटिंग को जेसीबी मशीनों से ध्वस्त करा दिया। इस दौरान कॉलोनाइजरों द्वारा बनाई गई प्लॉटों की चहारदीवारी को जेस. ीबी मशीनों से गिरा दिया गया। टीम ने बिना अनुमति के पुनः प्लॉटिंग करने पर सख्त कार्यवाही की चेतावनी दी है। वहीं, एमडीए विभाग के एई हितेश गुप्ता ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर प्राधिकरण से तलपट मानचित्र स्वीकृत कराए बिना अनाधिकृत रूप से की गई अवैध प्लॉटिंग के निर्माण को ध्वस्त कराया गया है। अवैध प्लॉटिंग के विरूद्ध प्राधिकरण द्वारा पूर्व में नोटिस भी जारी किए गए थे, जिसमें चालानी कार्यवाही के उपरांत ध्वस्तीकरण के आदेश निर्गत किए गए थे।उन्होंने कहा कि अवैध कॉलोनियों के खिलाफ निरन्तर अभियान जारी रहेगा।

### भूमाफियाओं को नहीं एमडीए का खौफ

एमडीए विभाग द्वारा पूर्व में भी लगभग आधा दर्जन अवैध कालोनियों पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जा चुकी है। इसके बावजूद भी कस्बे के चारों तरफ धड़ल्ले के साथ अवैध कालोनियां काटी जा रही हैं।भूमाफियाओं को एमडीए का जरा भी खौफ नहीं है। सूत्र बताते हैं कि विभाग की सेटिंग से अवैध कालोनियां विकसित की जा रही हैं।

# समेकित शिक्षा के तहत दिव्यांगों को उपकरण कराए उपलब्ध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना कार्यालय लखनऊ द्वारा निर्देशों के क्रम में एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मती लता राठौड़ जी के कुशल मार्गदर्शन में आज दिनांक 25 सितंबर 2025 को समेकित शिक्षा के अन्तर्गत सत्र 2025-26में विशिष्ट आवश्यकता वाले दिव्यांग बच्चों की दिव्यांगता के आधार पर सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से आज उच्च प्राथमिक विद्यालय बनतध्ब्लॉक संसाधन केन्द्र-शामली के प्रांगण में एलिम्को कानपुर के सहयोग से मेजरमेंट कैंप का आयोजन किया गया।कानपुर की टीम द्वारा शामली के परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत 104 बूंद बच्चों का परीक्षण कर समाग्र शिक्षा अभियान में 81 बच्चों को एवं पी एम के 05 बच्चों को उपकरण देने हेतु चिन्हांकन किए गए।इन समस्त दिव्यांग बच्चों को निम्न प्रकार के सहायक उपकरण ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर हियरिंग एड, सीपी चेयर, रोलैटर , ब्रेल कैन, टी एल एम किट, बैसाखी का वितरण नवंबर 2025 में किया जाएगा।इस अवसर, जितेंद्र कुमार प्रभारी जिला समन्वयक समेकित शिक्षा, विद्यालय के प्रधानाध्यापक खलील अहमद जी उपस्थित रहे। इस कैम्प का आयोजन जितेन्द्र कुमार प्रभारी जिला समन्वयक द्धसमेकित शिक्षात्र्ञ द्वारा किया गया। कार्यक्रम में एलिम्को कानपुर टीम में पुनर्वास विशेषज्ञ अश्वनी वनी कुमार ,श्रवण रोग विशेषज्ञ सुरज कुमार, और अभिषेक द्विवेदी एवं आकाश सैनी द्वारा डाटा आपरेटर का कार्य किया गया।जनपद में कार्यरत समस्त स्पेशल एजूकेर्टस एवं विद्यालय में उपस्थित समस्त स्टाफ रहा।

## उप्र मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यकम संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उप्र मिलेटस पुनरोद्वार कार्यकम योजनान्तर्गत विकास खण्ड शामली में बीआरसी बनत पर मिलेटस के दैनिक भोजन मे महत्व के सम्बन्ध में अध्यापको का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर्वप्रथम प्रशिक्षण सत्र का प्रारम्भ करते हुए अजय तोमर, व.प्रा. सहा.- ग्रुप बी द्वारा मिलेटस के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए विभिन्न प्रकार के मिलेटस के विषय में जानकारी देकर उनके गुणो के बारे में अध्यापको को अवगत कराण गया।कृषि विज्ञान केन्द्र जलालपुर, शामली से आए डाद्गअजय कुमार, कृषि वैज्ञानिक द्वारा मिलेटस का विभिन्न किस्मो के बारे में जानकारी उपलब्ध कराई गई। वर्तमान जीवन शैली के कारण स्वास्थ्य पर पड रहे विपरीत प्रभाव के कारण उत्पन्न बिमारियों की रोकथाम जैसे मधुमेह आदि के उपचार हेतु भोजन के रूप में मिलेटस की उपयोगिता को विस्तार से रेखांकित किया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यकम में बीद्गआरद्गसीद्ग बनत विकास खण्ड शामली से सम्बन्धित 50 अध्यापको द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# श्रमदान व निबंध प्रतियोगिता में छात्राओं ने दिखाया हुनर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत कस्बे के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एक दिन, एक घंटा, एक साथ,थीम पर श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर व उसके आसपास साफ-सफाई कर स्वच्छता का संद. ेश दिया।

कार्यक्रम का उद्देश्य समाज को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है । कार्यक्रम में पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। प्राचार्य प्रो। बृज भूषण ने उनके चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की। साथ ही एकात्म मानववाद का सिद्धांत विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बीए तृतीय वर्ष की जुवेरिया पुत्री नसीम प्रथम स्थान पर रहीं, जबकि बीए प्रथम वर्ष की महक पुत्री शाहिद ने द्वितीय और बीए तृतीय वर्ष की अफ्शा पुत्री मोहम्मद महफूज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ। श्याम बाबू एवं सद्भावना कल्चरल क्लब की संयोजिका डॉ। नयना शर्मा के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग कर दोनों आयोजनों को सफल बनाया।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरी पुत्री इलमा का जन्म 01.01.2003 को हुआ था। मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में पिता का नाम SHAMIULLA KHAN दर्ज हो गया, जो कि गलत है। जबकि सही नाम SHAMIULLA (शमीउल्ला) है, मुझे इसी नाम से जाना-पहचाना व पुकारा जाए।

**शमीउल्ला पुत्र नियामतुल्ला**
निवासी मोहल्ला दरबारकलां 1,
तहसील कैराना जिला शामली

**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरे पुत्र उमैर खान UMAIR KHAN का जन्म 11.10.2001 को हुआ था। मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में पिता का नाम SHAMIULLA KHAN दर्ज हो गया, जो गलत है। सही नाम SHAMIULLA (शमीउल्ला) है, मुझे इसी नाम से जाना-पहचाना व पुकारा जाए।

**शमीउल्ला पुत्र नियामतुल्ला**
निवासी-मोहल्ला दरबारकलां 1,
तहसील कैराना जिला शामली

# विकसित भारत 2047 थीम पर सेमिनार का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के आरके पीजी कालेज की एनएसएस इकाई के कार्यक्रम अधिका. रियों की ओर से गुरूवार को विकसित भारत 2047 थीम पर सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई। सेमिनार को संबोधित करते हुए डॉ। कांत वार्ष्णेय ने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री द्वारा संचालित विजन विकसित भारत 2047 अभियान की जानकारी छात्र-छात्राओं को दी। वहीं, डॉ। रोहित राणा ने छात्रों को माय भारत पोर्टल पर पंजीकरण करने तथा विकसित भारत क्विज प्रतियोगिता से अवगत कराया। इस दौरान कई छात्रों ने क्विज प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। डॉ। सुनील कुमार श्रोती ने विकसित उत्तर प्रदेश 2047 के विजन डॉक्यूमेंट पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को जागरूक किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भारत के समग्र विकास के लिए युवाओं के विचार एवं सुझाव एकत्र करना रहा। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने शिक्षा, स्वास्थ्य, डिजिटल सशक्तिकरण, महिला शक्तिकरण तथा ग्रामीण विकास जैसे विभिन्न विषयों पर अपने सुझाव ऑनलाइन प्रेषित किए।

# अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसो. ने मनाया विश्व फार्मासिस्ट दिवस

**शामली।** अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन द्वारा विश्व फार्मासिस्ट दिवस के अवसर पर जनपद शामली के फार्मासिस्टों द्वारा मिलन प्वाइंट पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में फार्मासिस्टों ने शिरकत की और अपने पेशे की गरिमा तथा समाज में फार्मासिस्ट की भूमिका पर विचार साझा किए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद संगल ने कहा कि फार्मासिस्ट चिकित्सक और मरीज के बीच की सबसे अहम कड़ी है। उन्होंने बताया कि मरीज तक दवा की सही जानकारी और उसका सही उपयोग पहुंचाना फार्मासिस्ट का दायित्व है। अगर फार्मासिस्ट अपनी भूमिका ईमानदारी और समर्पण से निभाएं तो मरीज को दवा का अधि. कतम लाभ मिल सकता है और इलाज के बेहतर परिणाम सामने आते हैं। इस मौके पर वक्ताओं अक्षय मिठरिया प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि फार्मासिस्ट केवल दवा बेचने वाला नहीं बल्कि वह मरीज की सेहत से जुड़ा एक अहम सलाहकार भी है। संचालन कर रहे सनुज तेजान ने कहा कि सही समय पर दवा का सेवन, उसकी उचित मात्रा और उससे जुड़ी सावधानियों की जानकारी देना फार्मासिस्ट की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में फार्मासिस्टों ने अपने पेशे की चुनौतियों और जिम्मेदारियों पर चर्चा करते हुए यह संकल्प लिया कि वे समाज की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। इस दौरान फार्मासिस्ट दिवस पर जागरूकता पोस्टर भी प्रदर्शित किए गए और फार्मासिस्टों ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं। फार्मासिस्ट जिला अध्यक्ष हारून सैफी ने आए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए फार्मासिस्टों अनुज पांचाल, मंडल उपाध्यक्ष नीरज पांचाल, संगठन मंत्री कादिर चौहान, जिला महासचिव अमरीश पाल, जिला प्रभारी मौसम कुमार, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष नसीम अली, जिला उपाध्यक्ष रविन्द्र , जिला सचिव विकास शांडिल्य, जिला संरक्षक अमित कुमार लाख, जिला संरक्षक अनुज कर्णवाल, नगर



अध्यक्ष मोहित कुमार, आई टी सैल जिलाध्यक्ष दीपक मिठारिया, जिला सलाहकार फिरोज उल हक , जिला सचिव के अलावा स्थानीय गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने के लिए फार्मासिस्टों की भूमिका को और अधिक मजबूत किया जाना चाहिए।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### आर. अश्विन सिडनी थंडर के साथ जुड़ेंगे

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय ऑफ स्पिनर आर अश्विन ने आगामी बिग बैश लीग (बीबीएल) सीजन के लिए सिडनी थंडर के साथ करार किया है। इस ऐतिहासिक कदम के साथ वह इस प्रतियोगिता में खेलने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन जाएंगे। डब्ल्यूबीबीएल में भारत की कई महिला खिलाड़ी हिस्सा ले चुकी हैं, लेकिन बीसीसीआई के नियमों के कारण भारतीय पुरुष टीम वैश्विक लीग में भाग नहीं ले सकते। भारत के पूर्व अंडर-19 कप्तान उन्मुक्त चंद और भारत के पूर्व घरेलू खिलाड़ी निखिल चौधरी, दोनों ने हाल के वर्षों में बिग बैश लीग (बीबीएल) में खेला है, लेकिन चंद अमेरिका के नागरिक हैं, जबकि चौधरी अब ऑस्ट्रेलिया में स्थानीय खिलाड़ी के रूप में खेलते हैं और उन्होंने इसी महीने तस्मानिया के लिए लिस्ट ए में पदार्पण किया है।

### अय्यर लाल गेंद वाले क्रिकेट से दूर, भारत ए के कप्तान नियुक्त

**मुंबई, वार्ता।** श्रेयस अय्यर ने पीठ में बार-बार होने वाली ऐंठन के कारण छह महीने के लिए लाल गेंद वाले क्रिकेट से दूरी बना ली है, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ आगामी एकदिवसीय श्रृंखला के लिए भारत ए टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। बीसीसीआई ने आज पुष्टि की कि पीठ की सर्जरी से उबर रहे अय्यर को ईरानी कप के लिए नहीं चुना गया है, लेकिन वह 30 सितम्बर से 5 अक्टूबर तक कानपुर में होने वाले सीमित ओवरों के क्रिकेट में टीम की कप्तानी करेंगे। बोर्ड ने बताया कि अय्यर ने हालांकि यूनाइटेड किंगडम में सर्जरी के बाद अपनी रिकवरी अच्छी तरह से की है, लेकिन लंबे प्रारूप में खेलते समय उन्हें जकड़न और ऐंठन की शिकायत हुई थी।

# विंडीज के खिलाफ टीम इंडिया घोषित

● **वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज में गिल कप्तान, जडेजा उपकप्तान, 2 अक्टूबर से अहमदाबाद में होगा पहला टेस्ट**

**मुंबई, वार्ता।** वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम में देवदत्त पड़िक्कल की वापसी हुई है, जबकि उनके कर्नाटक टीम के साथी करूण नायर को बाहर कर दिया गया है। चोट से उबर रहे )षभ पंत की जगह अब रवींद्र जडेजा टीम के उपकप्तान हैं, जबकि नारायण जगदीशन ने दूसरे विकेटकीपर के रूप में अपनी जगह बरकरार रखी है। वह इंग्लैंड दौरे के आखिरी टेस्ट के लिए भारतीय टीम से पहली बार जुड़े थे। शुभमन गिल पहली बार घरेलू मैदान पर टेस्ट कप्तानी करेंगे।

इससे पहले उन्होंने इस साल इंग्लैंड में कप्तान के तौर पर डेब्यू किया था। उनके साथ बुमराह भी टीम में हैं और उन्हें एशिया कप के बाद घरेलू सीरीज के लिए आराम नहीं दिया गया है। बाकी टीम लगभग वैसी ही है, जैसी इंग्लैंड में थी, लेकिन तीसरे सलामी बल्लेबाज विकल्प के रूप में अभिमन्यु ईश्वरन को नहीं चुना गया है। ज़रूरत पड़ने पर यह भूमिका टीम के अतिरिक्त विकेटकीपर जगदीशन निभा सकते हैं। भारत के अंतिम एकादश की संरचना हालांकि इंग्लैंड की तुलना में काफी अलग दिख सकती है, क्योंकि इस बार तेज गेंदबाजी से ज्यादा स्पिन पर जोर दिया जाएगा और इसके लिए टीम में जडेजा के साथ-साथ कुलदीप यादव, वॉशिंगटन सुंदर के साथ अक्षर पटेल टीम में हैं। बड़े फॉर्मेट में यह अक्षर की वापसी है। तेज गेंदबाजी में भारतीय टीम के साथ इंग्लैंड गए अर्शदीप सिंह, आकाश दीप और अंशुल कंबोज को जगह नहीं मिली है। अंशुल और आकाश अब ईरानी कप में रेस्ट ऑफ इंडिया की तरफ से खेलते दिखेंगे। तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर के रूप में टीम में एकमात्र विकल्प नीतीश कुमार रेड्डी का है, जो इंग्लैंड दौरे पर तो गए थे, लेकिन चोट के कारण बीच दौरे से वापस आ गए थे। वह फ़िलिहाल ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दूसरे अनाधिकृत टेस्ट में भारत ए टीम का हिस्सा हैं।

शार्दुल ठाकुर इंग्लैंड दौरे के बाद बाहर हो गए हैं। भारत और वेस्टइंडीज के बीच दो टेस्ट मैच होंगे। पहला 2 अक्तूबर को अहमदाबाद में और दूसरा 10 अक्तूबर को दिल्ली में खेला जाएगा। यह 2025-27 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र की भारत की दूसरी सीरीज होगी। भारत का अभियान इंग्लैंड में एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी सीरीज से शुरू हुआ था, जहां भारत ने पांच टेस्ट की सीरीज 2-2 से ड्रॉ की थी। पांच टेस्ट में उपलब्ध अधिकतम 60 में से 28 अंक हासिल करने के बाद भारत डब्ल्यूटीसी अंक तालिका में 46.67 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका उनसे ऊपर हैं, जिनके पास क्रमशः 100 और 66.67 प्रतिशत अंक हैं।



### वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत की टेस्ट टीम

शुभमन गिल कप्तान, यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, देवदत्त पड़िक्कल, ध्रुव जुरेल, रवींद्र जडेजा, वॉशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, अक्षर पटेल,नीतीश रेड्डी, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, कुलदीप और एन जगदीशन



# एशिया कप में भारत ने अब तक 12 कैच छोड़े

**दुबई, वार्ता।** भारत ने भले ही एशिया कप के फाइनल में जगह बना ली है लेकिन कैच छोड़ना उसके लिए कुछ चिंता की बात है जो आगे चलकर उसके लिए नुकसानदायक हो सकती है। इस एशिया कप में, भारत ने अब तक 12 कैच छोड़े हैं, जो किसी भी टीम द्वारा सबसे ज्यादा हैं। उनकी कैचिंग क्षमता 67.5 प्रतिशत है जो हांगकांग चीन के बाद दूसरे सबसे खराब है। चार कैच वरुण चक्रवर्ती की गें. दबाजी पर छूटे हैं। वरुण ने बांग्लादेश के खिलाफ मैच के बाद साफ शब्दों में कहा कि इस टीम को आने वाले विश्व कप तक एक मिशन के लिए चुना गया है। इसलिए हमें अपनी फीलल्डग में सुधार करना होगा और निश्चित रूप से फीलल्डग कोच के पास कहने के लिए बहुत कुछ होगा। मुझे लगता है कि पिछले मैच में उन्होंने ज्यादा कुछ नहीं कहा था, लेकिन मुझे लगता है कि इस मैच के बाद आज के बाद उनके पास कहने के लिए बहुत कुछ होगा। इसके पीछे कई कारण हैं।

● **बैडमिंटन एशिया अंडर-17 और अंडर-15 चैंपियनशिप** ●

# तन्वी, चांगमाई भारतीय चुनौती का नेतृत्व करेंगे



● **तन्वी और चांगमाई इस बार अंडर-17 वर्ग में प्रतिस्पर्धा करेंगे**

**नई दिल्ली, वार्ता।** एशियाई अंडर-15 चैंपियन तन्वी पत्री और पूर्व चैंपियन बोर्निल चांगमाई 21-26 अक्टूबर, 2025 तक चीन के चेंगदू में होने वाली बैडमिंटन एशिया अंडर-17 और अंडर-15 चैंपियनशिप के लिए 36 सदस्यीय भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगे।

तन्वी और चांगमाई इस बार अंडर-17 वर्ग में प्रतिस्पर्धा करेंगे क्योंकि भारतीय दल पिछले दो सफल अभियानों को आगे बढ़ाने की उम्मीद कर रहा है। भारत ने 2024 में एक स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीता था, और 2023 में एक स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक जीता था, दोनों संस्करण चेंगदू में आयोजित किए गए थे। भारतीय टीम का चयन हाल ही में संपन्न हुए योनेक्स-सनराइज अश्विनी गुप्ता मेमोरियल अखिल भारतीय सब जूनियर (अंडर-15 और अंडर-17) रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट 2025 में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। यह टूर्नामेंट 13 से 21 सितम्बर, 2025 तक हरियाणा के पंचकुला में आयोजित किया गया था। इसमें कुछ स्थापित सितारों के साथ-साथ कुछ नए चेहरे भी शामिल हैं। भारतीय बैडमिंटन संघ के महासचिव, संजय मिश्रा ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में महाद्वीपीय चैंपियनशिप में भारत की लगातार सफलता हमारे जूनियर विकास कार्यक्रम की मजबूती को दर्शाती है। इस टीम में कई होनहार खिलाड़ी हैं जो पदक जीतने की क्षमता रखते हैं, जो टीम की गहराई और प्रतिभा को दर्शाता है। इस टीम में, शरयु अंडर-15 की तीनों श्रेणियों में भाग लेंगी।

# BCCI ने फरहान व हारिस रउफ के खिलाफ ICC में शिकायत की



● **मामला एशिया कप सुपर-4 के मैच से जुड़ा है, जो दुबई में रविवार को खेला गया था**

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने पाकिस्तान के क्रिकेटरों हारिस रऊफ और साहिबजादा फरहान के खिलाफ उनके ऑन-फील्ड हावभाव को लेकर अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) में आधिकारिक शिकायत दर्ज कराई है।

यह मामला एशिया कप सुपर फोर के मैच से जुड़ा है, जो दुबई में पिछले रविवार को खेला गया था। जानकारी के अनुसार बीसीसीआई ने बुधवार को ईमेल के जरिए यह शिकायत दर्ज कराई और आईसीसी को यह प्राप्त हो चुकी है। अगर फरहान और रऊफ ने इन आरोपों से इनकार किया, तो इस मामले पर आईसीसी की सुनवाई हो सकती है। उन्हें मैच रेफरी रिची रिचर्डसन के सामने पेश होना पड़ सकता है, जो टूर्नामेंट में दूसरे मैच रेफरी हैं, जबकि पहले रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट हैं। फ़रहान का अर्द्धशतक पूरा करने के बाद का जश्न और रऊफ का बाउंड्री पर फ़ील्डिंग करते समय दर्शकों की ओर इशारा करना, यही दो घटनाएं मानी जा रही हैं, जिन पर बीसीसीआई ने शिकायत दर्ज कराई है। ये दोनों घटनाएं उस दिन से सोशल मीडिया पर काफी चर्चा में हैं। भारत के सहायक कोच रायन टेन डेशकाटे ने मंगलवार को हारिस के उकसाने वाले इशारों पर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि सबसे पहले मैं यह कहना चाहूंगा कि जिस तरह से हालात की वजह से खिलाड़ियों पर दबाव डाला गया है, उसमें अपने व्यवहार को नियंत्रित करना बहुत मुश्किल होता है।

मैंने हारिस की कुछ हरकतें देखीं, लेकिन वह हमारे चिंता का विषय नहीं है। जैसा कि मैंने पहले भी कहा, हमें इस बात पर बहुत गर्व है कि हमारे खिलाड़ियों ने मैदान पर खुद को किस तरह संभाला। उन्होंने मैदान पर अपने बल्लों से जवाब दिया। हो सकता है कि दूसरी टीमों को हमारी कुछ बातों से दिक्कत रही हो, लेकिन हमारी ओर से हमें इस बात पर गर्व है कि हमारे खिलाड़ियों ने खुद को किस तरह संभाला।

# सिनर-इगा का ध्यान चाइना ओपन में बेहतर प्रदर्शन पर



**बीजिंग, वार्ता।** पुरुषों में शीर्ष वरीयता प्राप्त जैनिक सिनर और महिलाओं में शीर्ष वरीयता प्राप्त इगा स्वियाटेक ने बुधवार को चाइना ओपन से पहले अपनी उम्मीदें साझा कीं और बीजिंग में अपने समय और अनुभव का आनंद लेने की उम्मीद जताई। एक महीने पहले यूएस ओपन के फाइनल में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज से हारने वाले सिनर ने कहा कि एक बार फिर टूर्नामेंट में वापसी करना बहुत अच्छा है।

यूएस ओपन के बाद, शरीर अच्छी स्थिति में है। दिमाग भी। यूएस ओपन के बाद कुछ अच्छा समय बिताया। इतालवी खिलाड़ी का सामना गुरुवार को राउंड ऑफ 32 में क्रोएशिया के दुनिया के 97वें नंबर के खिलाड़ी मारिन सिलिच से होगा। ष्ज़ाहिर है, किसी भी टूर्नामेंट में पहला राउंड कभी आसान नहीं होता। लेकिन हर लिहाज से, मैं फिर से वापसी करके बहुत खुश हूं। उम्मीद है कि अच्छा टेनिस खेल पाऊंगा। हम खुद को बेहतरीन तरीके से तैयार करने की को. शिश करते हैं। ज़ाहिर है, मैं यहां चीन में फिर से खेलने के लिए बहुत उत्सुक हूं, और देखते हैं कैसा रहता है। रविवार को डब्ल्यूटीए 500 कोरिया ओपन में रूस की एकातेरिना एलेक्ज़ेंड्रोवा को 1-6, 7-6(3), 7-5 से हराने वाली स्वियाटेक ने अपनी जीत पर कहा कि आमतौर पर मैं बस अच्छा महसूस करती हूं और फिर जीत जाती हूं। लेकिन फाइनल की शुरुआत में मैं अच्छा महसूस नहीं कर रही थी, और फिर मैं वाकई में स्थिति बदल सकती थी। मुझे लगता है कि इस टूर्नामेंट की यही सबसे अच्छी बात है। वर्तमान में दूसरे स्थान पर काबिज़ स्वियाटेक अभी भी आर्यना सबालेंका से 2,700 से ज्यादा अंकों से पीछे हैं। हालांकि, सबालेंका चोट के कारण चाइना ओपन से हट गई थीं। पोलिश स्टार ने जोर देकर कहा कि रैंकिंग उनकी प्राथमिकता नहीं है। स्वियाटेक ने कहा कि मैं पहले से ही जानती हूं कि रैंकिंग के बारे में सोचना कोई मायने नहीं रखता, चाहे आप नंबर 2 हों या नंबर 1। यह बस संख्याओं की बात है।

### मुलर ने खाचानोव को हराया, वांग शियायू ने मुख्य ड्रॉ में पहली जीत दर्ज की

**बीजिंग, वार्ता।** फ्रांस के एलेक्जेंडर मुलर ने चाइना ओपन में बड़ा उलटफेर कर एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए पुरुष एकल के पहले दौर में पांचवीं वरीयता प्राप्त कारेन खाचानोव को हरा दिया। यहां नेशनल टेनिस सेंटर के डायमंड कोर्ट पर बुधवार को खेले गए मुकाबले में मुरल ने खाचानोव को दो घंटे 37 मिनट तक चले मैच में 6-4, 6-7(5), 6-4 से हराया। मैच की शुरुआत में विश्व के 10वें नंबर के खिलाड़ी खाचानोव ने दूसरे सेट के टाईब्रेक में 4-2 की बढ़त गंवा दी, जबकि मुलर ने अगले छह में से पाच अंक हासिल कर निर्णायक सेट के लिए मजबूर कर दिया। अंतिम सेट में फ्रांसीसी खिलाड़ी ने शुरुआती गेम में सर्विस तोड़ी, लेकिन नौवें गेम में फिर से अटैक किया और अपनी सर्विस बरकरार रखते हुए दो घंटे 37 मिनट में जीत पक्की कर ली।

# लीसा काइटली बनी मुंबई इंडियंस महिला टीम की मुख्य कोच

● **अपने शानदार खेल करियर और शीर्ष वैश्विक लीगों में कोचिंग के अनुभव के साथ लीसा एमआई टीम में बेजोड़ अनुभव और दूरदर्शिता लेकर आएंगी**

**मुंबई, वार्ता।** मुंबई इंडियंस ने पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर और दो बार की विश्व कप विज. ेता लीसा काइटली को आज अपनी महिला टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया। 1997 और 2005 में ऑस्ट्रेलिया की विश्व कप विजेता टीमों का हिस्सा रहीं काइटली महिला क्रिकेट की सबसे सम्मानित कोचों में से एक हैं। अपने शानदार खेल करियर और ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और शीर्ष वैश्विक लीगों में कोचिंग के अनुभव के साथ, वह मुंबई इंडियंस टीम में बेजोड़ अनुभव और दूरदर्शिता लेकर आएंगी।

मुंबई इंडियंस महिला टीम पहले से ही डब्ल्यूपीएल के इतिहास की सबसे सफल टीम है, जिसने केवल तीन सीजन में दो चैंपियनशिप जीती हैं। 2023 और 2025 में वह डब्ल्यूपीएल विजेता रही है। इस मौके पर खुशी जाहिर करते हुए नीता एम- अंबानी ने कहा कि हमें मुंबई इंडियंस परिवार में लीसा काइटली का स्वागत करते हुए बेहद खुशी हो रही है। लीसा ने अपने जुनून से क्रिकेट की कई पीढ़ियों को प्रेरित किया है। उनका आगमन मुंबई इंडियंस के लिए एक रोमांचक व नया अध्याय है क्योंकि हम और ऊंचा उड़ने के लिए तैयार हैं। लीसा काइटली ने कहा कि मुंबई इंडियंस में शामिल होना सम्मान की बात है, एक ऐसी टीम जिसने डब्ल्यूपीएल में कई मानक स्थापित किए हैं। मैं टीम के साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं ताकि हम अपनी सफलता को और आगे बढ़ा सकें और मैदान के अंदर और बाहर नई पीढ़ी को प्रेरणा देते रहें। काइटली, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड दोनों महिला टीमों की कोच रही हैं। वह इंग्लैंड की पूर्णकालिक मुख्य कोच बनने वाली पहली महिला थीं। उन्हें डब्ल्यूबीबीएल, द हंड्रेड और डब्ल्यूपीएल में फ्रेंचाइजी कोचिंग का भी अनुभव है, और हाल ही में उन्होंने पिछले महीने द हंड्रेड में नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स को महिला खिताब जितवाया था।



### भारतीय निशानेबाजों ने स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक जीते

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय निशानेबाजों ने गुरुवार को डा. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में महिलाओं की 50 मीटर प्रोन स्पर्धा में तीनों पोडियम स्थान हासिल कर आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप 2025 के अपने नए चरण के अभियान की शानदार शुरुआत की। पुरुष टीम इसी स्पर्धा में स्वर्ण पदक से चूक गई, लेकिन रजत और कांस्य पदक जीतकर भारत ने सीजन के दूसरे जूनियर आईएसएसएफ विश्व कप में पदक तालिका में शुरुआती बढ़त बना ली। अनुष्का ठोकुर ने महिलाओं की 50 मीटर प्रोन राइफल निशानेबाजी स्पर्धा में 621.6 अंकों के साथ स्वर्ण, हमवतन अंशिका ने 619.2 अंकों के साथ रजत और आध्या अग्रवाल ने 615.9 अंकों के साथ कांस्य पदक जीता। पुरुष वर्ग की स्पर्धा में, भारत के दीपेंद्र ने 617. 9 अंक बनाए व कामिल नूरिया से स्वर्ण पदक चूक गए।

### 91 देशों के 150 स्थानों पर विकसित भारत दौड़-2025 का आयोजन

**नई दिल्ली, वार्ता।** राष्ट्र निर्माण हेतु सामूहिक प्रयास को प्रेरित करने के लिए पहली बार 91 देशों के 150 स्थानों पर विक. सित भारत दौड़-2025 का आयोजन किया जायेगा। युवा मामले और खेल मंत्रालय, विदेश मंत्रालय के सहयोग से, सेवा पखवाड़ा (17 सितम्बर से दो अक्टूबर) के हिस्से के रूप में 91 देशों में 150 से अधिक स्थानों पर विकसित भारत रन-2025 का आयोजन कर रहा है।

राष्ट्र निर्माण हेतु सामूहिक प्रयास को प्रेरित करने हेतु यह अनूठी वैश्विक पहल पहली बार शुरू की जा रही है। 'रन टू सर्व द नेशन' टैगलाइन के साथ, विकसित भारत रन, विश्वभर के प्रतिष्ठित और सुगम स्थानों पर तीन से पांच किलोमीटर की सामुदायिक दौड़ के रूप में आयोजित किया जा रहा है। अधिकांश दौड़ें 28 सितम्बर, 2025 को आयोजित होंगी। इस दौड़ में मैक्सिको सिटी के एंजेल ऑफ इंडिपेंडेंस, सूरीनाम के पारामारिबो में यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल, सैन फ्रांसिस्को में गोल्डन गेट ब्रिज और विश्वभर के कई अन्य प्रतिष्ठित स्थानों और प्रसिद्ध स्मारकों को शामिल किया जाएगा। इसका उद्देश्य विदेशों में रहने वाले भारतीयों, स्थानीय समुदायों, छात्रों, पेशेवरों और भारत के मित्रों को एक साथ लाना है, ताकि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के दृष्टिकोण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की पुष्टि हो सके। विकसित भारत रन-2025 भारत की सबसे बड़ी वैश्विक आउटरीच पहलों में से एक बनकर उभरेगी। यह न केवल एक फिटनेस और साम. ुदायिक गतिविधि है, बल्कि भारत के सेवा भाव, स्थिरता और समावेशिता के मूल्यों का एक वैश्विक उत्सव भी है। इसका उद्देश्य भारत और उसके प्रवासी समुदायों के बीच संबंधों को मजबूत करना है।

# भारतीय क्रिकेट के नए सिक्सर किंग 'अभिषेक'

● **जुलाई 2024 में हुए अभिषेक के टी-20 डेब्यू के बाद से सिर्फ ऑस्ट्रिया के करणबीर (99) और यूएई के वसीम (60) ने अभिषेक से ज्यादा छक्के लगाए है**



**नई दिल्ली, वार्ता।** सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा भारतीय क्रिकेट के नए 'सिक्सर किंग' बन गए हैं। अभिषेक ने अभी सिर्फ़ 21 टी-20 खेले हैं, लेकिन वह सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों की सूची में संयुक्त रूप से सातवें स्थान पर पहुंच गए हैं। अभिषेक शर्मा ने कुल 58 छक्के लगाए हैं। वह पहले ही भारत के लिए पुरुष टी-20 में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों की सूची में संयुक्त रूप से सातवें स्थान पर हैं। जुलाई 2024 में हुए अभिषेक के टी-20 डेब्यू के बाद से सिर्फ ऑस्ट्रिया के करणबीर सिंह (99) और यूएई के मुहम्मद वसीम (60) ने अभिषेक से ज्यादा छक्के लगाए हैं। पूर्णकालिक देशों के खिलाड़ियों में संजू सैमसन दूसरे स्थान पर हैं, जिनके नाम 37 छक्के हैं। अभिषेक ने इस फार्मेट में 6.83 गेंदों में एक छक्का लगाया है, जो पुरुष टी-20 में 50 या उससे ज्यादा छक्के लगाने वाले 153 बल्लेबाजों में दूसरा सबसे अच्छा औसत है। जिब्राल्टर के केरोन स्टैग्नो का सबसे अच्छा औसत है, जो हर 6.61 गेंद पर एक छक्का लगाते हैं। अभिषेक का गेंद-प्रति-छक्का औसत पूर्णकालिक देशों में सबसे अच्छा है, जहां आंद्रे रसेल (7. 21) दूसरे स्थान पर हैं। अभिषेक हर पारी में 2.76 छक्के लगाते हैं, जो 50 या उससे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों में दूसरा सबसे अच्छा है। करणबीर सिंह उनसे आगे हैं, जिन्होंने 36 पारियों में 113 छक्के लगाए और उनका औसत 3.14 है। अभिषेक के बाद एविन लुईस (2.13) पूर्णकालिक देशों से एकमात्र बल्लेबाज हैं, जिनके नाम प्रति पारी में दो या उससे ज्यादा छक्के हैं। एक टी-20 में अभिषेक ने पांच या उससे ज्यादा छक्के छह पारियों में लगाए हैं, जिसमें बुधवार को एशिया कप बांग्लादेश के खिलाफ मैच भी शामिल है। भारतीय खिलाड़ियों में सिर्फ़ रोहित शर्मा (13) और सूर्यकुमार यादव (9) ने अभिषेक से ज्यादा बार एक टी-20 में पांच या उससे ज्यादा छक्के लगाए हैं। अभिषेक ने पावरप्ले ओवरों में 32 छक्के लगाए हैं। पुरुष टी-20 की शुरुआती छह ओवरों में सिर्फ़ तीन भारतीय बल्लेबाज उनसे ज्यादा छक्के लगा पाए हैं। अभिषेक ने 23 छक्के बीच के ओवरों (7.16) में और तीन छक्के आखिरी ओवरों (17. 20) में लगाए हैं। अभिषेक ने तेज गेंदबाजों के खिलाफ 246 गेंदों पर 33 छक्के लगाए हैं।

# ईरानी कप में पाटीदार होंगे कप्तान

**मुंबई, वार्ता।** बल्लेबाज रजत पाटीदार ईरानी कप में शेष भारत की टीम की कप्तानी करेंगे, जबकि ऋतुराज गायकवाड़ उनके उपकप्तान होंगे। टीम में अभिमन्यु ईश्वरन और आकाश दीप शामिल हैं-दोनों ही भारत के हालिया इंग्लैंड टेस्ट दौरे का हिस्सा थे-और मैनचेस्टर टेस्ट में पदार्पण करने वाले अंशुल कंबोज भी शामिल हैं। उनके शामिल होने से स्पष्ट है कि वे 2 अक्टूबर से अहमदाबाद में शुरू होने वाली वेस्टइंडीज टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम का हिस्सा नहीं हैं। शेष भारत टीम (ईरानी कप): रजत पाटीदार (कप्तान), रुतुराज गायकवाड़ (उप-कप्तान), अभिमन्यु ईश्वरन, आर्यन जुयाल (विकेट कीपर), यश ढुल, शेख रशीद, ईशान किशन (विकेट कीपर), तनुश कोटियन, मानव सुथार, गुरनूर बरार, खलील अहमद, आकाश दीप, अंशुल कंबोज, सारांश जैन।

# लियोनल मेसी के 'डबल' से इंटर मियामी की प्लेऑफ में जगह पक्की

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** लियोनेल मेसी ने दो गोल दागे और एक और गोल की नींव रखी जिससे इंटर मियामी ने बुधवार को न्यूयॉर्क सिटी को 4-0 से हराकर एमएलएस प्लेऑफ में जगह पक्की कर ली। हाफटाइम से ठीक पहले, बाल्टासर ने मेसी की सटीक थ्रू बॉल पर दौड़कर गोल किया और शांति से शॉट को निचले-दाएं कोने में पहुंचा दिया। सर्जियो के डिफेंस को चकनाचूर कर देने वाले पास पर मेसी ने गोलकीपर मैट फ्रीज के ऊपर से एक चतुराईपूर्ण शॉट लगाकर बढ़त दोगुनी कर दी। इसके बाद, जस्टिन हाक द्वारा रोड्रिगो डी पॉल को गिराए जाने के बाद सुआरेज ने पेनल्टी को गोल में बदला।

# सोनिया की नसीहत

भारत की विदेश नीति को लेकर कांग्रेस सरकार को घेरती रही है। गुरुवार को एक बार फिर कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने अखबार में लिखे एक लेख के माध्यम से सरकार को विदेश नीति को लेकर फिर से घेरा है। विशेषकर फलस्तीन को लेकर। सोनिया गांधी का कहना है कि केंद्र सरकार की फलस्तीन नीति को मानवता और नैतिकता की उपेक्षा ही कहा जा सकता है। मोदी सरकार को जहां इस पूरे मामले में नेतृत्व करना चाहिए था, वहीं सरकार का रवैया पूरी तरह मौन धारण करने का है। अपने लेख में उन्होंने बेबाक तरीके से यह भी कह डाला कि व्यक्तिगत संबंधों का विदेश नीति में कोई स्थान नहीं होता, लेकिन यहां ऐसा ही दिखाई दे रहा है। सरकार का रुख देश के संविधानिक मूल्यों के बजाए मुख्य रूप से श्री मोदी और उनके बेंजामिन नेतन्याहू के बीच दोस्ती से प्रेरित लगता है। बात सही भी है। फलस्तीन को लेकर भारत की नीति हमेशा स्पष्ट रही है। सच तो यह है कि भारत ही वह पहला देश था जिसने फलस्तीन को लेकर अपनी आवाज बुलंद की थी। भारत दशकों पूर्व फलस्तीन को मान्यता दे चुका है। उसने 18 नवंबर 1988 को विधिवत रूप से आजाद देश की मान्यता दी थी। वह इस संदर्भ में यह सब कह रही हैं कि आज फ्रांस, ब्रिटेन, बेल्जियम, आस्ट्रेलिया जैसे देश फलस्तीन को मान्यता दे रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि आज जब 193 सदस्य देशो मे से 150 से अधिक देशों ने अब ऐसा कर दिया है तो इसमें भारत कहां है। जबकि भारत की भूमिका इसमें अग्रणी होनी चाहिए थी। सोनिया गांधी ने भारत सरकार पर यह कहकर भी आरोप लगाया कि व्यक्तिगत कूटनीति स्थायी नहीं हो सकती। इस संदर्भ में उन्होंने अमेरिका का हवाला भी दिया किस तरह भारत अमेरिका के मामले में सबसे अपमानजनक तरीके से विफल रहा है। सोनिया गांधी ही नहीं, अन्य बड़े नेता भी जो विदेश नीति के अच्छे जानकार हैं। वे इजरायल फलस्तीन को लेकर जो मौजूदा सरकार का रवैया है उससे जरा भी खुश दिखाई नहीं दे रहे हैं। समझना मुश्किल है कि आखिर भारत का झुकाव इजरायल के प्रति विशेष रूप से क्यों हो रहा है। जबकि सबसे ज्यादा हित हमारे मध्य पूर्व के देशों के साथ जुड़े हैं। यह ठीक है कि मोदी सरकार ने समय-समय पर मध्य पूर्व के देशों के साथ भी गर्मजोशी का इजहार किया है और उनसे सर्वोच्च सम्मान भी प्राप्त किया है, लेकिन धरातल पर वह रवैया दिखाई नहीं दे रहा है जिसकी आवश्यकता है। यह देखकर तो तब और भी आश्चर्य होता है जब अब तक इजरायल का समर्थन करते आ रहे देश भी अब इजरायल से दूर जाते दिखाई दे रहे हैं। कई यूरा. `पीय देशों ने तो अपनी सरकार के विरुद्ध ही फलस्तीन की आजादी को लेकर भारी प्रदर्शन किए हैं और वह जारी हैं। इटली में ही हमने हाल ही में देखा कि किस तरह जोरदार प्रदर्शन हुए। इस बात को कोई भी समझ सकता है जिस तरह इजरायल गाजा में नरसंहार कर रहा है और 65 हजार से अधिक लोगों की जान ले चुका है। जिनमें आधे से अधिक महिलाएं व बच्चे शामिल हैं। ऐसी सरकार का भला कौन बचाव कर सकता है। यही यूरोपीय देशों में देखने में आ रहा है। अब सवाल है कि क्या मोदी सरकार अपनी नीति में बदलाव करेगी।

## विदेश नीति व्यक्तिगत रिश्तों से तय नहीं होनी चाहिए



इजरायल-फलस्तीन संघर्ष पर भारत का रुख बहुत निराशाजनक रहा है, सरकार की गहरी चुप्पी मानवता और नैतिकता के साथ विश्वासघात है, यह सब भारत की पुरानी विदेश नीति से भी अलग है, इस मुद्दे पर भारत का रुख पीएम नरेंद्र मोदी और इजरायल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू की निजी दोस्ती से प्रभावित दिखाई देता है, विदेश नीति व्यक्तिगत रिश्तों से तय नहीं होनी चाहिए, फ्रांस, ब्रिटेन, कनाडा, पुर्तगाल और आस्ट्रेलिया समेत दुनिया के 193 में से 150 से ज्यादा देश फलस्तीन को एक स्वतंत्र राज्य के रूप में मान्यता दे रहे हैं, दुनिया जब फलस्तीन को समर्थन दे रही है, तब भारत ने हाल ही में इजरायल के साथ निवेश समझौता किया और उसके दक्षिणपंथी मंत्री की मेजबानी भी की, जिसकी आलोचना पूरी दुनिया में हो रही है।

**-श्रीमती सोनिया गांधी, अध्यक्ष, कांग्रेस संसदीय दल**

# फलस्तीन से उसका अलगाव साबित करती है भारत की चुप्पी



फ्रांस ने यूनाइटेड किंगडम, कनाडा, पुर्तगाल और ऑस्ट्रेलिया के साथ मिलकर फलस्तीन को राज्य का दर्जा देने को मान्यता दी है। यह लंबे समय से पीड़ित फलस्तीनी जनता की वैध आकांक्षाओं की पूर्ति की दिशा में पहला कदम है। संयुक्त राष्ट्र के 193 सदस्य देशों में से 150 से अधिक देशों ने यह कदम पहले ही उठा लिया है। भारत ने इस मामले में बहुत पहले ही नेतृत्व दिखाया था, जब उसने 18 नवंबर 1988 को फलस्तीन राज्य को आधिकारिक रूप से मान्यता दी थी। यह कदम फलस्तीन मुक्ति संगठन (पीएलओ) को वर्षों तक समर्थन देने के बाद उठाया गया था। भारत का यह निर्णय हमारे विश्व दृष्टिकोण के अनुरूप था।

### अतीत में बुलंद आवाज

स्वतंत्रता से पहले भी भारत ने नस्लीय भेदभाव वाले दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आवाज उठाई थी और उसके साथ व्यापारिक संबंध तोड़ दिए थे। अल्जीरिया की स्वतंत्रता की लड़ाई (1954-62) के दौरान भारत स्वतंत्र अल्जीरिया का मजबूत समर्थक था। 1971 में भारत ने आधुनिक बांग्लादेश बनाने के लिए हस्तक्षेप करते हुए नरसंहार को रोका था। वियतनाम युद्ध के दौरान भारत ने नैतिक स्पष्टता की आवाज उठाई और वियतनामी जनता के खिलाफ अमानवीय हिंसा का विरोध किया। आज भी भारत संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिक बलों में बड़े योगदानकर्ताओं में से एक है। भारत की विदेश नीति में शांति और सुरक्षा का संवर्धन संविधान में निहित निदेशक सिद्धांतों में से एक है। इजरायल-फलस्तीन के संवेदनशील मुद्दे पर भारत ने हमेशा संतुलित परंतु सैद्धांतिक रुख अपनाया है। मानवाधिकारों की रक्षा और शांति की स्थापना के लिए भारत प्रतिबद्ध रहा है। भारत पीएलओ को मान्यता देने वाला शुरुआती देशों में से था और 1974 में फलस्तीन के अधिकारों का समर्थन किया। भारत ने दो-राष्ट्र समाधान का समर्थन किया जिसमें इजरायल और फलस्तीन दोनों का शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व सुनिश्चित हो। भारत ने अनेक संयुक्त राष्ट्र प्रस्तावों में इजरायल के कब्जे और बस्तियों के विस्तार की निंदा की। साथ ही फलस्तीन को मानवीय और विकास संबंधी सहायता भी दी, जैसे शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में छात्रवृत्तियां, गाजा और वेस्ट बैंक में क्षमता-विकास।

### भारत की मौजूदा स्थिति

पिछले दो वर्षों में, विशेषकर अक्टूबर 2023 में इजरायल और फलस्तीन के बीच संघर्ष शुरू होने के बाद, भारत ने अपनी भूमिका पीछे खींच ली है। हमास के हमलों और उसके बाद इजरायल की भारी सैन्य प्रतिक्रिया में हजारों फलस्तीनी नागरिक मारे गए और यह स्थिति नरसंहार जैसी बन गई। 55,000 से अधिक फलस्तीनी नागरिक मारे गए, जिनमें 17,000 बच्चे शामिल हैं।

गाजा की शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था नष्ट हो चुकी है। कृषि और उद्योग ध्वस्त हो चुके हैं। लोगों को भोजन, दवा और अन्य जरूरी चीजों से वंचित कर दिया गया है। यह सब उन्हें एक प्रकार की ष्भूख से मारनेष की नीति के तहत किया जा रहा है। इन क्रूर परिस्थितियों में लाखों लोग विस्थापित और निराशा में डूबे हैं। फिर भी, भारत की प्रतिक्रिया असमंजस और निष्क्रियता की रही है। हाल ही में नई दिल्ली में इजरायली वित्त मंत्री की मेजबानी की गई, जबकि उन्होंने फलस्तीनी नागरिकों के खिलाफ हिंसा का समर्थन किया था। यह भारत की ऐतिहासिक भूमिका और नैतिक स्थिति से भटकाव है।

### आगे की राह

भारत को फलस्तीन मुद्दे को केवल विदेश नीति का हिस्सा नहीं, बल्कि नैतिक और सभ्यतागत परीक्षा के रूप में देखना चाहिए। फलस्तीनी जनता लंबे समय से विस्थापन, कब्जा, भूमि की लूट और लगातार मानवाधिकार उल्लंघन झेल रही है। वे आत्मनिर्णय और न्याय के अधिकार के लिए संघर्ष कर रहे हैं। भारत के ऐतिहासिक अनुभव, नैतिक अधिकार और मानवीय मूल्यों को देखते





हुए भारत को बिना झिझक फलस्तीन के पक्ष में आवाज उठानी चाहिए। यह केवल इजरायल और फलस्तीन का संघर्ष नहीं है, बल्कि न्याय और मानवाधिकारों की सार्वभौमिक लड़ाई है। भारत की नेतृत्व क्षमता को उसी मूल्यों से प्रेरित होना चाहिए, जिनसे हमारी आजादी की लड़ाई और राष्ट्र का निर्माण हुआ था।

**( लेखक इंडियन नेशनल कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष हैं, व्यक्त विचार उनके निजी हैं )**

# बेंगलुरु में फैमिली संग मनाएं वीकेंड

**इस बार के वीकेंड पर अगर आप भी अपने दोस्तों, फैमिली या वाइफ के साथ इन जगहों पर घूमने के लिए जब सकते हैं। ऐसे में आज हम आपको बेंगलुरु की कुछ संडे स्पेशल जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं। जहां पर आप अपनी फैमिली के साथ एक्स्ट्रा टाइम बिता सकते हैं।**

बेंगलुरु में वीकेंड पर कुछ जगहें ऐसी हैं, जहां पर भीड़ बहुत ज्यादा रहती है। इन जगहों पर रविवार को अच्छी खासी चहल-पहल होती है। ऐसे में लोग अपने परिवार के साथ इन जगहों पर घूमने के लिए निकल जाते हैं। बारिश के मौसम में इन जगहों का नजारा बेहद खूबसूरत हो जाता है। ऐसे में इस बार के वीकेंड पर अगर आप भी अपने दोस्तों, फैमिली या वाइफ के साथ इन जगहों पर घूमने के लिए जा सकते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बेंगलुरु की कुछ संडे स्पेशल जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आप अपनी फैमिली के साथ क्वालिटी टाइम बिता सकते हैं।



**उल्सूर झील**

उल्सूर झील एमजी रोड के पास है। यह झील मात्र 2 किमी की दूरी पर है और यहां तक पहुंचने के लिए आपको करीब 10 मिनट का समय लगेगा। यह झील सुबह 6 बजे से रात 8 बजे तक खुला रहता है।

उल्सूर झील पुरानी और खूबसूरत झीलों में से एक है। यह झील 50 हेक्टेयर के क्षेत्र में फैली है। बारिश के मौसम में यहां पर लोगों को आना अधिक पसंद होता है, क्योंकि इस दौरान यहां पर हरा-भरा वातावरण और बोटिंग लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता है। यह जगह बैंगलुरु के पास बेस्ट कपल स्पॉट माना जाता है।

**वीआर बेंगलुरु मॉल**

आप संडे का समय बिताने के लिए बेंगलुरु के वी आर बेंगलुरु मॉल भी जा सकते हैं। इस मॉल को शहर का सबसे बेस्ट और मॉर्डन मॉल्स में से एक माना जाता है। यहां पर पूरे सप्ताह लोगों की भीड़ होती है। रविवार को यहां पर सबसे ज्यादा चहल-पहल होती है।

प्रीमियम सुविधाओं और बेहतरीन ब्रांड्स के अलावा आपको मॉल के बाहर तरह-तरह के स्टॉल्स देखने को मिल जाएंगे। यहां पर आप सस्ते में खाने-पीने का सामान ले सकती हैं। फ्रेंड्स, फैमिली और कपल्स के लिए यह जगह फेवरेट हैंगआउट स्पॉट है। इस मॉल में बैठने की अच्छी जगह है और आप यहां पर समय बिता सकती हैं। वी आर बेंगलुरु मॉल सुबह 9 बजे से रात के 11 बजे तक खुला रहता है। यह मॉल व्हाइटफील्ड मेन रोड, देवसंद्रा इंडस्ट्रियल एस्टेट, महादेवपुर, बेंगलुरु में है।

**लालबाग बॉटनिकल गार्डन**

बता दें कि यह जगह परिवार के साथ घूमने के लिहाज से काफी अच्छी मानी जाती है। यही वजह है कि रविवार को यहां पर सबसे ज्यादा भीड़ देखने को मिलती है। वहीं लालबाग बॉटनिकल गार्डन में साल में 2 बार फूलों की भव्य प्रदर्शनी भी लगती है। वहीं 26 जनवरी और 15 अगस्त को यहां पर सबसे ज्यादा लोग आते हैं। यह गार्डन मावली बेंगलुरु में है। यह गार्डन सुबह 7 बजे से रात के 10 बजे तक खुला रहता है और यह बेंगलुरु की रोमांटिक जगहों में से एक है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# जितना स्वस्थ होगा पर्यावरण, उतना बेहतर होगा स्वास्थ्य

**वर्ल्ड एनवायरमेंट हेल्थ डे पर विशेष**




हमारा पर्यावरण जितना स्वस्थ होगा, हमारा स्वास्थ्य भी उतना ही अच्छा होगा। इसका सीधा सा अर्थ है कि हम अपने स्वास्थ्य के लिए काफी हद तक पर्यावरण के प्रति उत्तरदाई हैं और इसलिए पर्यावरणीय स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करना हमारी प्रमुख जिम्मेदारी है। दरअसल पर्यावरणीय स्वास्थ्य का मानव स्वास्थ्य से बहुत गहरा संबंध है। उत्तम स्वास्थ्य के साथ प्रकृति और पर्यावरण हमें भोजन, कपड़े इत्यादि जीवित रहने के लिए भी हर चीज प्रदान करते हैं, इसलिए न केवल स्वस्थ रहने के लिए बल्कि धरती पर जीवन का अस्तित्व बचाए रखने के लिए प्रकृति और पर्यावरण का ध्यान रखा जाना बेहद जरूरी है लेकिन गहन चिंता का विषय यही है कि अब प्रकृति के साथ मानव जाति द्वारा किए जा रहे खिलवाड़ के कारण ही वैश्विक पर्यावरण को गंभीर नुकसान हो रहा है, जिसका खामियाजा अब दुनिया के लगभग तमाम देश भुगत भी रहे हैं। विकास के नाम पर प्रकृति के साथ किए जा रहे भयानक खिलवाड़ के ही कारण धरती लगातार गर्म हो रही है।

चक्रवाती तूफानों का बढ़ता सिलसिला, बाढ़, सूखा, जंगलों में लगने वाली भीषण आग तथा अन्य प्राकृतिक आपदाओं में तेजी, ए सब पर्यावरण का स्वास्थ्य बिगड़ने के कारण जलवायु में हो रहे बदलावों का ही परिणाम हैं। वैश्विक तापमान में निरंतर हो रही बढ़ोतरी तथा मौसम का बिगड़ता मिजाज समस्त मानव जाति के लिए गंभीर चिंता बनता जा रहा है। भारत के ही संदर्भ में देखें तो अब सर्दियां कम हो रही हैं और गर्म दिन बढ़ रहे हैं, बारिश के मौसम में भी कहीं सूखे जैसी स्थिति बनी रहती है तो कहीं चारों तरफ तबाही ही तबाही नजर आती है। इस वर्ष भी हिमाचल, उत्तराखण्ड, जम्मू कश्मीर, पंजाब, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश से लेकर देश के अनेक हिस्सों में जल तबाही का भयानक नजारा देखा जाता रहा है।

पर्यावरण को हो रहे गंभीर नुकसान की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित करने, पर्यावरण की स्थिति के बारे में सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाने तथा लोगों को इसे और बदतर होने से रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 26 सितम्बर को एक विशेष थीम के साथ 'विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस' मनाया जाता है। 2025 के विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस का विषय है 'स्वच्छ वायु, स्वस्थ लोग', जो स्वच्छ वायु और अच्छे स्वास्थ्य के बीच सीधे संबंध पर जोर देता है। प्रदूषकों से मुक्त वायु श्वसन संबंधी बीमारियों को सीमित करने और लोगों के स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। 2024 में यह दिवस 'पर्यावरणीय स्वास्थ्य आपदा जोखिम न्यूनीकरण और जलवायु परिवर्तन शमन तथा अनुकूलन के माध्यम से लचीले समुदायों का निर्माण' थीम के साथ मनाया गया था जबकि 2023 की थीम थी 'वैश्विक पर्यावरणीय सार्वजनिक स्वास्थ्यरू हर दिन हर किसी के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए खड़ा होना' थीम के साथ मनाया गया था और 2022 की थीम थी 'सतत विकास लक्ष्यों के कार्यान्वयन के लिए



पर्यावरणीय स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत करना', जिसका अर्थ था पर्यावरणीय स्वास्थ्य तंत्र को इस प्रकार मजबूत बनाया जाए ताकि लंबे समय तक पर्यावरण और मानव की लंबी उम्र तथा अच्छी सेहत के लक्ष्य को पूरा किया जा सके। इस दिन पर्यावरण के कारण मनुष्यों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता फैलाई जाती है। प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग से उत्पन्न खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ाना अब पहले के मुकाबले ज्यादा महत्वपूर्ण हो गया है। दरअसल पर्यावरणीय परिस्थितियों को बिगड़ने से रोकने के लिए कुछ भी नहीं करके हम न केवल पर्यावरण को बल्कि स्वयं को भी खतरे में डाल रहे हैं क्योंकि हमारा स्वास्थ्य हमारे पर्यावरण से जुड़ा है और पर्यावरण को हो रहे निरंतर नुकसान से मानव जीवन को भी नुकसान झेलना पड़ता है। बढ़ते प्रदूषण और प्रकृति से खिलवाड़ के कारण ग्रीनहाउस प्रभाव, जलवायु परिवर्तन, शहरीकरण इत्यादि के कारण हमारे भोजन, पानी और वायु की गुणवत्ता पर सीधा प्रभाव पड़ता है, जिसके कारण लोगों को सांस लेने में तकलीफ, त्वचा संबंधी रोग सहित कई तरह की गंभीर बीमारियां भी हो रही हैं। पर्यावरण का स्वास्थ्य खराब होने से हमारा स्वास्थ्य भी खराब हो रहा है, जिसका सीधा असर हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता पर पड़ता है। ऐसी ही समस्याओं के मद्देनजर लोगों में पर्यावरणीय स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता बढ़ाने के लिए 'इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ एनवायरनमेंटल हैल्थ' आईएफईएच द्वारा 26 सितम्बर 2011 को विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस की शुरुआत की गई थी। इसकी शुरुआत 2011 में डेनपास, बाली इंडोनेशिया में हुए पर्यावरण स्वास्थ्य शिखर सम्मलेन और आईएफईएच की बैठक के दौरान हुई थी और इस दिन को दुनियाभर में चिन्हित करने का मुख्य उद्देश्य लोगों की भलाई और स्वास्थ्य की तरफ उनका ध्यान आकर्षित करना था। आईएफईएच वैज्ञानिक और तकनीकी अनुसंधान के आदान-प्रदान पर केन्द्रित है और इसका बड़ा हिस्सा वैज्ञानिक एवं तकनीकी के लिए कार्य करता है। पूर्ण रूप से पर्यावरण और स्वास्थ्य कार्यों को लेकर समर्पित आईएफईएच पर्यावरण स्वास्थ्य विज्ञान और प्रशासन से संबंधित विषयों पर चर्चा करता है और पर्यावरणीय स्वास्थ्य पर सूचना का आदान-प्रदान करता है। पर्यावरण सुरक्षा कार्यबल के समर्थन के साथ आईएफईएच स्वास्थ्य और हरित पुनर्प्राप्ति में सहयोग करता है। यह उन राष्ट्रीय संस्थानों के लिए एक महासंघ है, जो पर्यावरण स्वास्थ्य से संबंधित मुद्दों पर कार्य करते हैं। 2018 में इस फेडरेशन ने 40 देशों को पूर्ण सदस्यों के तौर पर जगह दी थी। आईएफईएच के अध्यक्ष सुजान पैक्सो के अनुसार दुनिया को यह समझने की आवश्यकता है कि पर्यावरण, स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था के बीच एक गहन संबंध है। बहरहाल, यह समझना बहुत जरूरी है कि आखिर पर्यावरण स्वास्थ्य है क्या? किसी क्षेत्र विशेष के रासायनिक, भौतिक और सांस्कृतिक वातावरण को उसके पर्यावरणीय स्वास्थ्य के रूप में जाना जाता है और किसी क्षेत्र का पर्यावरणीय स्वास्थ्य वहां की वायु की खराब गुणवत्ता, पर्यावरण में विविधता का नुकसान, रासायनिक असमानताएं तथा ऐसे सभी कारक, जो किसी क्षेत्र के पर्यावरणीय स्वास्थ्य को बिगाड़ते हैं, से प्रभावित होता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# एक ही दिन में तीन घटनाओं से भड़के ट्रम्प

## संयुक्त राष्ट्र से जांच की मांग की, अमेरिकी सीक्रेट सर्विस भी शामिल होगी



■ ट्रम्प ने ट्रूथ सोशल पर तुरंत इन घटनाओं की आलोचना की

■ ट्रम्प ने एस्केलेटर घटना के लिए जिम्मेदार लोगों की गिरफ्तारी की भी मांग की

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में हुई तीन घटनाओं को ट्रिपल तोड़फोड़ की संज्ञा देते हुए उनके जांच की मांग की है जिसमें एस्केलेटर का खराब हो जाना भी शामिल है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पर अपने एक पोस्ट में उस एस्केलेटर के अचानक बंद हो जाने का जिक्र किया, जिस पर वह और प्रथम महिला मेलानिया ट्रम्प जा रहे थे। दूसरी समस्या तब उत्पन्न हुई जब उनके भाषण के दौरान एक टेलीप्रॉम्प्टर में खराबी हो जाने से सभागार में एक ऑडियो समस्या आ गई। संयुक्त राष्ट्र के एक अधिकारी के अनुसार साउंड सिस्टम को इस तरह डिजाइन किया गया है कि लोग ईयरपीस के जरिए अनुवादित भाषण सुन सकें।

संयुक्त राष्ट्र ने पहले कहा था कि सुरक्षा तंत्र शायद ट्रम्प के वीडियोग्राफर की वजह से सक्रिय हुआ होगा, जो एस्केलेटर पर पीछे की ओर चल रहा था, जबकि टेलीप्रॉम्प्टर अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का था। ट्रम्प ने ट्रूथ सोशल पर तुरंत इन घटनाओं की आलोचना की और कहा कि वह संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस को एक पत्र भेजकर तत्काल जांच की मांग कर रहे हैं। ट्रम्प ने लिखा कि कल संयुक्त राष्ट्र में एक बहुत ही शर्मनाक घटना घटी-एक नहीं, दो नहीं बल्कि तीन-तीन बेहद भयावह घटनाएं! यह महज संयोग नहीं था। यह संयुक्त राष्ट्र में तिहरी तोड़फोड़ थी। उन्हें खुद पर शर्म आनी चाहिए। ऐसा लिखते हुए ट्रम्प ने संयुक्त राष्ट्र को आलोचनाओं से थोप दिया। उन्होंने एस्केलेटर घटना के लिए जिम्मेदार लोगों की गिरफ्तारी की भी मांग कीं। उन्होंने 'टाइम्स' के एक लेख का हवाला दिया, जिसमें कहा गया था कि संयुक्त राष्ट्र के कर्मचारियों ने एस्केलेटर बंद करके उनका मजाक बनाया था। ट्रम्प ने कहा कि यह पूरी तरह से तोड़फोड़ थी। एस्केलेटर पर लगे सभी सुरक्षा टेप, खासकर आपातकालीन स्टॉप बटन सुरक्षित रखे जाने चाहिए, जिसमें गोपनीय सेवाएं भी शामिल हैं।

संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत माइक वाल्टज ने भी राष्ट्रपति की मांग से पूरी सहमति जताते हुए उनके आह्वान को दो. हराते हुए कहा कि ये घटनाएं 'अस्वीकार्य' हैं। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि संयुक्त राज्य अमेरिका अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर अपनी सुरक्षा या सम्मान के लिए किसी भी खतरे को बर्दाश्त नहीं करेगा। हम त्वरित सहयोग और निर्णायक कार्रवाई की अपेक्षा करते हैं। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने बुधवार को चिंता जताई कि किसी ने जानबूझकर एस्केलेटर रोक दिया होगा। घटना के बाद उन्होंने एक्स पर लिखा कि अगर संयुक्त राष्ट्र में किसी ने जानबूझकर राष्ट्रपति और प्रथम महिला के एस्केलेटर पर कदम रखते ही उसे रोक दिया है, तो उन्हें तुरंत बर्खास्त कर दिया जाना चाहिए और उनकी जांच की जानी चाहिए। गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा कि ट्रम्प के वीडियोग्राफर ने अमेरिकी राष्ट्रपति और उनकी पत्नी का वीडियो बनाते समय गलती से सुरक्षा फंक्शन चालू कर दिया होगा।

### ट्रम्प प्रशासन बड़े पैमाने पर छंटनी की तैयारी में

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में ट्रंप प्रशासन के बजट कार्यालय ने संघीय एजेंसियों को बड़े पैमाने संभावित छंटनी की योजनाएं तैयार करने को कहा है। सीएनएन ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। इसमें कहा गया है कि यह कदम पिछली सरक. ारों के लागू किए गए शटडाउन प्रबंधन तरीकों से बिल्कुल अलग है और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और डेमोक्रेट्स के बीच चल रहे धन आवंटन विवाद के बीच एक बड़ा दबाव बनाने की रणनीति के रूप में देखा जा रहा है। बजट कार्यालय के मेमो में लिखा गया है कि हम आशा करते हैं कि कांग्रेस के डेमोक्रेट्स शटडाउन को मजबूर नहीं करेंगे और ऊपर बताए गए कदम आवश्यक नहीं होंगे। संसदीय डेमोक्रेट्स सरकारी फंडिंग को नवम्बर तक जारी रखने के बदले कई रियायतें चाहते हैं। इनमें सबसे अहम मांग है कि अफोर्डेबल केयर एक्ट (ओबामाकेयर) की सब्सिडी को बढ़ाया जाए, जो इस साल के अंत में खत्म होने वाली है।



अहमदाबाद। 'स्वच्छ भारत अभियान' के तहत स्वच्छता अभियान में भाग लेते गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल।

# इजरायली हमलों में 80 से ज्यादा फलस्तीनी मारे गए

**गाजा।** गाजा पट्टी में हुए इजरायली गोलीबारी में 80 से अधिक फलस्तीनी मारे गए जिनमें से अधिकांश गाजा शहर में मारे गए। यह जानकारी बीबीसी ने स्थानीय अस्पतालों के हवाले से दी।

स्थानीय लोगों के अनुसार, गाजा शहर के मध्य दाराज में फिरास बाजार के निकट विस्थापित परिवारों को आश्रय देने वाली एक इमारत और तंबुओं पर बुधवार रात में हुए हमले में महिलाओं और बच्चों सहित कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई। इजरायली सेना ने कहा कि उसने दो हमास लड़ाकों पर हमला किया और हताहतों की संख्या उसकी अपनी जानकारी से मेल नहीं खाती। इस बीच, इजरायली टैंक और सैनिक शहर के मध्य भाग में आगे बढ़ते रहे जिसे इजरायल हमास का अंतिम गढ़ मानता है। सेना ने कहा कि जमीनी हमले का उद्देश्य हमास द्वारा अभी भी बंधक बनाए गए लोगों की रिहाई सुनिश्चित करना तथा फलस्तीनी सशस्त्र समूह की 'निर्णायक हार' सुनिश्चित करना है। एक अलग घटनाक्रम में, अमे. रिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान अरब और मुस्लिम नेताओं के एक समूह के समक्ष मध्य पूर्व और गाजा में शांति के लिए 21 सूत्री योजना प्रस्तुत की।

## संक्षिप्त समाचार

### यूक्रेन-सीरिया ने टूटे राजनयिक संबंधों को किया बहाल

**न्यूयॉर्क।** यूक्रेन के वोलोडिमिर जेलेंस्की और सीरिया के राष्ट्रपति अहमद अल-शरा ने यूक्रेन और सीरिया के बीच राजनयिक संबंधों के पुनर्निर्माण के दौरान सहयोग और आपसी सम्मान पर चर्चा की। यह जानकारी अल जजीरा ने गुरुवार को दी। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने सीरिया के अंतरिम राष्ट्रपति अहमद अल-शरा के साथ बैठक के बाद कहा कि यूक्रेन और सीरिया ने औपचारिक रूप से राजनयिक संबंध बहाल कर लिए हैं। सीरियाई विदेश मंत्रालय ने एक संक्षिप्त बयान में कहा कि सीरिया के विदेश मंत्री असद अल-शैबानी भी एक प्रतिनिधिमंडल के साथ बुधवार को न्यूयॉर्क में बैठक में शामिल हुए।

### आव्रजन छापों के लिए मैक्सिको ने अमेरिका की आलोचना की

**मैक्सिको सिटी।** मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने बुधवार को संयुक्त राज्य अमेरिका में इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एनफोर्समेंट (आईसीई) द्वारा की गई आव्रजन छापेमारी की निंदा करते कहा कि वाशिंगटन को एक राजनयिक नोट भेजा गया है जिसमें हाल ही में दो मैक्सिकन नागरिकों की मौत की जांच की मांग की गई है। राष्ट्रपति ने अपनी दैनिक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि कल इस मामले पर एक राजनयिक नोट भेजा गया था, जिसमें सभी जांच करने का अनुरोध किया गया है, और यदि कोई मानवा. धिकार उल्लंघन के लिए जिम्मेदार है, तो उसे दंडित किया जाए।

### ईरान-रूस छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर का निर्माण करेंगे

**तेहरान।** ईरान और रूस ने एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया है जिसके तहत रूस यहां छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरका निर्माण करेगा। ईरान के परमाणु ऊर्जा संगठन की वेबसाइट पर जारी एक बयान के अनुसार संगठन प्रमुख मोहम्मद एस्लामी और रूस के परमाणु ऊर्जा निगम रोसाटॉम के प्रमुख एलेक्सी लिखाचेव के बीच मॉस्को में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये हैं। बयान में कहा गया कि एमओयू का उद्देश्य दोनों देशों के राष्ट्रीय विनियम और अंतर्राष्ट्रीय दायित्व के अनुपालन में सतत विकास में बढ़ावा देने, ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने और प्रौद्योगिकी को उन्नत बनाने में परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण इस्तेमाल पर सहयोग को बढ़ावा देना है।

# भारतीय मूल के शख्स ने की यौन अपराधी की हत्या

■ बोला: कोई पछतावा नहीं, वो इसी के लायक था

**कैलिफोर्निया।** अमेरिका के कैलिफोर्निया में 29 वर्षीय भारतीय मूल के वरुण सुरेश ने एक यौन अपराधी की चाकू मारकर हत्या कर दी। फ्रेमान्ट पुलिस ने इसे जानबूझकर किया जुर्म बताया। पुलिस के मुताबिक 18 सितम्बर को दो लोगों के बीच झगड़े की सूचना मिली, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची।

वहां 71 साल का डेविड ब्रिमर जमीन पर गिरा हुआ था, जिसके शरीर पर चाकू के कई घाव थे। पुलिस और मेडिकल टीम ने उनकी जान बचाने की कोशिश की, लेकिन ब्रिमर की मौके पर ही मौत हो गई। घटनास्थल से एक चाकू बरामद हुआ और संदिग्ध सुरेश को तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस जांच में पता चला कि सुरेश ने कैलिफोर्निया की मेगन ला वेबसाइट पर यौन अपराधियों की लिस्ट देखकर ब्रिमर को निशाना बनाया। ब्रिमर को 1995 में एक नाबालिग के साथ यौन अपराध करने के लिए दोषी ठहराया गया था। इसके लिए उसने नौ साल जेल की सजा काटी थी। सुरेश ने पुलिस को बताया कि वह लंबे समय से ब्रिमर को सजा देने की योजना बना रहा था, क्योंकि उसका मानना था कि ऐसे लोग बच्चों को नुकसान पहुंचाते हैं। उन्हें जीने का हक नहीं है, वो इसे के लायक था।

पुलिस के अनुसार, हत्या से ठीक एक घंटे पहले सुरेश ने मेगन ला वेबसाइट पर ब्रिमर की जानकारी देखी और उनके प्रोफाइल का स्क्रीनशाट लिया। उसने खुद को एक चार्टर्ड अकाउंटेंट बताकर एक बैग और नोटबुक के साथ ब्रिमर के घर पहुंचा ताकि उसका भरोसा जीत सके। ब्रिमर की पहचान करने के बाद सुरेश ने उन पर चाकू से हमला कर दिया। गिरफ्तारी के बाद सुरेश ने पुलिस को बताया कि उसे कोई पछतावा महसूस नहीं हो रहा है।

# रूस-अमेरिका यूक्रेन संकट के शांतिपूर्ण समाधान पर एकराय

**मॉस्को।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव और अमे. रिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने यूक्रेन संकट पर शांतिपूर्ण समाधान ढूंढने के लिए साझा रूचि दिखाई है। रूसी विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। मंत्रालय सूत्रों ने बताया कि दोनों प्रमुख मंत्रियों की संयुक्त राष्ट्र महासभा की 80वें उच्च स्तरीय सप्ताह के दौरान न्यूयॉर्क में मुलाकात हुई है जिसमें इस बात पर सहमति बनी है। लावरोव ने अलास्का में हुई बैठक में दोनों देशों के नेताओं द्वारा तय रास्ते पर चलने की रूस की तत्परता को दोहराया, जिसमें संघर्ष के मूल कारणों को दूर करने के लिए वाशिंगटन के साथ समन्वय करना भी शामिल है। उन्होंने कीव और कुछ यूरोपीय राजधानियों के उन प्रस्तावों का विरोध किया, जिन्हें उन्होंने युद्ध को और लंबा खींचने वाला बताया है।

# भारत किसी से भी तेल खरीदे, रूस से नहीं: अमेरिका

## हम भारत को सजा नहीं देना चाहते, यूक्रेन जंग खत्म करना मकसद

■ अमेरिका चाहता है कि भारत उसके साथ मिलकर काम करे, भारत के साथ बहुत उज्ज्वल भविष्य है: राइट



**वाशिंगटन।** अमेरिका के ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट ने भारत से अपील की है कि वह रूस से कच्चे तेल का आयात करने पर दोबारा सोचे। न्यूयॉर्क में प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान राइट ने कहा आप दुनिया के किसी भी देश से तेल खरीद सकते हैं, बस रूस से नहीं। अमेरिका भी तेल बेचता है और बाकी देश भी। हम भारत को सजा नहीं देना चाहते, बल्कि युद्ध खत्म करना चाहते हैं और भारत के साथ अपने रिश्ते मजबूत करना चाहते हैं।

राइट ने कहा कि अमेरिका चाहता है कि भारत उसके साथ मिलकर काम करे। राइट ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भी चाहते हैं कि यह युद्ध जल्द खत्म हो। उन्होंने कहा कि ऊर्जा और व्यापार सहयोग में भारत के साथ बहुत उज्ज्वल भविष्य है, लेकिन हमें मिलकर ऐसा तरीका निक. ालना होगा जिससे रूस पर दबाव डाला जा सके और यह युद्ध बंद हो। राइट ने बताया कि उन्होंने हाल ही में विदेश मंत्री जयशंकर से मुलाकात की और भविष्य में सहयोग पर बातचीत शुरू की है। रूस ने अगस्त में कहा था कि उसके कच्चे तेल का कोई विकल्प नहीं है, क्योंकि यह सबसे सस्ता है। सीनियर रूसी डिप्लोमेट रोमन बाबुश्किन ने उस समय बताया कि भारत को रूसी



तेल पर लगभग 5 प्रतिशत की छूट मिल रही थी, जिससे उसे बड़ा मुनाफा हो रहा था। बाबुश्किन ने यह भी कहा था कि भारत समझता है कि तेल आपूर्ति बदलने का कोई विकल्प नहीं है और अमेरिका द्वारा लगाए गए दबाव को भी गलत बताया। यह बयान ऐसे समय में आया था जब भारत और अमेरिका के रिश्तों में तनाव बढ़ रहा था। अमेरिका ने रूस से तेल खरीदने के चलते भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया था। ट्रम्प प्रशासन अगस्त 2025 में भारत पर रूस से तेल खरीदने की वजह से भारत पर 25 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ लगा चुका है। इससे पहले उसने 25 प्रतिशत रेसीप्रोकल यानी जैसे को तैसा टैरिफ लगाया था। इससे भारत पर कुल टैरिफ 50 प्रतिशत हो गया है। वित्त वर्ष 2020 में भारत अपनी जरूरत का केवल 1.7 प्रतिशत तेल रूस से आयात करता था। ये हिस्सेदारी वित्त वर्ष 2025 में बढ़कर 35.1 प्रतिशत हो गई है। रूस से सस्ता तेल खरीदने का फायदा आयल कंपनियों के मुनाफे पर भी दिखा है। कंपनियों की फाइलिंग के मुताबिक 2022-23 में इंडियन आयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम का कुल मुनाफा 3,400 करोड़ था। 2023-24 में इन तीनों सरकारी कंपनियों का मुनाफा 25 गुना बढ़ गया।

# पाक ने भारत से संघर्ष को स्कूल सिलेबस में जोड़ा

## सिलेबस में भारत के 26 ठिकाने तबाह करने का दावा



■ लिखा: भारत ने आरोप लगाकर हमला किया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने अपनी स्कूल बुक्स में मई में भारत के साथ हुए चार दिन के संघर्ष पर नया सिलेबस शामिल किया है, जिसमें तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इन किताबों में दावा किया गया है कि भारत ने बिना किसी कारण के 7 मई 2025 को पाकिस्तान पर हमला किया और कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का झूठा आरोप लगाया।

पाकिस्तानी किताबों में दावा किया गया है कि भारत ने युद्ध शुरू किया, पाकिस्तानी सेना ने जवाबी कार्रवाई में भारत के 4 राफेल फाइटर जेट्स और कई हवाई ठिकानों को तबाह कर दिया। अभी यह साफ नहीं है कि ये किताबें किस क्लास की हैं। पाकिस्तानी किताब में दावे है कि भारत ने जंग शुरू की-भारत ने गलत तरीके से पाकिस्तान को कश्मीर के पहलगाम हमले का जिम्मेदार ठहराया, जिसमें कई लोग मारे गए। पाकिस्तान ने इन आरोपों को खारिज किया। फिर भी, भारत ने 7 मई को हमला किया। हकीकत यह है कि 22 अप्रैल 2025 को कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान समर्थित आतंकियों ने 26 नागरिकों की हत्या की। इसके जवाब में भारत ने 7 मई को आपरेशन सिंदूर शुरू किया और लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद और हिजबुल मुजाहिदीन के नौ आतंकी ठिकानों पर सटीक हमले किए।

भारत ने स्पष्ट किया कि उसने सैन्य या नागरिक ठिकानों को निशाना नहीं बनाया। पाकिस्तानी सेना ने बहादुरी और पेशेवर अंदाज में जवाब दिया। पाकिस्तान ने 4 राफेल जेट गिरा दिए और भारतीय कश्मीर में कई सैन्य ठिकानों को तबाह किया।

# अनियंत्रित उच्च रक्तचाप की चपेट में 1.4 अरब लोग: डब्ल्यूएचओ

**जिनेवा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, 2024 में 1.4 अरब लोग उच्च रक्तचाप से पीड़ित थे और पांच में से केवल एक व्यक्ति ही इसे दवा के माध्यम से या अन्य तरीकों से नियंत्रित कर रहा है। डब्ल्यूएचओ ने गुरूवार को जारी दूसरी उच्च रक्त चाप संबंधी नई रिपोर्ट को 80वीं संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान ब्लूमबर्ग फिलैंथ्रोपीज और रिज़ॉल्व टू सेव लाइव्स द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित एक कार्यक्रम में जारी किया गया। इसमें कहा गया कि कि केवल 28 प्रतिशत निम्न आय वाले देशों में डब्ल्यूएचओ द्वारा अनुशंसित सभी उच्च रक्तचाप की दवाइयां आमतौर पर फार्मेसियों या प्राथमिक देखभाल सुविधाओं में उपलब्ध हैं।

# पाक की संयुक्त राष्ट्र में फिर किरकिरी

## एआई पर चर्चा के दौरान सात बार अटके पाक के रक्षा मंत्री


■ सोशल मीडिया पर उड़ी खिल्ली

**संयुक्त राष्ट्र।** वैश्विक मंच पर पाकिस्तान की किरकिरी कोई नई बात नहीं है। ऐसे में एक बार फिर पाकिस्तान को इसी तरह की बेज्जती का सामना तब करना पड़ा जब पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में आयोजित एक उच्च स्तरीय बहस के दौरान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर बोल रहे थे।

इस दौरान ख्वाजा ने एक नहीं, दो नहीं कुल सात बार अटक गए, जो कि सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गया। इतना ही नहीं इस बात को लेकर वे सोशल मीडिया पर खुब ट्रोल भी हो रहे हैं। बता दें कि ये बात तब की है जब यूएनएससी में ख्वाजा एआई को दोहरे उपयोग वाली तकनीक बताया। उन्होंने कहा कि यह जहां सामाजिक-आर्थिक तरक्की में मदद कर सकती है, वहीं इसके गलत उपयोग से असमानताएं बढ़ सकती हैं और वैश्विक शांति को खतरा हो सकता है। उन्होंने आगाह किया कि एआई के सैन्य इस्तेमाल को संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतर्राष्ट्रीय कानूनों के तहत पूरी तरह नियंत्रित किया जाना चाहिए। पाकिस्तानी नेता ने आगे इशारों-इशारों में भारत-पाकिस्तान संघर्ष को लेकर भी बातें कही। उन्होंने कहा कि हालिया भारत-पाकिस्तान संघर्ष के दौरान एक परमाणु संपन्न देश ने एआई आधारित हथियारों और क्रूज मिसाइलों का इस्तेमाल किया, जो एआई के सैन्य उपयोग के खतरे को दर्शाता है। इस दौरान आसिफ ने कहा कि ऐसी एआई तकनीकों का उपयोग, जिनमें मानव का कोई सक्रिय नियंत्रण न हो, प्रतिबंधित किया जाना चाहिए। उन्होंने खास तौर पर चेताया कि एआई आधारित हथियार और नियंत्रण प्रणालियां युद्ध की संभावनाओं को बढ़ा सकती हैं, जिससे फैसले लेने का समय कम हो जाएगा और कूटनीतिक प्रयासों का मौका घटेगा। गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पाकिस्तानी नेता ख्वाजा आसिफ ने एआई के खतरों को गंभीरता से उठाया, लेकिन उनका भाषण भाषाई गलतियों से भरपूर रहा।

# अभी भारत व बांग्लादेश के बीच समस्याएं: यूनुस

## मुख्य सलाहकार ने कहा: वो हमारे खिलाफ फेक न्यूज फैलाते और मुझे तालिबानी की तरह दिखाते हैं



■ यूनुस ने हसीना को कई युवाओं की हत्या का जिम्मेदार बताया

**वाशिंगटन।** बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने गुरुवार को न्यूयार्क में कहा कि अभी भारत और बांग्लादेश के बीच समस्याएं हैं, क्योंकि उन्हें छात्रों का काम पसंद नहीं आया। इसके अलावा वो पूर्व पीएम शेख हसीना की मेजबानी भी कर रहे हैं, जो हमारे देश में कई तरह के समस्याओं की कारण हैं।

यूनुस ने हसीना को कई युवाओं की हत्या की जिम्मेदार बताया। उन्होंने कहा कि इसी से भारत और बांग्लादेश के बीच तनाव पैदा हुआ है। भारत और बांग्लादेश के बीच संबंध अगस्त 2024 से खराब होना शुरू हुए, जब हसीना इस्तीफा देकर भारत आ गईं थीं। दरअसल, नौकरी कोटे में भेदभाव के बाद स्टूडेंट्स ने विरोध प्रदर्शन किया, जिसके चलते बांग्लादेश में तख्तापलट हुआ था। यूनुस ने भारत पर बांग्लादेश के खिलाफ फेक न्यूज फैलाने का भी आरोप लगाया। यूनुस ने दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संघ (एसएएआरसी) के बारे में बताते हुए कहा कि, एसएएआरसी का असल मतलब है, कि आप हमारे देश में इन्वेस्ट करे और हम आपके टेरिटरी में इन्वेस्ट करेंगे। एसएएआरसी ऐसे ही काम करता है। हम एक-दूसरे से बिजनेस के तौर पर जुड़े है। नेपाल अपने समुद्र के रास्ते से सामान इम्पोर्ट करता है, जिससे हम सभी को फायदा होता है। उन्होंने आगे कहाएसएएआरसी में हम सभी फैमिली की तरह हैं। एसएएआरसी का पूरा आइडिया ही बांग्लादेश की देन है, हमने इसे साउथ एशियन देशों में प्रमोट किया है। अब आप हमे इसका दुश्मन मान रहे हैं। यूनुस बोले कि एसएएआरसी में जितने भी देश हैं, वो एक दूसरे देश में घूमने जा सकते हैं, दोस्त बना सकते हैं, उन देशों के स्कूलों-कालेजों में पढ़ सकते हैं, बिजनेस कर सकते हैं। यहीं इसका पूरा आइडिया है। उन्होंने कहा कि ये 'एक देश की राजनीति में फिट नहीं बैठता' इसके लिए मुझे बुरा लगता है।

# प्रेसिडेंशियल वॉक ऑफ फेम में बाइडन की जगह लगा 'पेन' का फोटो

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने राष्ट्रपति निवास व्हाइट हाउस में एक नए 'प्रेसिडेंशियल वॉक ऑफ फेम' गैलरी अनावरण किया। इसमें अमेरिका के अब तक सभी राष्ट्रपतियों के छायाचित्र हैं लेकिन पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन का चित्र नहीं लगाया गया है। इस निवास के वेस्ट विग कोलोनेड में एक दीवार पर सुनहरे फ्रेम में प्रदर्शित ये छायाचित्र पहले राष्ट्रपति जॉर्ज वाशिंगटन से शुरू होते हैं और मौजूदा राष्ट्रपति ट्रम्प तक के हैं। लेकिन ट्रम्प के ठीक पूर्ववर्ती बाइडन का छायाचित्र नहीं लगा है बल्कि उस जगह पर हस्ताक्षर करते हुए एक ऑटोमेटिक पेन का फोटो लगाया गया है। गौरतलब है कि बाइडन के आलोचकों का आरोप है कि वे खुद सरकार का कामकाज नहीं चलाते थे और उनकी जगह कोई और ही अमेरिका की कमान संभाले हुए था। इसमें आगे यह भी कहा जाता है कि बाइडन केवल दस्तखत करते थे।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108